bob World

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
विजया VIJAYA | देना DENA

Azadi Ka Amrit Mahotsav

वार्षिक रिपोर्ट | ANNUAL REPORT

2021-22

आपकी दुनिया में हम हैं सदा आपके साथ

WE LIVE IN YOUR WORLD



विषयसूची

Index

विषय	पृष्ठ
अध्यक्ष का संदेश	07
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधकारी का वक्तव्य	11
निदेशकों की रिपोर्ट	16
कार्पोरट गवर्नेनन्स पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण–पत्र	86
कार्पोरेट गवर्नेन्स रिपोर्ट	88
एमडी व सीईओ द्वारा घोषणा	144
सचिवालीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	145
महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक	151
तुलन पत्र	154
लाभ व हानि खाता	155
महत्वपूर्ण लेखा नीतयां	166
नकदी–प्रवाह विवरण	263
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	265
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा	282
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	283
समेकित वित्तीय विवरणियां	284
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा – समेकित	368
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	369
लाभांश संवितरण नीति	370
नोटिस	376
हरित पहल – शेयरधारकों सेअपील	392

Contents	Page
Chairman's Statement	09
MD & CEO's Statement	14
Directors' Report	53
Auditors' Certificate on Corporate Governance	86
Corporate Governance Report	88
Declaration by MD & CEO	144
Secretarial Audit Report	148
Key Financial Indicators	151
Balance Sheet	154
Profit & Loss Account	155
Significant Accounting Policies	173
Cash Flow Statement	263
Auditors' Report	273
Declaration of Unmodified Opinion	282
CEO / CFO Certification	283
Consolidated Financial Statement	284
Declaration of Unmodified Opinion - Consolidated	368
CEO / CFO Certification	369
Dividend Distribution Policy	373
Notice	384
Green Initiative Appeal	392


नोट : शेयरधारक "व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट" और "बासेल-III प्रकटीकरण" को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर देख सकते हैं / डाउनलोड कर सकते हैं.

Note: The Shareholders can view / download "Business Responsibility Report" and "Basel–III Disclosures" from Bank's Website www.bankofbaroda.in

मोबाइल सुपर ऐप | Mobile SuperApp

bob World

WE LIVE IN YOUR WORLD



बैंक ऑफ़ बड़ौदा के लिए डिजिटल बैंकिंग अब ग्राहकों के लिए प्राथमिक इंटरफ़ेस बनता जा रहा है. मौजूदा डिजिटल चैनलों में ब्रिक और मोर्टार शाखाओं को छोड़कर मोबाइल बैंकिंग, भीम बड़ौदा पे, बड़ौदा कनेक्ट, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड, भीम आधार, एटीएम और कैश रिसाइकलर मशीन, सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर (एसएसपीबीपी), टैब बैंकिंग, इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी), भारत बिल भुगतान सेवाएं (बीबीपीएस), बड़ौदा फास्टैग, भारत क्यूआर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) शामिल हैं, इससे ग्राहकों के लेनदेन में सुगमता के साथ-साथ संतुष्टि स्तर में भी वृद्धि हुई है.

बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप का नवीकरण किया है. बॉब वर्ल्ड बैंक ऑफ़ बड़ौदा का अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म है जो मोबाइल बैंकिंग और लाइफस्टाइल फीचर्स से संबंधित सुविधाएं प्रदान करता है. यह बचत, उधार, निवेश के साथ-साथ यात्रा योजना, खरीदारी, होटल बुकिंग आदि सहित लाइफस्टाइल पेशकशों से संबंधित वित्तीय सेवाओं के लिए वन स्टॉप सोल्युशन है. इसे चुटकियों में ऑल-इन-वन ऐप के साथ घर से बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. यह ऐप उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्रदान करने हेतु लॉगिन करने और लेनदेन के लिए दोहरी पिन के साथ सुरक्षित है.

द इकोनॉमिक टाइम्स बीएफएसआई इनोवेशन ट्राइब अवार्ड्स के चौथे संस्करण में बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बॉबवर्ल्ड के लिए सर्वश्रेष्ठ डिजिटल बैंकिंग उत्पाद का पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अलावा, बैंक को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो एंड अवार्ड में लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक के रूप में सम्मानित किया गया है.

For Bank of Baroda, digital banking is now increasingly becoming the primary interface for customers. The existing digital channels include mobile banking, BHIM Baroda Pay, Baroda Connect, Debit Cards, Prepaid Cards, BHIM Aadhaar, ATM and Cash Recycler machines, Self Service Passbook Printers (SSPBP), TAB Banking, Internet Payment Gateway (IPG), Bharat Bill Payment Services (BBPS), Baroda FASTag, Bharat QR, Point of Sale (POS) apart from the brick and mortar branches. This has enhanced the customer's ease of transactions as well as satisfaction.

The Bank has revamped its mobile banking app. bobWorld is Bank of Baroda's state of art digital banking platform offering a suite of mobile banking and lifestyle features. It is a one stop solution for financial services related to savings, borrowing, investments as well as lifestyle offerings covering travel planning, shopping, hotel bookings etc. It is designed to offer Banking-from-home with the All-in-One App at your fingertips. The app is a secured with dual pin for login and transactions offering the highest level of safety.

Bank of Baroda was conferred the award for Best Digital Banking Product for bobWorld, at the 4th Edition of The Economic Times BFSI Innovation Tribe Awards. Further, the Bank has been recognized as the Best Technology Bank for the 2nd year in a row at Indian Banks' Association's (IBA) Annual Banking Technology Conference, Expo & Awards.

Azadi Ka Amrit Mahotsav

SAMUH SE SAMRIDDHI

FOR THOSE WHO HELP THEMSELVES

LOAN FOR SELF HELP GROUPS

LOAN PROVISION UP TO ₹20 LACS WITHOUT COLLATERAL AND MARGIN**

ATTRACTIVE RATE OF INTEREST AND PROVISION OF INTEREST SUBVENTION FOR WOMEN SHGs

EASY PROCESSING

NO HIDDEN CHARGES

TIE-UP WITH SRLM

*T&C Apply



Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana

Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana

बैंक समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी गरीबों को वहनीय लागत पर बैंकिंग सेवाओं की पेशकश प्रदान करता है. बैंक ने वित्तीय समावेशन को एक सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से व्यवसाय संग्रहीत करने के अवसर के रूप में भी लिया है. बैंक ने बैंक रहित क्षेत्रों को शामिल करते हुए पूरे देश में ग्रामीण, अर्ध शहरी और शहरी क्षेत्रों की आवश्यकता को पूरा करने हेतु 31 मार्च, 2022 तक अपने बीसी नेटवर्क को बढ़ाते हुए 16,018 बीसी से 39,338 बीसी कर दिया है. बीसी केंद्रों पर शुरू की गई नई सेवाओं में सेल्फ-सर्विस पासबुक की प्रिंटिंग, एनईएफटी, टीडी नवीकरण, कृषि के लिए ऑनलाइन लीड जनरेशन, एमएसएमई, रिटेल आस्तियां, क्रेडिट कार्ड एवं रिटेल देयताएं शामिल हैं. बैंक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) की बीसी सखी परियोजना को लागू करने वाली एजेंसियों में से एक है. मार्च 2022 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में बैंक की हिस्सेदारी पीएमजेडीवाई खातों में 15.60% और पीएमजेडीवाई खातों के तहत जमाराशियों में 17.42% रही.

The Bank offers banking services to all sections of the society especially to rural, semi-urban and urban poor at an affordable cost. Bank has taken financial inclusion as a social commitment and also an opportunity to tap business through Business Correspondent (BC) model. Bank expanded its BC network by an additional 16,018 BCs to 39,338 BCs as on March 31, 2022 to cater to rural, semi urban and urban areas across the country including the unbanked areas. The new services introduced at BC point includes printing of self-service pass books, NEFT, TD renewal, Online lead generation for Agri, MSME, Retail assets, Credit cards & Retail liabilities. The Bank is one of the implementing agencies of BC Sakhi project of Uttar Pradesh State Rural Livelihood Mission (UPSRLM). The Bank's share in PMJDY accounts and deposits under PMJDY accounts. amongst PSBs stood at 15.60% and 17.42% respectively for March 2022.

नैतिक आचरण - दीर्घकालिक विकास एवं स्थिरता की आधारशिला
Ethics – corner stone of long term Growth and Sustainability



नैतिक आचरण एवं मूल्य किसी भी संगठन के दीर्घकालिक विकास एवं स्थिरता के लिए आधारशिला का निर्माण करते हैं. ये बैंकिंग क्षेत्र में और भी अत्यधिक महत्व रखते हैं. सुव्यवस्थित नैतिक आचरण फ्रेमवर्क के जरिए कर्मचारी नियोजन, कार्य संतुष्टि, संगठनात्मक प्रतिबद्धता, ब्रांड इक्विटी एवं विश्वास को सुदृढ़ता से स्थापित किया जा सकता है.

इस दृष्टिकोण के साथ बैंक में व्यापक नैतिक आचरण संबंधी एजेंडा को लागू एवं अपनाए जाने के लिए कॉर्पोरेट नैतिकता विभाग की स्थापना की गई है. बैंक एक प्रभावशाली नैतिक संस्कृति विकसित करने की दिशा में प्रयासरत है, जिससे कर्मचारियों, ग्राहकों एवं अन्य हितधारक के साथ और बेहतर विश्वास स्थापित हो सके.

केंद्रीय विषयों के रूप में सभी स्तरों पर समावेश एवं सहयोग को अपनाने के लिए जेंडर, जाति, संवर्ग, भूगोल, कार्य, पीडब्ल्यूडी, खेल एवं पूर्व सैनिक जैसे विविध प्रतिनिधित्व सहित संपूर्ण कार्यबल और सभी क्षेत्रों की प्रतिभागिता के साथ शीर्ष स्तरीय नैतिक समिति का गठन किया गया है. बैंक द्वारा आचरण संहिता का अपनाया जाना नैतिक आचरण एजेंडा के संबंध में प्रमुख कदम है. संगठन में नैतिकता संबंधी सरोकारों एवं मामलों के समाधान के लिए संस्थागत व्यवस्था तैयार की गई है. इस संहिता के निर्माण में हितधारक केंद्रित दृष्टिकोण रखा गया है जिसमें अंतत: कर्मचारी ही इस संस्कृति के संवर्धन के अग्रदूत हैं. यह संहिता हितधारकों के साथ होने वाले संपर्क-व्यवहारों हेतु एक मार्गदर्शी फ्रेमवर्क उपलब्ध कराती है.

A well-defined ethics framework goes a long way in enhancing employee engagement, job satisfaction, organizational commitment, brand equity and trust.

With this view, Corporate Ethics department has been set up to drive the overall Ethics agenda for the Bank. Inclusiveness and collaboration are the central themes of the Ethic journey. The Bank endeavors to develop a strong ethical culture that leads to building of better trust with employees, customers and other stakeholders. An institutional mechanism for handling the ethical concerns and issues in the organization has been devised.

An Apex Level Ethics Committee has been formed from a cross section of workforce with diverse representations like gender, caste, cadre, geography, function, PWD, sports and ex-serviceman,. A major milestone of the Ethics Agenda would be the adoption of Code of Ethics which has strong alignment with our Core Values. The Code sets out a guiding framework for interactions with the stakeholders. The Code has been structured on stakeholders' based approach with the employees at the centre as the ultimate owners and drivers of the ethics culture.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा – "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में सम्मानित

Bank of Baroda recognised - "Great Place to Work"



बैंक अपने कर्मचारियों को सबसे मूल्यवान संपत्ति मानता है और इसके पास 79,000+ से अधिक कर्मचारी हैं. बुनियादी स्तर पर सभी गतिविधियों के मूल में "कर्मचारी" होते हैं जो प्रमुख व्यवसाय प्रवर्तक हैं. बैंक अपने मानव संसाधन को सुदृढ़ बनाने और उसे विकसित करने के लिए कर्मचारी संतुष्टि को बढ़ाने, कर्मचारियों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने, कर्मचारी नियोजन, कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं हितों की देखभाल करने तथा क्षमता निर्माण जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निरंतर कई पहलें करता रहा है.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बैंकिंग उद्योग में हमेशा से अपनी मानव संसाधन नीतियों और प्रक्रियाओं के लिए जाना जाता रहा है. वर्ष के दौरान, बैंक को 'ग्रेट एम्प्लॉयर्स प्रा. लिमिटेड' द्वारा "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में प्रमाणित किया गया है. यह दुनिया भर के संगठनों में कार्यस्थल संस्कृति की उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड सम्मान है. इस प्रमाणीकरण के साथ, बैंक ने देश में सर्वोत्तम और प्रगतिशील मानव संसाधन प्रक्रियाओं वाले संगठन के रूप में विशिष्ट पहचान बनाई है.

The Bank considers its employees as the most valuable asset and has a strength of over 79,000+ employees on its rolls. At a fundamental level, 'PEOPLE' are the key business enablers and at the core of all activities. The Bank has been continuously undertaking multiple initiatives for strengthening and developing its human resources through various activities to increase employee satisfaction, addressing the training needs of employees, employee engagement, taking care of health and wellness of the employees and capability building.

Bank of Baroda has always been recognized for its HR Policies and Practices in the industry. During the year, Bank has been certified as 'Great Place to Work' by 'Great Employers. Private Limited'. It is a gold standard recognition for recognizing work place culture in organizations around the globe. With this certification, Bank has also made a distinctive mark as an organization with best and progressive HR practices in the country.

लेखापरीक्षक / AUDITORS

दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
Dass Gupta & Associates
Chartered Accountants

आर देवेन्द्र कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
R Devendra Kumar & Associates
Chartered Accountants

जे काला एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
J Kala & Associates
Chartered Accountants

व्यास एंड व्यास
सनदी लेखाकार
Vyas & Vyas
Chartered Accountants

दस्सानी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
Dassani & Associates
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय
बड़ौदा भवन, अलकापुरी, वडोदरा 390 007

कॉर्पोरेट कार्यालय
बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक,
बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.),
मुंबई 400051

निवेशक सेवाएं विभाग
7वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर,
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.),
मुंबई 400051

रजिस्ट्रार एंड अंतरण एजेंट
केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड
(यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर बी, प्लाट नं. 31 व 32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली,
हैदराबाद 500032

डिबेंचर न्यासी
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,17, आर कमानी मार्ग,
बेलार्ड एस्टेट, मुंबई – 400 001
टेलीफोन: 022-40807000, ई-मेल: itsl@idbitrustee.com

केनरा बैंक
एफ एम एवं एस विंग, प्रधान कार्यालय नं. 112,
जे सी रोड, बेंगलुरु – 560002
टेलीफोन: 080-22223165/080-22223170
ई-मेल: hoett@canarabank.com;

कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लि.
जीडीए हाउस, प्लॉट नं. 85, भुसारी कॉलोनी (राइट),
पौड रोड, पुणे - 411 038
टेलीफोन: 020-2528 0081 ई-मेल: dt@ctltrustee.com

सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.
सेंट्रल बैंक – एमएमओ बिल्डिंग, तीसरा तल (पूर्व विंग)
55 एमजी रोड, फोर्ट, मुंबई 400001
टेलीफोन: 022- 2261 6217, फैक्स: (022) 2261 6208
ई-मेल: hv.kamdar@cfsl.in; md@cfsl.in

Head Office
Baroda Bhavan, Alkapuri, Vadodara 390 007

Corporate Office
Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400051

Investor Services Department
7th Floor, Baroda Corporate Centre,
C-26, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400051

Registrars & Transfer Agent
KFin Technologies Limited
(Unit: Bank of Baroda)
Selenium Building, Tower B, Plot Nos. 31 & 32,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally,
Hyderabad 500032

Debenture Trustees
IDBI Trusteeship Services Ltd.
Asian Building, Ground Floor, 17, R Kamani Marg,
Ballard Estate, Mumbai – 400001.
Tel: 022-40807000 E-mail: itsl@idbitrustee.com

Canara Bank
FM&S Wing, Head Office, No. 112,
JC Road, Bangalore – 560002.
Tel: 080-22223165/080-22223170
E-mail: hoett@canarabank.com;

Catalyst Trusteeship Ltd
GDA House, Plot No. 85, Bhusari Colony (Right),
Paud Road, Pune - 411 038
Tel: 020 - 2528 0081 E-mail: dt@ctltrustee.com

Centbank Financial Services Ltd
Central Bank - MMO Bldg, 3rd Floor (East Wing)
55 MG Road, Fort, Mumbai 400001
Tel: 022- 2261 6217, Fax: (022) 2261 6208
E-mail: hv.kamdar@cfsl.in; md@cfsl.in

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS



डॉ. हसमुख अढिया
गैर – कार्यकारी अध्यक्ष
Dr. Hasmukh Adhia
Non-Executive Chairman



श्री संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Shri Sanjiv Chadha
Managing Director & CEO



श्री अजय के. खुराना
कार्यपालक निदेशक
Shri Ajay K. Khurana
Executive Director



श्री विक्रमादित्य सिंह खीची
कार्यपालक निदेशक
Shri Vikramaditya Singh Khichi
Executive Director



श्री देबदत्त चाँद
कार्यपालक निदेशक
Shri Debadatta Chand
Executive Director



श्री जयदीप दत्ता राय
कार्यपालक निदेशक
Shri Joydeep Dutta Roy
Executive Director

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS



श्री अमित अग्रवाल
भारत सरकार के नामित निदेशक
Shri Amit Agrawal
GOI Nominee Director



श्रीमती पार्वती वी. सुंदरम
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
Smt. Parvathy V. Sundaram
RBI Nominee Director



श्री अजय सिंघल
गैर – कार्यकारी निदेशक
Shri Ajay Singhal
Non-Executive Director



श्रीमती सौंदरा कुमार
शेयरधारक निदेशक
Smt. Soundara Kumar
Shareholder Director



श्री श्रीनिवासन श्रीधर
शेयरधारक निदेशक
Shri Srinivasan Sridhar
Shareholder Director



श्री आलोक वाजपेयी
शेयरधारक निदेशक
Shri Alok Vajpeyi
Shareholder Director

सीवीओ	CVO
श्री प्रधान अशोक कुमार	MR. PRADHAN ASHOK KUMAR
मुख्य महाप्रबंधक / कार्यप्रमुख	**CGM/FUNCTIONAL HEADs**
श्री मल्होत्रा राजेश	MR. MALHOTRA RAJESH
श्री पुरुषोत्तम	MR. PURSHOTAM
श्री कुमार सुब्रत	MR. KUMAR SUBRAT
श्री राठी प्रकाश वीर	MR. RATHI PRAKASH VIR
श्री एम जगन मोहन	MR. M JAGAN MOHAN
श्री एलांगो बालासुब्रमण्यम	MR. ELANGO BALASUBRAMANIAM
श्री मुदलियार संजय विनायक	MR. MUDALIAR SANJAY VINAYAK
श्री चोपड़ा जेठा नंद	MR. CHOPRA JETHA NAND
श्री मल्लादी वेंकट मुरली कृष्णा	MR. MALLADI VENKAT MURALI KRISHNA
श्री डोभाल संजीव	MR. DOBHAL SANJEEV
श्री ग्रोवर संजय कुमार	MR. GROVER SANJAY KUMAR
श्री अजय के खोसला	MR. AJAY K KHOSLA
महाप्रबंधक-मुख्य समन्वय / महाप्रबंधक	**GM-CC/GMs**
सुश्री चक्रबर्ती डे जया	MS. CHAKRABORTY DE JAYA
श्री दिनेश पंत	MR. DINESH PANT
श्री नामदेव दिनेश कुमार - सीवीओ, आईएफसीआई (प्रतिनियुक्ति पर)	MR. NAMDEO DINESH KUMAR - CVO, IFCI (On Deputation)
श्री ए सुदर्शन एस	MR. A SUDARSAN S
श्री गुप्ता मन मोहन	MR. GUPTA MAN MOHAN
श्री देवराकोण्डा आनंद कुमार	MR. DEVARAKONDA ANANDA KUMAR
श्री रमेश गोपालरत्नम	MR. RAMESH GOPALARATNAM
श्री गुप्ता सर्वेश कुमार	MR. GUPTA SARVESH KUMAR
श्रीमती पांडे अर्चना	MRS. PANDEY ARCHANA
श्री एल श्रीधर इनुमेल्ला वी	MR. L SRIDHAR INUMELLA V
श्री दास तपन कुमार	MR. DAS TAPAN KUMAR
श्री वेणुगोपाल एन	MR. VENUGOPAL N
श्री पानेरी गजेन्द्र कुमार	MR. PANERI GAJENDRA KUMAR
श्री गग्गड़ रमेश चंद्र	MR. GAGGAR RAMESH CHANDRA
श्री गुप्ता अमर नाथ	MR. GUPTA AMAR NATH
श्री बेहरा नित्यानंद	MR. BEHERA NITYANANDA
श्री ग्रोवर देवेन्दर पाल	MR. GROVER DEVINDER PAL
श्री रंजन निशांत	MR. RANJAN NISHANT
श्री शर्मा प्रभात के	MR. SHARMA PRABHAT K
श्री सिंह शैलेन्द्र एच	MR. SINGH SHAILENDRA H
श्री चौधरी कमलेश कुमार	MR. CHOUDHARY KAMLESH KUMAR
श्री धीरेंद्र सेट्टीपल्ली	MR. DHEERENDRA SETTIPALLI

श्री नायक ए सुधाकर डी	**MR. NAYAK A SUDHAKARA D**
श्री महनोत महेन्द्र सिंह	**MR. MAHANOT MAHENDRA SINGH**
श्री श्रीजित कोट्टारातिल	**MR. SREEJITH KOTTARATHIL**
श्री के वेंकटेशन	**MR. K VENKATESAN**
श्री कुमार मधुर	**MR. KUMAR MADHUR**
सुश्री सम्मिता सचदेव	**MS. SAMMITA SACHDEVA**
श्री त्यागी ललित	**MR. TYAGI LALIT**
श्री कुमार अश्विनी	**MR. KUMAR ASHWINI**
श्री डालाकोटी गिरीश सी	**MR. DALAKOTI GIRISH C**
श्रीमती गायत्री आर	**MRS. GHAYATHRI R**
श्री सिंह ब्रजेश कुमार	**MR. SINGH BRAJESH KUMAR**
श्री सिंह सुधांशु कुमार	**MR. SINGH SUDHANSHU KUMAR**
श्री सीताराम बुलुसु सूर्या	**MR. SITARAM BULUSU SURYA**
सुश्री केनी सविता दत्तात्रेय	**MS. KENI SAVITA DATTATRAYA**
श्री खंडेलवाल वीरेंद्र कुमार	**MR. KHANDELWAL VIRENDRA KUMAR**
श्री बंसल महेश मिठूलाल	**MR. BANSAL MAHESH MITHOOLAL**
श्री डी दास	**MR. D DAS**
श्री सुशांत कुमार मोहंती	**MR. SUSHANTA KUMAR MOHANTY**
श्री सिंह इंदर मोहन	**MR. SINGH INDER MOHAN**
श्री सोलंकी हर्षदकुमार टी	**MR. SOLANKI HARSHADKUMAR T**
श्री शर्मा सुनील कुमार	**MR. SHARMA SUNIL KUMAR**
श्री भगोलीवाल संजय	**MR. BHAGOLIWAL SANJAY**
श्री चयानी मनोज सुंदर	**MR. CHAYANI MANOJ SUNDAR**
श्री शुक्ल सौरभ रविशंकर	**MR. SHUKLA SAURABH RAVISHANKAR**
श्री नेगी रवीन्द्र सिंह	**MR. NEGI RAVINDRA SINGH**
सुश्री शेट्टी सुजाया यू - सीवीओ, एसबीआई (प्रतिनियुक्ति पर)	**MS. SHETTY SUJAYA U - CVO, SBI (On Deputation)**
श्री राव सिद्देला प्रसाद	**MR. RAO SIDDELA PRASAD**
श्री कौरा मनीष	**MR. KAURA MANISH**
श्री मित्तल पंकज	**MR. MITTAL PANKAJ**
सुश्री एम मिनी टी	**MS. M MINI T**
श्री तुली अमित	**MR. TULI AMIT**
श्री शंकर आनंद	**MR. SHANKER ANAND**
श्री तुंगारिया जगदीश कुमार	**MR. TUNGARIA JAGDISH KUMAR**
श्रीमती कडगटूर शीतल वेंकटेशमूर्त	**MRS. KADGATOOR SHEETAL VENKATESMURT**
श्री नेगी विमल कुमार	**MR. NEGI VIMAL KUMAR**
श्री मुखर्जी अमिताव	**MR. MUKHERJEE AMITAVA**
श्री जक्कैया लालम	**MR. JAKKAIAH LALAM**
श्री कुमार राजीव	**MR. KUMAR RAJEEV**

श्री सरवनकुमार ए	**MR. SARAVANAKUMAR A**
श्री बसेठा विजय कुमार	**MR. BASETHA VIJAY KUMAR**
श्री एस रंगराजन	**MR. S RENGARAJAN**
श्री अग्रवाल रविंदर	**MR. AGGARWAL RAVINDER**
श्री पाई सुरेश	**MR. PAI SURESH**
श्रीमती बंदोपाध्याय स्वप्ना	**MRS. BANDOPADHAYA SWAPNA**
श्री सिंह राजेश कुमार	**MR. SINGH RAJESH KUMAR**
श्री संजीव	**MR. SANJEEV**
मुख्य वित्त अधिकारी	**CHIEF FINANCIAL OFFICER**
श्री डिसूजा इयान गेरार्ड	**MR. DESOUZA IAN GERARD**
मुख्य जोखिम अधिकारी	**CHIEF RISK OFFICER**
श्री एस अनंतरामन	**MR. S ANANTHARAMAN**
निदेशक मंडल के सचिव	**SECRETARY TO BOARD**
श्री आनंद डंगायच	**MR. ANAND DANGAICH**
कंपनी सचिव	**COMPANY SECRETARY**
श्री पी. के. अग्रवाल	**MR. P. K. AGARWAL**
अन्य कार्य प्रमुख	**OTHERS FUNCTIONAL HEADs**
श्री अखिल हांडा	**MR. AKHIL HANDA**
लेफ्टिनेंट जनरल सलारिया रणबीर सिंह	**LTGN SALARIA RANBIR SINGH**
श्री सबनवीस मदन	**MR. SABNAVIS MADAN**
श्री गिरीश पटनायक	**MR. GIRISH PATNAIK**
श्री भट्टाचार्य ध्रुबाशीष	**MR. BHATTACHARYA DHRUBASHISH**

अध्यक्ष का वक्तव्य



डॉ. हसमुख अढ़िया
अध्यक्ष

प्रिय हितधारकों,

मुझे आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2021-22 (वि.व. 2022) के दौरान बैंक द्वारा की गई प्रगति एवं इसके कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2021-22 की शुरुआत कोविड-19 की दूसरी लहर के साथ हुई और इसके प्रसार संबंधी अनिश्चितता ने पूरे विश्व में उच्च जोखिम की स्थिति उत्पन्न कर दी. विश्व भर में इस रूप बदलते वायरस के तीव्र प्रसार और विभिन्न देशों के लिए टीकों की असमान उपलब्धता ने संपूर्ण वैश्विक विकास की संभावनाओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया. हालांकि, टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अतिरिक्त नीतिगत आर्थिक प्रोत्साहन की दिशा में विभिन्न देशों द्वारा की गई पहलों ने चरणबद्ध तरीके से वैश्विक आर्थिक गतिविधियों को काफी हद तक सामान्य करने में मदद की. इस संबंध में भारत ने बहुत अच्छा कार्यनिष्पादन किया है जोकि सभी क्षेत्रों के सामान्य रूप से कार्य करने के कारण वित्त वर्ष 2022 में 8.7% की जीडीपी वृद्धि से परिलक्षित होता है.

अर्थव्यवस्था के लिए इस उच्च विकास की गति का श्रेय सरकार के प्रयासों को दिया जा सकता है, जिसने कमजोर वर्गों की जरूरतों को पूरा करते हुए यथावश्यक पीएलआई प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराते हुए एक अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया और राजकोषीय घाटे को लक्षित दर के अनुरूप बनाए रखा. इसके साथ ही पूंजीगत व्यय ने निजी क्षेत्र को निवेश के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान किया है. हम वित्त वर्ष 2023 में प्रवृत्ति के मजबूत होने के प्रति आश्वस्त हो सकते हैं.

जहां तक भारतीय अर्थव्यवस्था का संबंध है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में अर्थव्यवस्था के सभी प्रमुख क्षेत्रों में स्थितियां बेहतर हुई हैं. वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी में 20.3%, दूसरी तिमाही में 8.5%, तीसरी तिमाही में 5.4% और चौथी तिमाही में 4.1% की वृद्धि हुई है. देश की आर्थिक गतिविधियों में समग्र पुनरुत्थान को देखते हुए पूरे वर्ष (वित्त वर्ष 2022) के लिए सकल घरेलू उत्पाद वित्त वर्ष 2021 के दौरान (-)6.6% के संकुचन की तुलना में 8.7% दर्ज किया गया है. वित्त वर्ष 2022 में भारत की जीडीपी वृद्धि 8.7% रही जो सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसओपी) के 8.9% और आईएमएफ के 8.2% के अनुमानों के अनुरूप रही. सरकार और नियामकों द्वारा की जा रही सक्रिय पहलों के फलस्वरूप हम मानते हैं कि वित्त वर्ष 2023 में भी भारत की जीडीपी दर में वृद्धि जारी रहेगी और भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहेगा.

वर्ष के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने विकास पर ध्यान केंद्रित रखने के कारण अपरिवर्तित रेपो दर के साथ एक उदार मौद्रिक नीति बनाए रखी. भारतीय रिज़र्व बैंक ने महामारी और भू-राजनीतिक समस्याओं के कारण उत्पन्न स्थिति, जिसमें देश के वित्तीय क्षेत्र को प्रभावित करने की क्षमता है, से निपटने के लिए विभिन्न पहलें की हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक ने लिक्विडिटी संबंधी समस्या को कम करने, बाजार में विश्वास बहाल करने और वित्तीय बाजार के अन्य क्षेत्रों में संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाकर वित्तीय स्थिरता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. इन सभी ने वर्ष के दौरान बैंकिंग प्रणाली के अच्छी तरह से पूंजी संवर्धित होने से आस्तियों की गुणवत्ता में अत्यधिक सुधार सुनिश्चित किया है.

वित्त वर्ष 2022 के अंत में यूक्रेन में युद्ध ने वित्तीय अनिश्चितता को बढ़ा दिया है और चुनौतियों को समक्ष लाया है. भारत सरकार ने मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के साथ-साथ आपूर्ति में व्यवधान को कम करने के लिए सक्रियता से आवश्यक कदम उठाया है ताकि अर्थव्यवस्था में संतुलन सुनिश्चित किया जा सके.

सुरक्षित निवेश को अपनाने की ओर झुकाव के कारण जून 2020 के बाद से अमेरिकी डॉलर सूचकांक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचने के साथ फेडरल रिज़र्व की उच्च ब्याज दर की नीति और रूस-यूक्रेन के बीच बढ़े हुए तनाव के परिणामस्वरूप मुद्रा बाजार अत्यधिक अस्थिर हो गए हैं. यहां भी भारतीय रिज़र्व बैंक के त्वरित हस्तक्षेप और मार्गदर्शन ने निर्यात बाजार में रुपये की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखते हुए अस्थिरता पर अंकुश लगाना सुनिश्चित किया है.

इसके अलावा बढ़ती हुई तेल और कमोडिटी की कीमतें, युद्ध और प्रतिबंधों का लंबा चलना, लंबे समय तक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा मौद्रिक नीति में बदलाव से उत्पन्न वैश्विक वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव और देशों में कोविड-19 की नई लहरें ऐसे कारक हैं, जो बाजार की स्थिति को प्रभावित करेंगे.

अतः हम भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ हमारे बैंक में भी बाह्य अर्थव्यवस्था द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद निरंतर विकास के लिए मजबूत नींव विद्यमान होने के कारण वित्तीय वर्ष 2023 के लिए काफी सकारात्मक हैं. निजी क्षेत्र के निवेश चक्र के धीरे-धीरे गतिमान होने के कारण बैंकिंग क्षेत्र बेहतर व्यवसाय की उम्मीद कर सकता है. यह आपके बैंक के लिए शुभ संकेत है.

शेयरधारकों को लाभांश

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन दर्ज किया है. बैंक के प्रमुख व्यवसाय और लाभप्रदता मानकों में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2017 के बाद बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹ 2.85 का लाभांश प्रस्तावित किया है, जो बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति और बढ़ती लाभप्रदता का सूचक है.

भविष्य की बैंकिंग सुविधाएं वर्तमान में उपलब्ध कराने के प्रयास

आपका बैंक बैंकिंग उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से हमेशा प्रथम रहने हेतु प्रयासरत रहता है. बैंक ने अपने डिजिटल इंटरफेस पर बॉब वर्ल्ड जैसी नवोन्मेषी बैंकिंग सुविधाएं आरंभ की हैं. बॉब वर्ल्ड, बॉब-नाउ, डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म जैसी नवोन्मेषी पहलें यह सुनिश्चित करती हैं कि हमारे ग्राहक न केवल वर्तमान में उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त करें बल्कि भविष्य की कुछ बैंकिंग सुविधाओं से वर्तमान में ही लाभान्वित हों. हमारा डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म न केवल अत्याधुनिक है, बल्कि सभी जोखिम और सुरक्षात्मक सुविधाओं के साथ सुरक्षित भी है. हमें लगातार दूसरे वर्ष भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक' के रूप में सम्मानित किया गया है. बैंक को हमारे रिटेल और कॉर्पोरेट बैंकिंग ग्राहकों से काफी सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहे हैं. यह हमें उद्योग में हमेशा सर्वश्रेष्ठ और नवीनतम बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु और भी अधिक मेहनत करने की प्रेरणा प्रदान करता है.

आगे की राह

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बैंक का दृष्टिकोण सकारात्मक है. भारत सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अन्य निवेशों पर खर्च बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलें की हैं. निश्चित रूप से बैंक ऋण की मांग में वृद्धि के परिणामस्वरूप बैंकिंग उद्योग को लाभ होगा और बैंक ऑफ़ बड़ौदा इन विकासों का एक प्रमुख लाभार्थी होगा. बैंक ने यह साबित किया है कि यह परिवर्तन को अपनाने में समर्थ है और उभरती व्यापक आर्थिक स्थितियों के अनुरूप शीघ्रता से कार्य करने में भी सक्षम है. बैंक ने अपनी परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ किया है और अपनी सेवा प्रदान करने की क्षमता में वृद्धि की है. बैंक ने पारंपरिक शाखा बैंकिंग के साथ-साथ अपने मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए नवीनतम उत्पाद और सेवाएं प्रस्तुत कर 'फिजिटल' मॉडल को अपनाया है. बैंक का प्रमुख व्यावसायिक लक्ष्य और उद्देश्य बैंक के ब्रांड को समृद्ध करने के लिए नवीनतम तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए ग्राहक अनुकूल दृष्टिकोण के साथ एक स्थायी और लाभदायक व्यवसाय मॉडल बनाने पर केंद्रित हैं.

भविष्य में बैंक, समाज और हमारे सभी ग्राहकों की सेवा करना जारी रखेगा, राष्ट्र की प्रगति के लिए विभिन्न सरकारी पहलों का समर्थन करेगा और अपने हितधारकों के संतुष्टि स्तर को बढ़ाने के लिए अपनी उत्पादकता और लाभप्रदता को अधिकतम स्तर तक बढ़ाने के प्रयास करेगा.

मैं अपने शेयरधारकों सहित सभी हितधारकों, ग्राहकों द्वारा बैंक के प्रति निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद देता हूँ. मैं अपने सभी बड़ौदियन (कर्मचारियों) द्वारा की गई कड़ी मेहनत और उनके उत्साह विशेष रूप से महामारी के कठिन समय के दौरान, की प्रशंसा करता हूँ, जिससे हमारे ग्राहकों को निरंतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाना संभव हो सका. मैं भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य नियामकों को भी उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ. अंत में मैं विशेष रूप से निदेशक मंडल के सभी सदस्यों को उनके मूल्यवान अभिमत और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूँ और उनकी सराहना करता हूँ.

मुझे विश्वास है कि बैंक अपने व्यावसायिक लक्ष्यों और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा और बैंक से जुड़े होने पर आप सभी और अधिक गौरवान्वित महसूस करेंगे.



डॉ. हसमुख अढ़िया

अध्यक्ष

CHAIRMAN'S STATEMENT

Dear Stakeholders,

It gives me great pleasure to share with you the progress made by your Bank through this Annual Report and the general operating environment during 2021-22 (FY 2022).

FY2021-22 started with the second wave of Covid-19 and the uncertainty on its spread posed high risks across the globe. The faster spread of the mutated virus across the world and the unequal access to vaccine for countries severely affected the overall global growth prospects. However, the response of countries to the situation in terms of ensuring access to the vaccines and additional policy stimulus helped revive global economic activity to a great extent, though in a phased manner. India has done very well in this respect and this is manifested in the GDP growth of 8.7% in FY 2022 with all sectors operating in a normal manner.

The credit for this high growth trajectory for the economy may be attributed to the efforts of the Government which provided an enabling environment by providing incentives where required, like the PLI scheme while also addressing the needs of the weaker sections and yet maintaining the fiscal deficit at the targeted rate. At the same time the capex provided the necessary push for investment which had to pick up at the private sector end. We can be sanguine of this link being strengthened in FY23.

As far as the Indian Economy is concerned, the year 2021-22 witnessed overall revival across all major sectors in the economy. The GDP of the country expanded by 20.3% in Q1, 8.5% in Q2, 5.4% in Q3 and 4.1% in Q4 of FY 2022. The GDP for the full year (FY 2022) is marked at 8.7% as compared with a contraction of (-)6.6% during FY 2021, as a result of overall revival in the economic activity of the country. India's GDP growth at 8.7% for FY 2022 was in line with the estimates of Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) at 8.9% and the IMF estimates at 8.2%. With the proactive actions being taken by the government and regulators, we do believe that India's GDP rate will continue to grow in FY 2023 as well and India will still be one of the fastest growing economies in the world.

The RBI had maintained an accommodative monetary policy with unchanged repo rate through the year as the focus was on growth. The RBI has taken several measures to tackle the situation that has arisen due to the pandemic and due to the geopolitical problems which has the potential of affecting the country's financial sector. The Reserve Bank has given the highest priority to maintain financial stability by taking necessary steps to ease liquidity constraints, restore market confidence and prevent contagion to other segments of the financial market. All this has ensured that the banking system has become well capitalized with the quality of assets improving substantially during the year.



Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

Towards the end of FY 2022, the war in Ukraine has enhanced uncertainty and posed challenges. The Indian government has reacted proactively to curb inflation as well as reducing supply disruptions to ensure that the equilibrium is maintained in the economy.

Currency markets have turned highly volatile in response to a hawkish Fed and elevated Russia-Ukraine tensions with the US dollar index reaching its highest level since June 2020 due to a flight to safety syndrome. Here too prompt intervention and guidance by the RBI has ensured that volatility has been curbed without the rupee losing the competitive edge in the exports market.

Going forward, elevated oil and commodity prices, lingering war and sanctions, prolonged supply chain disruptions, global financial market volatility emanating from monetary policy shifts in major economies, and renewed waves of COVID-19 across countries are factors that will drive market sentiments.

We are, however, quite sanguine of FY23 notwithstanding the challenges being posed by the external economy as the strong foundations for sustained growth in the Indian economy as well as in your Bank are in place. The banking sector can see better business as the private sector investment cycle gradually turns around. This augurs well for your Bank.

Dividend to the Shareholders

Your Bank recorded an excellent performance during the Financial Year 2022. The major business and profitability parameters of the Bank have been improved significantly as compared with previous financial year.

I am happy to inform you that, after FY 2017, the Bank has proposed a dividend of ₹ 2.85 per share for the financial year ended 31st March 2022, which is a clear indication of Bank's strong financials and increasing profitability.

Striving to offer future banking today

Your Bank has always been striving to be the first in the industry to offer the best. The Bank has launched various unique banking features on its digital interfaces like bobWorld. The initiatives like bob World, BoB-NOWW, digital lending platform ensure that our customers are not only getting the best in the industry today but also elements of future banking today itself. Our digital banking platform is not only state of the art but is also safe with all risk and security features built in. We have been awarded as the 'Best Technology Bank' by the Indian Banks' Association (IBA) for the 2nd year in a row. The bank is getting a lot of positive responses from our retail as well as corporate banking customers for our digital products and services. This gives us a lot of motivation to work even harder to always offer the best and latest in the industry.

Looking ahead

The Bank has a positive outlook for the Financial Year 2022-23. The Government of India has come up with many initiatives for increasing spending on infrastructure projects and other investments to revive the economy. The banking industry of course would be benefited due to increase in the demand for bank credit and Bank of Baroda would be a key beneficiary of these developments. The Bank has shown that it is adaptable to change and has been able to respond quickly to the evolving macroeconomic conditions. The Bank has fine-tuned its operational capabilities and increased its delivery capacity. The Bank has adopted a 'PHYGITAL' model by offering the latest products and services using its strong digital platform along with conventional branch banking. The major business goals and objectives of the Bank are focused on creating a sustainable and profitable business model with a greater customer friendly approach adopting latest technological innovations to increase the brand name of the Bank.

Going forward, the Bank will continue to serve the society and all our customers, while supporting various Government initiatives for the progress of the Nation and maximizing our productivity and profitability to enhance the satisfaction of our stakeholders.

I sincerely thank all the stakeholders including shareholders, customers for their continued support and trust in our Bank. I would like to place on record my appreciation for all our Barodian (employees) for their hard work and enthusiasm shown, especially during the difficult time of the pandemic, which ensured continuous services to our customers. I also express my sincere thanks to the Government of India, the Reserve Bank of India and other regulators for their support and guidance. Last but not the least is to place on record my thanks and appreciation to all the Board members for their valuable inputs and guidance.

I am confident that the Bank will remain committed to achieve its business goals and social commitments and make you all more proud of being associated with the Bank.



Dr. Hasmukh Adhia
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य



संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय हितधारको,

वित्त वर्ष के दौरान बैंक के कार्यनिष्पादन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है.

वित्त वर्ष 2022 आपके बैंक के लिए अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार तथा समामेलन पश्चात के समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप हुए मजबूत व्यवसाय विकास और रिकॉर्ड स्तर पर लाभ अर्जन के कारण एक बेहतरीन वर्ष रहा है. इस दौरान विशेषकर पहली तिमाही में कई चुनौतियां भी सामने आईं जब कोविड के दूसरे दौर ने स्टाफ-सदस्यों के स्वास्थ्य के साथ-साथ बैंक व्यवसाय को गंभीर रूप से प्रभावित किया परंतु आपके बैंक ने इन चुनौतियों का डट कर सामना किया और इन पर जीत हासिल करते हुए वर्ष की समाप्ति मजबूत प्रदर्शन के साथ की. मैं अपने कोविड वॉरियर स्टाफ-सदस्यों का सदा ऋणी रहूंगा जिन्होंने इस दौरान निःस्वार्थ भाव और पूरे समर्पण के साथ अपनी सेवाएं जारी रखीं. इन चुनौतियों के बीच आपके बैंक ने एक दूरगामी रूपांतरण यात्रा की शुरूआत की ताकि कोविड पश्चात् के विश्व में अपने कार्य और ग्राहक जुड़ाव के नए तरीके इज़ाद किए जा सकें.

वित्तीय कार्यनिष्पादन

विवेकपूर्ण देयता प्रबंधन

बैंकिंग व्यवस्था में अतिरिक्त नकदी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने कासा और जमा संविभाग की गुणवत्ता को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित किया है. इस प्रकार, मार्जिन के इष्टतम उपयोग के लिए संपूर्ण जमा वृद्धि 8.2% रही जोकि ऋण वृद्धि के लगभग अनुरूप थी, घरेलू कासा जमा में 11.4% की तीव्र वृद्धि दर्ज हुई, जिससे घरेलू कासा अनुपात 137 बीपीएस के साथ बढ़ते हुए 44.24% हो गया जोकि उद्योग जगत के सर्वश्रेष्ठों में से एक रहा.

सुनियोजित अग्रिम वृद्धि

इसी प्रकार, अग्रिम वृद्धि भी उन क्षेत्रों पर केंद्रित रही जिन्होंने ऋण गुणवत्ता और मार्जिन के बीच श्रेष्ठ संतुलन प्रदान किया. हालांकि ऋण बही में समग्र वृद्धि 8.9% रही, खुदरा पोर्टफोलियो में ऑर्गेनिक वृद्धि जो कि ऋण चक्रों के दौरान सुदृढ़ बनी हुई है, उद्योग की वृद्धि दर से काफी अधिक अर्थात् 16.8% के उच्च स्तर पर रही. खुदरा क्षेत्र के अंतर्गत वाहन ऋण में 19.5%, गृह ऋण में 11.3% और शिक्षा ऋण में 16.7% की हुई ऑर्गेनिक वृद्धि उद्योग स्तर से अधिक रही है. डिजिटल क्षेत्र में बैंक द्वारा की गई प्रगति, जिसकी विस्तृत चर्चा मैं बाद में करूंगा, ने आपके बैंक को नए व्यावसायिक क्षेत्रों को लक्षित करने में सक्षम बनाया जिसका सबसे अच्छा उदाहरण वैयक्तिक ऋण पोर्टफोलियो रहा जिसमें वर्ष के दौरान 100% वृद्धि हुई है. कृषि ऋणों में वृद्धि भी 10.3% के साथ उद्योग की औसत वृद्धि से अधिक रही जिसमें एक बड़ा हिस्सा सोने के एवज में लिए गए ऋणों का था. कोविड से संबंधित व्यवधान से एमएसएमई क्षेत्र काफी प्रभावित रहा परंतु सरकार द्वारा समर्थित आपातकालीन क्रेडिट गारंटी लिंक्ड योजना के माध्यम से समय पर मिली सहायता ने चुनौतियों को कम करने में सहयोग प्रदान किया. व्यापक अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ ऑर्गेनिक एमएसएमई पोर्टफोलियो में वर्ष की अंतिम अवधि में काफी वृद्धि हुई और 5.4% की पिछली वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि की तुलना में इस वर्ष हम तेज वृद्धि की अपेक्षा रखते हैं.

कॉर्पोरेट क्षेत्र में वृद्धि अनेक कारकों, डिलीवरेजिंग, बॉन्ड द्वारा बैंक वित्त का प्रतिस्थापन, साथ ही अधिशेष तरलता जिसने अच्छी रेटिंग वाले उधारकर्ताओं के लिए मूल्य निर्धारण को उस स्तर तक पहुंचाया जिससे जोखिम का गलत आकलन हुआ; से प्रभावित हुई. आपके बैंक ने ऋण अनुशासन से समझौता नहीं किया और अपने अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क द्वारा प्रदान की गई अनूठी अनुकूलता का पूरी तरह से लाभ उठाया. परिणामस्वरूप, मार्जिन की सुरक्षा के लिए घरेलू कॉर्पोरेट क्षेत्र में हमने भले ही 3.1% तक की ही वृद्धि की, पर अंतर्राष्ट्रीय कॉर्पोरेट ऋण बही में 21% की वृद्धि ने हमारी वृद्धि और लाभप्रदता की दोहरी आवश्यकताओं को संतुलित करने में सहायता पहुंचाई.

आस्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार

कोविड के उतार-चढ़ाव के बावजूद आस्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ जो आस्ति की गुणवत्ता में सेक्यूलर वृद्धि को रेखांकित करता है. सकल एनपीए वित्त वर्ष 2021 के 8.87% से 226 बीपीएस की गिरावट के साथ वित्त वर्ष 2022 में 6.61% हो गया है. इस अवधि में निवल एनपीए में भी 137 बीपीएस की गिरावट आई है. एनपीए में नई वृद्धि को भी रोका गया तथा स्लिपेज अनुपात वित्त वर्ष 21 के 2.71% से कम होकर वित्त वर्ष 22 में 1.61% रह गया है. संग्रह दक्षता पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि सुधार में निरंतरता बनी रहे और अतिदेय ऋणों को सक्रिय रूप से प्रबंधित किया जा सके. परिणामस्वरूप, सीआरआईएलसी में की गई रिपोर्ट के अनुसार मानक अग्रिमों में एसएमए1 और एसएमए2 की प्रतिशत हिस्सेदारी मार्च 2021 के 3.23% से गिरकर

मार्च 2022 में 0.44% रह गयी. प्रावधान के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण ने कवरेज को पिछले वर्ष के 81.80% के सापेक्ष 88.71% के बेहतर स्तर पर पहुंचाया जो भविष्य में किसी भी दबाव को सहन करने की बैंक की सुदृढ़ क्षमता को दर्शाता है.

सुदृढ़ आय

अनुशासित और सुनियोजित आस्ति एवं देयता वृद्धि की रणनीति के परिणामस्वरूप बैंक के आय मानदंडों में तेजी से सुधार हुआ है. ब्याज व्यय में तेज गिरावट के कारण निवल ब्याज आय में 13.2% की वृद्धि हुई. जहां परिचालनगत लाभ में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहीं आस्ति की गुणवत्ता में सुधार के कारण समग्र प्रावधानों में 16.9% की गिरावट तथा मार्च 2021 में बैंक के न्यून कर व्यवस्था से जुड़ने के कारण कर प्रावधानों में 55.3% की गिरावट के फलस्वरूप कर पश्चात लाभ (पीएटी) में रु.7272 करोड़ के साथ लगभग 9x गुना वृद्धि हुई.

सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता

प्रतिधारित आय और सफल क्यूआईपी, जिसने बड़े निवेशकों को आकर्षित किया और जिसे काफी अंशदान मिला, के माध्यम से इक्विटी निवेश के कारण मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार स्टैंडअलोन आधार पर बैंक की पूंजीगत स्थिति 15.84% पर सुदृढ़ रही जिसमें सीईटी-1 11.59% रहा. समेकित स्तर पर पूंजीगत स्थिति 16.33% और CET-1 12.20% पर पहुंच गई है. वर्ष के दौरान बैंक ने कम दरों पर एटी-1 बांड के माध्यम से रू. 2,749 करोड़ भी संगृहीत किए जो बैंक के बेहतर होते प्रोफ़ाइल को प्रदर्शित करता है.

वित्तीय कार्यनिष्पादन के अतिरिक्त आपके बैंक ने दूरगामी परिवर्तनों की शुरुआत की है जो आने वाले वर्षों में बैंक की विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होंगे.

प्रौद्योगिकी, डिजिटलीकरण और बैंकिंग के नए तरीके

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक

आपके बैंक ने कई वर्षों से लगातार तकनीक में निवेश पर अत्यधिक जोर दिया है और बैंक को आईबीए की वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कारों के अंतर्गत लगातार दूसरी बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक के रूप में सम्मानित किया गया है.

डिजिटल माध्यम से ग्राहकों का सशक्तीकरण

आपका बैंक यह मानता है कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण माध्यम है और प्रौद्योगिकी का प्राथमिक उद्देश्य ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना है. आपके बैंक ने 'बॉबवर्ल्ड', जो एक वित्तीय सुपर ऐप है और जो न केवल जमा और ऋण जैसी बैंकिंग गतिविधियों को बल्कि निवेश और खरीदारी को भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है, के शुभारंभ के माध्यम से एक स्वयं समर्थ डिजिटल बैंक की पेशकश करते हुए डिजिटलीकरण प्रक्रिया को एक नई गति प्रदान की है. ई-कॉमर्स कंपनियों के सहयोग से उपलब्ध कराई गई सेवाओं में ऑनलाइन शॉपिंग, यात्रा योजना और यात्रा बुकिंग शामिल हैं. इस चैनल के माध्यम से लेन-देन करने वाले सक्रिय ग्राहकों की संख्या दोगुनी होकर लगभग 20 मिलियन हो गई है. इंटरफ़ेस और अनुभव की गुणवत्ता के लिए ग्राहकों द्वारा दी गयी उच्च रेटिंग के कारण बॉबवर्ल्ड को द इकोनॉमिक टाइम्स बीएफएसआई इनोवेशन ट्राइब अवार्ड्स के चौथे संस्करण में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल बैंकिंग उत्पाद का पुरस्कार प्रदान किया गया.

डिजिटल लेंडिंग - त्वरीत, ग्राहक अनुकूल एवं निर्बाध

ऋण देने की प्रक्रिया के डिजिटाइजेशन ने ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाया है और बैंक को कई अन्य लाभ प्रदान करते हुए बैंक की अधिग्रहण लागत को कम किया है. ऋण देने की प्रक्रिया को डिजिटाइज़ करने के लिए बैंक के पास एक विनिर्दिष्ट प्लेटफ़ॉर्म है जो उधारकर्ता को न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण के साथ कुछ ही क्लिक में लीड जनरेशन, स्वीकृति से लेकर संवितरण तक की एंड-टू-एंड ऋण प्रक्रिया को पूरा करने की सुविधा देता है. साथ ही अपने घर/कार्यालय से अपनी सुविधानुसार संपर्क रहित और कागज रहित प्रक्रिया अपनाने के कारण उन्हें बैंक की शाखा में जाने की आवश्यकता भी नहीं होती. बैंक के इन प्रयासों को सरकार द्वारा सराहा गया है और बैंक ऑफ़ बड़ौदा को भारत सरकार के ईएएसई इंडेक्स 3.0 के तहत डिजिटल लेंडिंग के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है साथ ही ईएएसई इंडेक्स 4.0 के तहत वित्त वर्ष 22 की पहली तीन तिमाहियों के लिए अब तक घोषित परिणामों के अनुसार बैंक ऑफ़ बड़ौदा को समग्र रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है.

वर्तमान में, डिजिटल लेंडिंग के अंतर्गत रिटेल बैंकिंग, एमएसएमई और कृषि ऋण की सुविधाएं उपलब्ध हैं. रिटेल ऋण क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक के वैयक्तिक ऋण के लिए आवेदन से लेकर मंजूरी तक और संवितरण के लिए एंड टू एंड एसटीपी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है जिसके लिए पूरी तरह से डिजिटल मेट्रिक्स का उपयोग किया जा रहा है. ग्राहक के संव्यवहार और खाते की जानकारी के आधार पर पेशकशों को और बेहतर बनाने के लिए एनालिटिक्स का उपयोग किया जा रहा है. बैंक पूर्व अनुमोदित दो-पहिया ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, पूर्व अनुमोदित परियोजनाओं के लिए गृह ऋण और होम लोन टॉप-अप ऋण के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल प्रक्रिया को व्यापक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए, बैंक ने छोटे-छोटे एमएसएमई ऋणों की नवीनीकरण प्रक्रिया का डिजिटलीकरण किया है जिससे परिचालन दक्षता, प्रक्रिया मानकीकरण और बेहतर निगरानी में मदद मिली है. रु.10 लाख तक के मुद्रा ऋण को स्ट्रेट थ्रू प्रोसेस प्रक्रिया का उपयोग करके डिजिटल रूप से प्रोसेस किया जाता है. कृषि सेगमेंट में बैंक ने किसानों को स्वर्ण ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक डिजिटल प्रक्रिया शुरू की है और बैंक उन चुनिंदा राज्यों में बीकेसीसी के लिए एक एसटीपी डिजिटल प्रक्रिया पर काम कर रहा है जहां कृषि भूमि रिकॉर्ड का तेजी से डिजिटाजेशन हो रहा है. इस प्रक्रिया में भूमि रिकॉर्ड प्राप्त करने और कृषि डेटा का जोखिम विश्लेषण करने के लिए एग्रीटेक के साथ एकीकरण भी शामिल है.

संवहनीय विकास

संवहनीय विकास संगठन के दीर्घकालिक रूप से अस्तित्व में बने रहने का मूल आधार होता है. संवहनीय विकास में नैतिकता और मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए बैंक ने कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों का विश्वास बढ़ाने और एक मजबूत नैतिक संस्कृति विकसित करने के लिए कॉर्पोरेट नैतिकता विभाग की स्थापना की है. बैंक का यह प्रयास है कि अपनी समग्र मूल्य श्रृंखला में, कार्यशैली में और कर्मचारियों, ग्राहकों, वेंडरों और नियामकों आदि सहित सभी हितधारकों के साथ अपने

सभी व्यवहारों में नैतिकता को केंद्र में बनाए रखा जाए और समग्र रूप से समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान दिया जाए.


बैंक की इस संपूर्ण नैतिक यात्रा के केंद्रीय विषय के रूप में समावेशिता और सहयोग को परिलक्षित करते हुए कामगारों के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधित्व के साथ एक शीर्ष स्तरीय नैतिक आचरण समिति का गठन भी किया गया है.

निष्कर्ष

आपका बैंक परिचालन और वित्तीय कार्यनिष्पादन दोनों ही दृष्टियों से सुदृढ़ स्थिति में है और भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायक और सभी हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है.

हमारे सभी प्रयासों में प्रबंधन को अमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और सुझाव प्रदान करने के लिए मैं निदेशक मंडल के अध्यक्ष डॉ. हसमुख अढ़िया और निदेशक मंडल के सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं. मैं समय-समय पर सहयोग और समर्थन प्रदान करने के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक को भी धन्यवाद देता हूं.

भारतीय बैंकिंग उद्योग में बैंक ऑफ बड़ौदा की सुदृढ़ पहचान बनाने के लिए मैं अपने सभी कर्मचारियों के प्रयासों, उनके समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं और इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं. मैं अपने सभी ग्राहकों को उनके निरंतर संरक्षण और हमारे बैंक पर विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूं. हम उत्कृष्टता की अपनी इस अविराम यात्रा में अपने सभी सम्मानित शेयरधारकों से उनके निरंतर समर्थन और सद्भावना की कामना करते हैं.



संजीव चड्ढा

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

MD & CEO'S STATEMENT



Sanjiv Chadha
Managing Director and CEO

Dear Stakeholders,

I am pleased to present before you the highlights of the Bank's performance during the financial year.

FY2022 has been a standout year for your Bank as the broad-based economic recovery combined with the realisation of post-merger synergies contributed to robust business growth and record profits. There were many challenges, particularly in the first quarter when the second wave of Covid took a heavy toll on staff well being as well as business but exhibiting tremendous resilience your Bank overcame these challenges to end the year on a strong note. I remain indebted to our staff members, our covid warriors, for their selfless and dedicated services during this period. In the midst of these challenges, your Bank also initiated a far-reaching transformation agenda to prepare for new ways of working and customer engagement in the post covid world.

Financial Performance

Prudent liability management

Conscious of the surplus liquidity in the system, your Bank focused on improving the CASA franchise and the quality of deposit franchise. Thus, while overall deposit growth at 8.2% was closely aligned to advances growth to optimise margins, the domestic CASA deposits grew significantly faster at 11.4%, pushing up the domestic CASA ratio by 137 bps to 44.24%, a record high and in line with the best in the industry.

Focused Advances growth

Similarly, advances growth was also focused on categories that afforded the best balance between credit quality and margins. While the loan book overall grew by 8.9% the organic growth in the Retail portfolio, which has remained resilient through credit cycles, was as high as 16.8%, well above the industry growth rate. Within Retail, organically the growth of Auto loans at 19.5%, Home loans at 11.3% and Education loans at 16.7% have all been above industry. The strides made by the Bank in the digital space, which I shall dwell upon in detail subsequently, enabled your Bank to target new business segments of which the personal loan portfolio was the best example which grew 100% during the year. Agriculture growth too was above industry at 10.3% of which a substantial proportion came from loans secured by gold. While the MSME segment was significantly impacted by Covid related disruption, timely assistance through the government supported Emergency Credit Guarantee Linked Scheme helped mitigate the challenges. As the broader economy has recovered, the organic MSME portfolio has also grown strongly in the latter part of the year and this year should see significantly faster growth as compared to the 5.4% YoY growth we have witnessed.

Growth in the corporate segment was impacted by multiple factors, deleveraging, substitution of bank finance by bonds, as well as surplus liquidity which pushed pricing for well rated borrowers to levels where risk was getting mispriced. Your Bank ensured that lending discipline was not compromised and fully leveraged the unique flexibility afforded by our international network. As a result, even though we limited growth in the domestic corporate segment to 3.1% to protect margins, the 21% growth in the international corporate loan book, helped balance the twin imperatives of growth and profitability.

Secular improvement in Asset Quality

That asset quality improved progressively despite vicissitudes of Covid underlines the secular improvement in asset quality that has been set in train. Gross NPAs declined 226 bps from 8.87% as of FY21 to 6.61% as of FY22. Net NPAs too declined by 137 bps over the same period. The fresh accretion to NPAs too was arrested and the slippage ratio declined from 2.71% in FY21 to 1.61% for FY22. Collection efficiency received special attention to ensure that the improvement was sustainable and overdue loans were proactively managed. In consequence, the percentage share of SMA1 and SMA2 in standard advances, as reported in CRILC, declined from 3.23% as of March 2021 to 0.44% as of March 2022. A proactive approach to provisioning helped coverage to improve as to 88.71% as against 81.80% in the previous year, indicating a strong capacity to absorb any stress in future.

Strong Earnings

The disciplined and targeted asset and liability growth strategy resulted in a sharp improvement in the earnings parameters of the Bank. The net interest income grew by 13.2% driven by sharp decline in interest expenses. While operating profit grew by 5.6%, growth in profit after tax (PAT) was almost 9x times at Rs 7272 crore due to a decline in overall provisions

by 16.9% on account of improving asset quality and decline in tax provisions by 55.3% as the Bank moved to the lower tax regime in March 2021.

Robust Capital Adequacy

The Banks capital position as of March 2022 has been robust at 15.84%, with CET-1 at 11.59% on a standalone basis on account of retained earnings and equity infusion through a successful QIP which attracted marquee investors and was heavily subscribed. The capital position at a consolidated level touched 16.33% and CET-1 at 12.20%. During the year, the Bank also raised Rs 2,749 crore through AT-1 bonds at rates that reflected the improving profile of the Bank.

Apart from financial performance, your Bank also instituted far reaching changes which will be instrumental in propelling the growth story of the Bank in the coming years.

Technology, Digitisation and the new ways of Banking

Best Technology Bank of the Year

Your Bank has placed a strong emphasis on investment in technology through the years and was recognised as the Best Technology Bank of the Year by IBA Annual Banking Technology Awards for the second year in a row.

Empowering the Customer through Digital

Your Bank recognises that technology is the means to an end and the primary purpose of technology is the enrichment of customer experience.Your Bank sought to propel the digitisation process to a new trajectory by offering a self-contained Digital Bank through the rollout of 'bobWorld' which is a financial superApp enabling not only banking activities like deposits and loans but also investment and shopping, all in one place. Services made available in collaboration with e-commerce companies, include online shopping, travel planning and travel booking. Active customers transacting through this channel doubled to nearly 20 million. Highly rated by customers for the quality of interface and experience, bobWorld was conferred the award for Best Digital Banking Product at the 4th Edition of The Economic Times BFSI Innovation Tribe Awards.

Digital Lending – fast, customer-friendly and hassle free

Digitisation of the lending process has enhanced the customer experience greatly and reduced the cost of acquisition for the Bank while offering a number of other benefits for the Bank. To digitise the lending process, the Bank has a dedicated platform empowering the borrower to complete the end-to-end loan process from lead generation, sanction, to disbursement in a few clicks with minimal documentation. The contactless and paperless process from the convenience of their homes/ office eliminates the need to physically visit the Bank's branch. These efforts of the Bank have been recognized by the Government as Bank of Baroda has been ranked 1st for Digital Lending by Government of India's EASE Index 3.0 as well as and overall 1st rank for the first three quarters of FY 22 under EASE Index 4.0 for which results have been announced so far.

Currently, Digital lending covers Retail banking, MSME and Agriculture loans. In the Retail loans space, end to end STP process from application to sanction and to disbursement for Personal Loan up to Rs 10 lakh is now operational using fully digital metrics. Analytics are being used to fine tune offerings based on the customer behaviour and account information. The Bank is in the process of widening the end-to-end digital journeys to pre-approved Two-wheeler loans, Auto Loans, Education Loans, Home Loans for pre-approved projects and Home Loan Top-Up Loans. For MSME borrowers, the Bank has digitized the renewal process of small ticket MSME loans bringing in significant benefits in terms of operational efficiency, process standardization and better monitoring. Mudra loans are processed digitally using the straight through process journey for loans up to 10 lakh. In the Agri segment, Bank has introduced a digital journey for Gold Loans to farmers and also the Bank is working on a STP digital journey for BKCC in selected states which are having progressive digitization of agriculture land records. The journey involves integration with Agritech's for fetching of land records and doing the risk analysis of the farm data.

Sustainable Development

Sustainable development is a cornerstone for long-term survival of the organization. Recognising the role played by the ethics and values in sustainability, the Bank has created a Corporate Ethics function for developing a strong ethical culture to build trust with employees, customers and other stakeholders. The endeavour of the Bank is to put ethics at the centre of all its practices across the entire value chain and in all its dealings with stakeholders including employees, customers, vendors, regulators, etc., and actively contribute to the social and economic development of communities at large.

An Apex Level Ethics Committee has also been set up with with representation from diverse sections of the workforce reflecting inclusiveness and collaboration as a central theme for this whole ethics journey in the Bank.

In conclusion

Your Bank is now on a firm footing in terms of both operational and financial performance and is well positioned to support the growth aspirations of the Indian economy and fulfill the expectations of all stakeholders.

I would like to acknowledge and thank the Chairman of the Board, Dr. Hasmukh Adhia and all the members of the Board for their valuable support, guidance and inputs to the management in all our endeavours. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and the Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time.

I also acknowledge and thank all our employees for their hard work, dedication and commitment in making Bank of Baroda a force to reckon with in the Indian Banking Industry. I would like to deeply thank all our Customers for their continued patronage and trust in our Bank. And to all our esteemed shareholders, we look forward to your continued support and goodwill as we march ahead in our quest for excellence.



Sanjiv Chadha
Managing Director and CEO

निदेशकों की रिपोर्ट

''आपके निदेशकगण बैंक की एक सौ चौदहवीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष (वित्त वर्ष 2022) के लिए लेखा-परीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा व्यवसाय और परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं''.

वित्तीय कार्यनिष्पादन

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष
जमा राशियां	9,66,996.93	10,45,938.56
जिसमें से - अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां	1,08,583.81	1,18,927.99
घरेलू जमा राशियां	8,58,413.12	9,27,010.57
जिसमें से - चालू खाता जमा राशियां	61,609.03	68,779.64
बचत बैंक जमा राशियां	3,06,418.54	3,41,343.27
कासा जमा राशियां	3,68,027.57	4,10,122.92
घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)	42.87	44.24
निवल अग्रिम	7,06,300.51	7,77,155.18
जिसमें से - घरेलू अग्रिम	6,05,615.80	6,53,381.55
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	1,00,684.71	1,23,773.63
कुल आस्तियां	11,55,364.77	12,77,999.83
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	28,809.02	32,621.34
अन्य आय	12,933.97	11,483.95
जिसमें से - व्यापारिक अभिलाभ	3,375.97	2,728.76
एनआईआई + अन्य आय	41,742.99	44,105.29
परिचालनगत व्यय	20,543.66	21,716.44
परिचालनगत लाभ	21,199.34	22,388.85
प्रावधान (कर के अलावा)	15,643.33	13,002.41
जिसमें से - एनपीए व बट्टाकृत अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	12,407.71	14,640.12
कर पूर्व लाभ	5,556.00	9,386.44
कर हेतु प्रावधान	4,727.05	2,114.16
निवल लाभ	828.95	7,272.28
विनियोजन / अंतरण		
सांविधिक प्रारक्षित निधि	207.22	1,814.34
पूंजी प्रारक्षित निधि	676.90	523.35
राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि		
I) सामान्य प्रारक्षित निधि	-341.79	827.40
II) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (I) (viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि	286.56	250.00
III) निवेश प्रारक्षित खाता	0.00	0.00
IV) निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि		2,368.42
V) सांविधिक प्रारक्षित निधि (विदेशी)	0.06	14.93
प्रस्तावित लाभांश	0.00	1,473.84

(₹ करोड़ में)

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	वित्त वर्ष 2021	वित्त वर्ष 2022
निधियों की औसत लागत (%)	4.11	3.64
निधियों पर औसत आय (%)	6.62	6.49
औसत ब्याज अर्जक आस्तियां	10,64,844	10,77,177
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं	10,14,762	10,24,804
निवल ब्याज मार्जिन (%)	2.71	3.03
लागत-आय अनुपात (%)	49.22	49.24
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	0.07	0.60
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	1.50	11.82
प्रति शेयर बही मूल्य (रुपये)	106.72	118.97
मूल ईपीएस (रुपये)	1.78	14.06

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹10,45,939 करोड़ हो गई जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹9,66,997 करोड़ थी, जिससे वर्ष दर वर्ष आधार पर 8.2% की वृद्धि दर्ज की गई. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का घरेलू कासा वर्ष दर वर्ष आधार पर 11.4% की वृद्धि के साथ ₹4,10,123 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया. घरेलू जमा राशियों में भी वर्ष दर वर्ष आधार पर 8% की वृद्धि हुई जो वित्त वर्ष 2022 के दौरान बढ़कर ₹9,27,011 करोड़ हो गई. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का निवल अग्रिम बढ़कर ₹7,77,155 करोड़ हो गया जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹7,06,301 करोड़ था, इस प्रकार इस अवधि के दौरान 10% की वृद्धि दर्ज की गई. अग्रिम पोर्टफोलियो में वृद्धि रिटेल अग्रिम (ऑर्गेनिक) द्वारा समर्थित थी जिसमें 16.8% की वृद्धि रही, कृषि अग्रिम में 10.3% की वृद्धि रही, एमएसएमई (ऑर्गेनिक) सेगमेंट में वित्त वर्ष 2022 के दौरान वर्ष दर वर्ष आधार पर 5.4% की वृद्धि रही. वित्त वर्ष 2021 के 2.71% की तुलना में निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2022 के दौरान 32 बीपीएस बढ़कर 3.03% हो गया. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर ₹ 22,389 करोड़ हो गया जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 21,199 करोड़ था, इस अवधि के दौरान इसमें 5.6% की वृद्धि रही.

वित्त वर्ष 2022 के दौरान कुल प्रावधान (कर के अतिरिक्त) और आकस्मिक में 16.9% की गिरावट दर्ज की गई जिनका स्तर वित्त वर्ष 2021 में ₹15,643 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2022 में ₹13,002 करोड़ रहा. वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹12,408 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2022 के दौरान अनर्जक आस्तियों (एनपीए) से संबंधित प्रावधान ₹14,640 करोड़ रहा. बैंक ने वर्ष दर वर्ष आधार पर 777% की वृद्धि करते हुए वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹ 7,272 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया, जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 829 करोड़ था.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)

(अनुपात % में)

	31.03.2021 को	31.03.2022 को
पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बासेल III	14.99	15.84
सीईटी I	10.94	11.59
टीयर I	12.67	13.34
टीयर II	2.32	2.50

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) दिनांक 31 मार्च, 2021 के 14.99% से बढ़कर 31 मार्च, 2022 को 15.84% हो गया. वित्त वर्ष 2022 के दौरान सीईटी-1 अनुपात भी वित्त वर्ष 2021 के 10.94% से बढ़कर 11.59% हो गया. समेकित समूह पूंजी पर्याप्तता अनुपात दिनांक 31.03.2021 को 15.74% की तुलना में बढ़कर दिनांक 31.03.2022 को 16.33% हो गया.

बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹ 2,749 करोड़ के अतिरिक्त टियर I (एटी-I) पूंजी बांड जारी किए.

निवल मालियत

दिनांक 31 मार्च, 2022 को बैंक की निवल मालियत ₹ 61,521.92 करोड़ रही जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी ₹1,035.53 करोड़ रही और प्रारक्षित निधि ₹ 60,486.39 करोड़ रही (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण प्रारक्षित निधियों और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) शामिल हैं. शेयर (अंकित मूल्य 2) का बही मूल्य 31 मार्च, 2022 को ₹ 118.97 रहा.

सेवानिवृत्ति और अन्य लाभों के लिए प्रावधान

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, बैंक ने ग्रेच्युटी (₹ 267.15 करोड़), पेंशन फंड (₹ 2,387.40 करोड़), छुट्टी नकदीकरण, अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य लाभों (₹ 107.78 करोड़) में अंशदान हेतु प्रावधान किया है. वित्त वर्ष 2022 के दौरान इन श्रेणियों के तहत कुल प्रावधान ₹ 2,762.33 करोड़ रहा.

लाभांश संवितरण नीति

बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹ 2.85 के लाभांश की अनुशंसा की है. इस प्रकार लाभांश के रुप में कुल ₹1,473.84 करोड़ का व्यय होगा. इस लाभांश का भुगतान अपेक्षित अनुमोदनों के अधीन हैं.

प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक अर्थव्यवस्था

मांग में वृद्धि और औद्योगिक गतिविधियों में सुधार के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के प्रभाव से तेजी से उभरी है. इसके अलावा, कई देशों में टीकाकरण की तेज गति आर्थिक गतिविधियों के शीघ्रता से सामान्य होने में सहायक रही हैं. सकल घरेलू उत्पाद 2020 में 3.1% के संकुचन से बढ़कर 2021 में 6.1% हो गई. उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) ने विकास को पुन: गति प्रदान की है, जिससे 2021 में विकास 6.8% तक बढ़ गया. इस समूह के भीतर, विकासशील एशिया में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.3% के साथ बेहतर रही, जिसे चीन और भारत ने क्रमश: 8.1% और 8.9% पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के साथ मजबूती प्रदान की.

5.2% की वृद्धि दर्ज करते हुए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है. इससे अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में 5.7% के साथ तेजी से वृद्धि हुई. दूसरी ओर जापान की विकास दर 1.6% पर स्थिर रही जबकि यूरो के क्षेत्र में 5.3% की वृद्धि दर्ज की गई. फ्रांस में यूरो के क्षेत्र में भी, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 7% के साथ बेहतर हुई जबकि जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 2.8% की वृद्धि हुई.

व्यापार की मात्रा में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ क्योंकि वैश्विक विकास बेहतर हुआ है. वैश्विक व्यापार की मात्रा में 10.1% की वृद्धि हुई. यहां ईएमडीई ने पुन: बेहतर प्रदर्शन किया, एई की तुलना में उनके व्यापार की मात्रा बहुत तेजी से बेहतर हुई है. मांग में वृद्धि के कारण कमॉडिटी की कीमतों में भी वृद्धि हुई है. महामारी के दौरान तेल उत्पादकों द्वारा किए गए सीमित निवेश के कारण आपूर्ति की अपेक्षा से अधिक मांग में उछाल के कारण तेल की कीमतों में 67.3% के साथ बढ़ोत्तरी हुई है. सप्लाई चेन संबंधी रूकावटों के बने रहने के कारण गैर-ईंधन कीमतों में भी 26.8% के साथ बढ़ोत्तरी हुई है. परिणामस्वरूप, 2021 में वैश्विक मुद्रास्फीति बढ़ी है. एई में मुद्रास्फीति औसतन लगभग 3.1% थी और ईएमडीई के लिए 5.9% के साथ बहुत अधिक रही.

वैश्विक विकास का आउटलुक रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण एक बार पुन: अस्थिर स्थिति में है. युद्ध के कारण पहले से ही बढ़ी हुई वैश्विक कमॉडिटी कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है लिहाजा मुद्रास्फीति का दबाव भी बढ़ गया है. इसने कई देशों में केंद्रीय बैंकों को विस्तारवादी मौद्रिक नीति में कटौती करने और शीघ्र उत्तरोत्तर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है. कई देशों में कर्ज का स्तर अभी भी बहुत उच्च स्तर पर बना हुआ है. परिणामस्वरूप जोखिम में उतार-चढ़ाव के साथ वैश्विक विकास का आउटलुक और भी अधिक अनिश्चित हो गया है. वर्ष 2022 में वैश्विक जीडीपी विकास दर 3.6% अपेक्षित है. महत्वपूर्ण बात यह है कि रूस और चीन 2022 की स्थिति से ईएमडीई की वृद्धि में कमी आ सकती है जो 3.8% रह सकती है. युद्ध और उसके अत्यंत महत्वपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप रूस की जीडीपी के 8.5% तक सिमटने की उम्मीद है. चीन में, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 4.4% तक मध्यम रहने की उम्मीद है क्योंकि हाल ही में महामारी के प्रसार में तेजी आई और परिणामस्वरूप लॉकडाउन लगाए गए जिससे विशेष रूप से कुछ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों, औद्योगिक गतिविधियों के पटरी से उतरने और सप्लाई चेन पर दबाव आने का खतरा है.

संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरो क्षेत्र और यूके के प्रभाव के कारण 2022 में एई में वृद्धि धीमी होकर 3.3% रहने का अनुमान है. मौद्रिक समर्थन के बहुत तेजी से वापस लिए जाने के कारण अमेरिका में विकास की गति धीमी रहने की उम्मीद है. यूरो क्षेत्र में बड़े विनिर्माण आधार और रूसी ऊर्जा आयात पर अधिक निर्भरता वाले देशों जैसे कि जर्मनी और इटली की विकास दर के स्पष्ट रूप से धीमी रहने की उम्मीद है. यहां तक कि यूके में भी उच्च मुद्रास्फीति और सीमित वित्तीय स्थितियों के कारण विकास दर धीमी रहने की संभावना है. वैश्विक मुद्रास्फीति के 5.7% के उच्च स्तर पर बने रहने की उम्मीद है.

भारतीय अर्थव्यवस्था

भारत की अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 2021 के दौरान आए (-) 6.6% के दबाव की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में 8.7% की वृद्धि दर्ज की गई. अनुकूल माहौल के साथ-साथ खपत व्यय में आए सुधार (वित्त वर्ष 2021 में -6% के मुकाबले 7.9%), निवेश (वित्त वर्ष 2021 के -10.4% की तुलना में 15.8%), निर्यात (वित्त वर्ष 2021 के -9.2% की तुलना में 24.3%) और आयात (-13.8% से 35.5%) की सर्वाधिक भूमिका रही है, कोविड-19 की तीसरी लहर के कमजोर पड़ने के साथ आर्थिक गतिविधिया फिर से आरंभ हो सकी और विश्वबर में हो रहे टीकाकरण से इस वृद्धि को गति मिली. भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2022 में जीडीपी में 9.1% वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है.

अप्रैल-मार्च 21 में (-) 8.4% की गिरावट की तुलना में अप्रैल-मार्च 22 में औद्योगिक गतिविधि 11.3% के कम आधार पर बेहतर हुई है. इसमें विनिर्माण क्षेत्र अग्रणी रहा जिसमें अप्रैल-मार्च 2022 में 11.7% की वृद्धि दर्ज की गई (अप्रैल-मार्च 2021 में -9.6%). खनन और बिजली गतिविधि भी इस अवधि के लिए क्रमश: 12.2% और 7.9% के साथ बेहतर हुई है. उच्च जीएसटी संग्रहण, पोर्ट कार्गो वॉल्यूम, रेल माल भाड़ा, संपत्ति की बिक्री और घरेलू यात्रियों के सहयोग से वित्त वर्ष 2022 में सेवा संबंधी गतिविधि बेहतर हुई है.

विकास में सुधार भी सरकार के लिए सकारात्मक रही क्योंकि वित्तीय घाटा वित्त वर्ष 2022 में भी 6.9% के साथ बजटीय आंकड़ों के करीब रहा. वित्त वर्ष 2023 के लिए इसका लक्ष्य 6.4% रखा गया है. यह मुख्य रूप से समग्र कर राजस्व ₹ 17.88 लाख करोड़ के बजटीय आंकड़ों के सापेक्ष जो कि वित्त वर्ष 2022 में संशोधित अनुमानों के तहत ₹ 20.79 लाख करोड़ रहा, में बढ़त के कारण हासिल किया जा सका था. सरकारी आय पर किसी भी अवांछित दबाव के बिना खाद्य और उर्वरक जैसी कुछ आवश्यक चीजों पर उच्च लागत हासिल की जा सकी.

यद्यपि अनुकूल आधार के कारण वित्त वर्ष 2022 में समग्र विकास में बढ़ोत्तरी हुई है, तथापि इस बढ़ोत्तरी की गति में विशेष रूप से वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई चेन संबंधी व्यवधानों के कारण गिरावट आई. वित्त वर्ष 2022 में सीपीआई मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2021 के 6.2% से घटकर लगभग 5.5% हो गई है. हालांकि, वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही के 4.9% की तुलना में यह वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में बढ़कर 6.3% हो गया था. इस अवधि के दौरान यह एमपीसी के उच्च सहनीय सीमा से भी अधिक बढ़ गया था. यह आपूर्ति से संबंधित व्यवधानों और विश्व भर में कमोडिटी की कीमतों में बढ़त के कारण रहा. खाद्य मुद्रास्फीति में वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में 3.6% के सापेक्ष वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 6.3% की वृद्धि दर्ज की गई, यहां तक कि मूल मुद्रास्फीति में विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और मांग में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में 6.1% तक की वृद्धि दर्ज की गई थी.

यद्यपि बाह्य स्थिति सामान्य थी, एफपीआई के कारण पूंजीगत प्रवाह चालू खाता शेष के नकारात्मक स्थिति में होने की वज़ह से दबाव रहा. विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि जो इस संबंध में संपूर्ण विकास घटनाक्रमों का संक्षिप्त संकेतक है, दिनांक 25 मार्च, 2022 को ₹ 40.6 बिलियन की बढ़ोतरी के साथ ₹ 617.6 बिलियन हो गई. पॉइंट टू पॉइंट आधार पर रुपया एक वर्ष पूर्व के ₹ 72.40 की तुलना में दिनांक 25 मार्च, 2022 को ₹ 76.18 पर बंद हुआ, इस प्रकार यह 5.2% के मूल्यह्रास को दर्शाता है. यह डॉलर की मजबूती के कारण अधिकांश मुद्राओं में देखे गए मूल्यह्रास के अनुरूप रहा.

आगे बढ़ते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक को वित्त वर्ष 2023 में 7.2% की वृद्धि की उम्मीद है. निजी निवेश में वृद्धि और घरेलू मांग में बढ़ोतरी के कारण और महत्वपूर्ण के कारण इन अनुमानों के आधार में बढ़ोत्तरी हुई है. हालांकि, कामोडिटी की कीमतों में वृद्धि सहित भू-राजनीतिक गतिविधियों, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ-साथ नए और संक्रामक कोविड-19 वेरिएंट के प्रसार के कारण अनिश्चितता बनी हुई है और इन अनुमानों में कमी बने रहने का जोखिम बना हुआ है.

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में विकास

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ऋण वृद्धि मार्च 2021 के 4.6% से बढ़कर मार्च 2022 में 9.6% हो गई है. यह क्रेडिट ऑफटेक के संतुलित वृद्धि को दर्शाता है. उद्योग ने पिछले वर्ष (-) 0.4% के संकुचन की तुलना में 7.1% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है. समग्र क्षेत्रों में से पर्याप्त वृद्धि दर्ज करने के साथ सूक्ष्म और लघु (मार्च 2021 में 3.9% से 21.5%), मध्यम उद्योगों (34.5% से 71.4%) वाले उद्योगों में वृद्धि हुई है, वित्त वर्ष 2021 में बड़े उद्योग में - 2.5% से वित्त वर्ष 2022 में +0.9% तक का टर्नअराउंड रहा है. सेवा क्षेत्र में क्रेडिट ऑफ-टेक में मार्च 2022 में 8.9% की वृद्धि दर्ज की गई. उपभोक्ता ऋणों में भी मार्च 2021 में 10.7% से बढ़कर मार्च 2022 के 12.4% की उच्चतर वृद्धि के साथ बेहतर हुआ है.

जमा राशियों में वित्त वर्ष 2021 के 11.4% के सापेक्ष वित्त वर्ष 2022 में 8.9% की धीमी वृद्धि रही. जबकि वित्त वर्ष 2021 में महामारी के कारण वृद्धि अधिक रही, जहां लोगों ने बैंक जमा राशियों की सुरक्षा को वरीयता दी है, वित्त वर्ष 2022 में स्टॉक मार्केट बही ने घरेलू निधियों को इक्विटी सेगमेंट के साथ-साथ म्यूचुअल फंड में शिफ्ट कर दिया, जहां कम ब्याज दरों के परिवेश में अपेक्षित रिटर्न काफी बेहतर रहा.

वर्ष के दौरान रेपो दर 4% के साथ अपरिवर्तित रहा. ओवरनाईट एमसीएलआर 26 मार्च, 2021 को 6.55/7.05% से मामूली रूप से घटकर 25 मार्च, 2022 को 6.45/7.00% हो गया. 1 वर्ष से अधिक की जमाराशियों के लिए मीयादी जमा दर औसतन क्रमश: 4.90/5.50% और 5.00/6.0% रही. इस अवधि के दौरान 10 वर्ष की सरकारी प्रतिभूति की दर 6.32% से लगभग 50 बीपीएस बढ़कर 6.83% हो गई. ब्याज दर की स्थिति को वित्त वर्ष 2022 में केंद्र सरकार के ₹ 11.27 लाख करोड़ के उधार (वित्त वर्ष 21 में ₹ 13.70 लाख करोड़) और वित्त वर्ष 2022 में राज्य सरकार के सकल ₹ 6.70 लाख करोड़ (वित्त वर्ष 2021 में ₹ 7.78 लाख करोड़) की उधार की पृष्ठभूमि के सापेक्ष देखा जा सकता है.

बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में भी पर्याप्त बढ़ोत्तरी हुई है जो सितंबर तक बढ़कर 6.9% हो गयी. पीएसबी का अनुपात 8.8% और निजी बैंकों का 4.6% रहा. सितंबर 2021 के बैंकिंग सिस्टम से संबंधित वार्षिक स्लिपेज अनुपात 3.6% रहा.

लिक्विडिटी को बढ़ाने और क्षेत्रों में सुधार करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी ऑन टैप टीएलटीआरओ योजना को दिसंबर 2021 तक बढ़ाया था. इसके अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (एआईएफआई) को नए ऋण देने के लिए ₹ 50,000 करोड़ का नया सहयोग

भी प्रदान किया था. यह भी सुझाव दिया था कि बैंकों द्वारा एनबीएफसी को उधार देने के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र संबंधी उधार वर्गीकरण को सितंबर 2021 तक बढ़ाया जाए क्योंकि यह निम्नलिखित क्षेत्रों - कृषि, आवास और एमएसएमई क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्धता को सुनिश्चित करेगी. भारतीय रिज़र्व बैंक ने राज्यों के लिए अंतरिम डब्लूएमए सीमा को बढ़ाने और इसे जारी रखने के लिए सितंबर 2021 तक बढ़ाया है ताकि उन्हें महामारी के दौरान होने वाली कठिनाइयों के पश्चात् अपने वित्त का प्रबंधन करने में सहायता मिल सके.

भारतीय रिज़र्व बैंक ने लिक्विडिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 वर्ष तक की अवधि के साथ ऑन-टैप लिक्विडिटी विंडो तैयार किया था और जून 2022 तक रेपो दर पर महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संपर्क करने के लिए अलग से एक विंडो भी प्रस्तावित किया था. क्रेडिट अंतरण की सुविधा हेतु एनएसीएच (नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस) पूरे सप्ताह के लिए उपलब्ध कराया जाएगा.

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सरकारों द्वारा जारी किए गए ई-रूपी वाउचर की सीमा को पहले के ₹ 10,000 से बढ़ाकर ₹ 1,00,000 प्रति वाउचर कर दिया और इसके कई बार उपयोग की अनुमति भी दी है. एमएसएमई को वित्त संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए ट्रेड्स निपटान हेतु एनएसीएच मैंडेट सीमा को बढ़ाकर ₹ 3 करोड़ कर दिया गया. रिटेल प्रत्यक्ष योजना और आईपीओ आवेदनों के लिए यूपीआई के माध्यम से भुगतान हेतु लेनदेन की सीमा को बढ़ाकर ₹ 2 लाख से ₹ 5 लाख कर दिया गया है.

आपकी कंपनी के समग्र कार्यनिष्पादन को इस पृष्ठभूमि के सापेक्ष देखा जाना चाहिए.

ईज 3.0

ईज सुधार कार्यक्रम ने परिचालन के लगभग सभी क्षेत्रों में दक्षता और परिचालन को सुगम बनाने और अपने ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करने में बैंक की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

ईज कार्यक्रम के प्रत्येक चरण के तहत कार्य बिंदुओं में दृष्टिकोण में गहन रूपांतरण और नई क्षमताओं के सृजन की परिकल्पना की गई है.

भारत सरकार के ईज 3.0 सूचकांक में, बैंक ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में "दूसरा" स्थान प्राप्त किया है. इस सूचकांक के अनुसार, बैंक में पांच मानकों "महत्वाकांक्षी भारत के लिए स्मार्ट ऋण", "टेक-इनेबल्ड ईज ऑफ बैंकिंग", "संस्थागत विवेकपूर्ण बैंकिंग", "गवर्नेंस एंव परिणाम केंद्रित मानव संसाधन" और "वित्तीय समावेशन और ग्राहक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना" में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है.

बैंक ने ईज 3.0 सूचकांक के तहत "महत्वाकांक्षी भारत के लिए स्मार्ट ऋण" और "संस्थागत विवेकपूर्ण बैंकिंग" श्रेणी में "प्रथम" स्थान प्राप्त किया है.

बैंक ने ईज 3.0 सूचकांक के तहत "टेक-इनेबल्ड ईज ऑफ बैंकिंग" में "दूसरा" स्थान और "वित्तीय समावेशन और ग्राहक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना" श्रेणियों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है.

ईज 4.0

एआई, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स एवं तकनीकी सहायता सेवाओं जैसी नवोन्मेषी तकनीक और उपकरणों के साथ, दस्तावेज़ सत्यापन, पृष्ठभूमि की जांच एवं निर्बाध ऋण संवितरण सहित महत्वपूर्ण बैक-एंड फ़ंक्शंस, इस प्रक्रिया को न केवल कुशल, कागज रहित और सुविधाजनक बनाता है, बल्कि ग्राहक को पारदर्शिता का अनुभव होता है.

भारत सरकार के **ईज** 4.0 सूचकांक में बैंक ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच वित्त वर्ष 2022 की पहली तीन तिमाहियों (प्रथम तिमाही, दूसरी तिमाही और तीसरी तिमाही) के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

बैंक तीनों तिमाहियों के लिए मानक अर्थात् "महत्वाकांक्षी भारत के लिए स्मार्ट ऋण" में शीर्ष पर रहा और इसने "परिणाम केंद्रित मानव संसाधन" मानक में बेहतर कार्य निष्पादन किया.

प्रोजेक्ट बॉब-नाऊ: बैंक ऑफ़ बड़ौदा के भावी निर्माण की यात्रा जारी है

विगत वर्ष, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कार्य करने के नए तरीकों और पुनर्कल्पित रिटेल नेटवर्क के माध्यम से उद्योग जगत में- सर्वप्रथम बार ऑपरेटिंग मॉडल बनाने के लिए एक रूपांतरण यात्रा - बॉब-नाऊ - की शुरूआत की. तब से, इस परियोजना ने हमारे ग्राहकों के लिए बेहतर, अनुरूप सेवाओं को लाने, व्यवसाय में विकास क्षमता को अनलॉक करने और हमारे सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन करने के लिए कई तरह की पहलों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है.

इन पहलों के प्रभाव निम्नानुसार हैं:

व्यावसायिक संभावनाओं को अनलॉक करना: बैंक राजस्व को लक्षित करते हुए कॉर्पोरेट एवं धनसंपदा वर्टिकल पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के माध्यम से अपने व्यावसायिक उत्पादों में संवर्धन कर रहा है. व्यापक बॉब-नाउ पहलें जैसे कॉर्पोरेट सेल्स वॉर रूम और बूस्टर शुल्क अभियानों ने कॉर्पोरेट बैंकिंग वर्टिकल में प्रक्रियाओं को सरल और तीव्र बनाया, जिसका इस वर्ष समग्र शुल्क आय में 15% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है. इसके पश्चात्, बढ़ते मिड-कॉर्पोरेट सेगमेंट पर अधिक ध्यान होगा जहां बैंक अपने ऑपरेटिंग मॉडल, शाखा नेटवर्क और ऋण संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की योजना बना रहा है.

इसी बीच, धन संपदा वर्टिकल अपने रेडिएंस व्यवसाय में बेहतर ग्राहक सेवा एवं बेहतर उत्पादों के साथ वर्ष के अंत में 46% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ ₹ 317 करोड़ का राजस्व अर्जित किया. रिमोट सपोर्ट के लिए एक सेंट्रल डिजिहब, निवेश एवं बीमा व्यवसाय के लिए एक सेल्स वॉर रूम की शुरूआत और नई प्रतिभाओं को जोड़ने से ग्राहक-केंद्रियता और व्यावसायिक फोकस को और भी बढ़ावा मिला है.

रिटेल वितरण नेटवर्क को पुर्नकल्पित करना: "हर जगह बॉब" जैसे अपने विजन पर खरा उतरते हुए, बैंक ने इस वर्ष अपने बीसी नेटवर्क में उल्लेखनीय रूप से बढ़ोत्तरी की और टच पॉइंट्स की कुल संख्या को बढ़ाने के लिए बेहतर प्रयास किया. मार्च 2022 तक, टच पॉइंट्स की कुल संख्या बढ़कर 41,000 से अधिक हो गई जो वर्ष दर वर्ष 32% के करीब वृद्धि हुई है. इसने बाधारहित ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक, कॉम्पैक्ट एवं डिजिटल शाखा प्रारूपों की शुरूआत भी की है. इसके अतिरिक्त, इन विस्तारित बीसी नेटवर्क और रिवैम्प्ड शाखाओं, का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, वाहन एवं वैयक्तिक ऋण, क्रेडिट कार्ड, चालू खाते आदि जैसी बैंकिंग सेवाओं की आसान उपलब्धता में उठाया जा रहा है.

डिजिटल समर्थित अनुभव: बैंक 25 स्वयं-समर्थित ग्राहक प्रक्रियाओं की शुरूआत, जो लेनदेनों की त्वरित और सीधी प्रोसेसिंग को सक्षम बनाती है, के साथ महत्वपूर्ण बैंकिंग सेवाओं और प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के अपने लक्ष्य से एक कदम आगे बढ़ गया है. इसने अपने एनआरआई केंद्रों में ग्राहकों के लिए एक वीडियो सर्विसिंग समाधान की भी शुरूआत की है और शीघ्र ही अन्य टच प्वाइंट्स पर भी इस टूल की शुरूआत करने की योजना है. अंत में, कई प्रमुख कार्यालयों ने अपने परिचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए कागजरहित कार्यालय की पहल के माध्यम से कुछ अनुमोदन प्रक्रियाओं को डिजिटाइज़ किया है.

कार्य करने के नए तरीके: डिजिटल चैनलों को अपनाने से बैंक कर्मचारियों के बीच उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और ग्राहकों के प्रश्नों का शीघ्रता से उत्तर देने में सहायता मिलती है. इसे संभव बनाने के लिए, इस वर्ष कई बॉब-नाऊ अभियान ग्राहकों को बैंक के प्रमुख मॉड्यूल ऐप बॉब वर्ल्ड से जोड़ने पर केंद्रित है. परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2022 में, ऐप ने 1 करोड़ से अधिक ग्राहक जोड़े हैं जो लगातार अभियानों एवं शाखा कर्मचारियों और बीसी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से प्राप्त की गई उपलब्धि है. वर्तमान में ऐप सक्रिय करने वालों की कुल संख्या 2 करोड़ से अधिक है जिसे वित्त वर्ष 2023 में 3 करोड़ से अधिक के स्तर को हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

बैंक के व्यावसायिक कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

परिचालनगत कार्यनिष्पादन:

बैंक के परिचालनगत कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष
अर्जित ब्याज	70,495.06	69,880.78
दिया गया ब्याज	41,686.04	37,259.44
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**28,809.02**	**32,621.34**
अन्य आय	12,933.97	11,483.95
ट्रेडिंग अभिलाभ	3,375.97	2,728.76
परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय)	41,742.99	44,105.29
परिचालनगत व्यय	20,543.66	21,716.44
कर्मचारी व्यय	11,445.53	11,978.84
अन्य परिचालनगत व्यय	9,098.13	9,737.6
परिचालनगत लाभ	**21,199.34**	**22,388.85**
प्रावधान (कर के अलावा)	15,643.33	13,002.41
जिसमें से - एनपीए और बट्टे खाते में डाले गये अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	1,2407.71	1,4640.12
मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान	2,158.03	-2,672.26
निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	879.44	558.98
अन्य प्रावधान	198.16	475.57
कर पूर्व लाभ	**5,556.00**	**9,386.44**
कर हेतु प्रावधान	**4,727.05**	**2,114.16**
निवल लाभ	**828.95**	**7,272.28**

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	वित्त वर्ष 2021	वित्त वर्ष 2022
जमाराशियों की लागत - वैश्विक - (%)	4.01	3.52
जमाराशियों की लागत - घरेलू - (%)	4.44	3.85
जमाराशियों की लागत - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	0.95	0.48
अग्रिम पर प्रतिफल - वैश्विक - (%)	6.98	6.79
अग्रिम पर प्रतिफल - घरेलू - (%)	7.83	7.61
अग्रिम पर प्रतिफल - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	2.48	2.18
निवल ब्याज मार्जिन - वैश्विक - (%)	2.71	3.03
निवल ब्याज मार्जिन -घरेलू - (%)	2.79	3.09
निवल ब्याज मार्जिन - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	1.29	1.47
लागत-आय अनुपात (%)	49.22	49.24
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	0.07	0.60
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	1.50	11.82

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक की ब्याज आय ₹ 69,881 करोड़ रही. वित्त वर्ष 2022 के दौरान ब्याज व्यय 10.6% की गिरावट के साथ ₹ 37,259 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया. वित्त वर्ष 2022 के दौरान वैश्विक जमा राशियों की लागत में 3.52% की गिरावट आई एवं अग्रिमों पर वैश्विक प्रतिफल 6.79% रहा. वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2021 के दौरान 2.71% से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 3.03% हो गई है.

वित्त वर्ष 2022 के दौरान घरेलु बही में जमा राशियों की लागत घटकर 3.85% और अंतर्राष्ट्रीय बही में 0.48% हो गई है. वित्त वर्ष 2022 के दौरान घरेलू बही में अग्रिम पर प्रतिफल 7.61% और अंतर्राष्ट्रीय बही में 2.18% रही.

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई) ₹ 32,622 करोड़ रही जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 28,809 करोड़ थी.

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक की अन्य आय ₹ 11,484 करोड़ रही. बैंक की शुल्क आय में ₹ 6,409 करोड़ की वृद्धि हुई, जिसमें वित्त वर्ष 2022 के दौरान 12.6% की वृद्धि दर्ज की गई. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली ₹ 2,510 करोड़ रही. वित्त वर्ष 2022 के दौरान कर्मचारी लागत ₹ 11,979 करोड़ रही जबकि इस अवधि के दौरान अन्य परिचालन

व्यय ₹ 9,738 करोड़ रहा. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का परिचालन खर्च ₹ 21,716 करोड़ रहा. वित्त वर्ष 2022 में परिचालन लाभ बढ़कर ₹ 22,389 करोड़ हो गया जो वित्त वर्ष 2021 में ₹ 21,199 करोड़ था.

वित्त वर्ष 2022 के दौरान अर्नजक आस्तियों (एनपीए) का प्रावधान ₹ 14,640 करोड़ रहा. बैंक ने वित्त वर्ष 2021 के ₹ 829 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹ 7,272 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया है जिसमे वार्षिक आधार पर 777% की वृद्धि दर्ज की गई है.

संसाधन संग्रहण (₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2021 को	31.03.2022 को
I	जमा राशियां	9,66,996.93	10,45,938.56
II	अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां	1,08,583.81	1,18,927.99
III	कुल कासा	3,88,282.22	4,33,605.23
	कुल चालू खाता जमा राशियां	78,671.42	88861.21
	कुल बचत बैंक जमा राशियां	3,09,610.80	344744.02
IV	वैश्विक कासा %	40.15	41.46
V	घरेलू जमा राशियां	8,58,413.12	9,27,010.57
VI	घरेलू कासा जमा राशियां	3,68,027.57	4,10,122.92
	घरेलू चालू खाता जमा राशियां	61,609.03	68,779.64
	घरेलू बचत खाता जमा राशियां	3,06,418.54	3,41,343.27
VII	घरेलू कासा (%)	42.87	44.24

वैश्विक जमा और वैश्विक कासा

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹ 10,45,939 करोड़ हो गई, जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 9,66,997 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 8.2% की वृद्धि दर्ज की गई. बैंक का अंतर्राष्ट्रीय जमाराशि भी 31.03.2022 को बढ़कर ₹ 1,18,928 करोड़ हो गया, जो 31.03.2021 को ₹ 1,08,584 करोड़ थी और इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.5% की वृद्धि दर्ज की गई.

31 मार्च, 2021 को ₹ 3,88,282 करोड़ के स्तर की तुलना में बैंक का वैश्विक कासा 31 मार्च, 2022 को बढ़कर ₹ 4,33,605 करोड़ हो गया और इस तरह इस अवधि के दौरान 11.67% की वृद्धि दर्ज की गई. बैंक की वैश्विक चालू जमा राशि 31 मार्च, 2022 को बढ़कर ₹ 88,861 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च, 2021 को ₹ 78,671 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 12.95% की वृद्धि दर्ज की गई. बैंक की वैश्विक बचत जमा 31 मार्च, 2022 को बढ़कर ₹ 3,44,744 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च, 2021 को ₹ 3,09,611 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 11.35% की वृद्धि दर्ज की गई. इस अवधि के दौरान वैश्विक जमा के सापेक्ष वैश्विक कासा% 131 बीपीएस की वृद्धि दर्ज करते हुए 40.15% से बेहतर होकर 41.46% हो गया.

घरेलू जमा और घरेलू कासा

बैंक की घरेलू जमा 31.03.2022 को ₹ 8,58,413 करोड़ से बढ़कर 31.03.2022 को ₹ 9,27,011 करोड़ हो गई, इस अवधि के दौरान 8% की वृद्धि दर्ज की गई.

31 मार्च, 2022 को बैंक की घरेलू कासा जमा में 11.4% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर ₹ 4,10,123 करोड़ हो गई. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का घरेलू कासा अनुपात 137 बीपीएस बढ़कर 44.24% हो गयी, जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान 42.87% था. 31.03.2022 को चालू खाता जमा में 11.6% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹ 68,780 करोड़ हो गया, जबकि बचत बैंक जमा 11.40% की वृद्धि के साथ ₹ 3,41,343 करोड़ रही.

कम लागत वाली जमा संग्रहण संबंधी पहलें

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक ने 1.18 करोड़ नए कासा खाते खोले. इसके अंतर्गत, टैबलेट (टीएबी) का उपयोग करके कागज रहित माध्यम से खाते खोलने और खाता खोलने की वीडियो आधारित ग्राहक निर्धारण प्रक्रिया (वीसीआईपी) माध्यम की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया. बैंक ने ग्राहकों के विशिष्ट वर्गों के लिए उपयुक्त नए उत्पादों का भी शुभांरभ किया गया जैसे बी3 डिजिटल ओनली बचत खाता, सरकारी निकायों के लिए बड़ौदा एकल नोडल बचत खाता. सरकारी कारोबार संबंध और नए खातों विशेष रूप से राज्यों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के एसएनए खातों को प्राप्त करने पर व्यापक ध्यान केंद्रित किया गया. बैंक ने 31.03.2022 तक 169 एसएनए खाते खोले हैं. पीओएस, आईपीजी और बीसीएमएस जैसे प्रमुख कासा साधकों की पहुंच बढ़ाने और निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया.

डिजिटल खंड में बैंक ने वीसीआईपी, टैब और डिजिटल ओनली खातों जैसे डिजिटल चैनलों के माध्यम से ग्राहक अधिग्रहण की पहुंच बढ़ाई है और वित्त वर्ष 2022 के दौरान 64,480 वीसीआईपी बचत खाते और 34,134 बी3-डिजिटल ओनली खाते खोले गए. साथ ही, वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान खोले गए 2,18,828 चालू खातों में से 1,35,469 चालू खाते (खोले गए पात्र चालू खातों का 74.68%) और वर्ष के दौरान खोले गए 53,89,352 गैर-वित्तीय बचत खातों में से 50,46,885 गैर-वित्तीय बचत खाते (खोले गए पात्र गैर-वित्तीय बचत खातों में से 95.53 %) टैब के माध्यम से खोले गए.

नवगठित कंपनियों के चालू खाते खोलने के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल के साथ बैंक के एकीकरण के परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान 5,591 चालू खाते खोले गए हैं.

बैंक ने एक पृथक रक्षा बैंकिंग वर्टिकल की स्थापना की है जिसके प्रमुख हैं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल संवर्ग के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार हैं और उन्हें रक्षा सेगमेंट में पहुंच बढ़ाने हेतु प्रमुख स्थानों पर तैनात उपरक्षा बैंकिंग सलाहकारों का सहयोग प्राप्त है.

पीएसबी एलायंस डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने में बैंक अग्रणी है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान 1,13,733 डोर स्टेप बैंकिंग सेवा अनुरोधों पर सफलतापूर्वक कार्रवाई की है.

बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं

बैंक का नकदी प्रबंधन व्यवसाय, बड़ौदा डिजीनेक्स्ट ग्राहकों के नकदी प्रवाह और लिक्विडिटी के प्रबंधन हेतु ओमनी-चैनल डिजिटल सोल्यूशनों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है. बड़ौदा डिजीनेक्स्ट आधार पर अपनी सभी शाखाओं में सभी भुगतानों और इलेक्ट्रोनिक चेक रसीदों और नकदी

जमाओं के संबंध में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है. इस समाधान का उपयोग प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) संग्रहण जैसी प्रमुख सरकारी पहलों में किया जाता है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा उन दो प्रमुख बैंकों में से एक है जो एकीकृत वित्तीय प्रबंधन और मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (आईएफएचआरएमएस), जो राज्य सरकार की ट्रेजरी प्रबंधन के लिए एक प्रमुख पहल है, के साथ पूरी तरह से एकीकृत है.

बड़ौदा डिजीनेक्स्ट नकदी प्रबंधन वित्त वर्ष 2022 में रिकॉर्ड 1,900+ नए बड़े कॉर्पोरेट और सरकारी संपर्कों को प्राप्त करने के साथ तेजी से विकास कर रहा है. बैंक के 4,800 से अधिक ग्राहकों ने वर्ष के दौरान 5.50 करोड़ से अधिक की लेन-देन के लिए बैंक की नकदी प्रबंधन सेवाओं का उपयोग किया.

ऋण विस्तार

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम बढ़कर ₹ 8,18,120 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 7,51,590 करोड़ था, इस प्रकार वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 8.9% की वृद्धि दर्ज की गई. 31 मार्च 2022 को घरेलू अग्रिम बढ़कर ₹ 6,84,153 करोड़ हो गया, जो 31 मार्च 2021 को ₹ 6,41,076 करोड़ था, इस प्रकार अवधि के दौरान 6.7% की वृद्धि दर्ज की गई. बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो में वृद्धि, रिटेल ऋण खंड (ऑर्गेनिक) द्वारा समर्थित है जो बढ़कर ₹ 1,40,399 करोड़ हो गया और इसमें वर्ष-दर-वर्ष 16.8% की वृद्धि दर्ज की गई, कृषि खंड बढ़कर ₹ 1,09,796 करोड़ हो गया और इसमे वर्ष-दर-वर्ष 10.3% की वृद्धि दर्ज की गई, एमएसएमई खंड (ऑर्गेनिक) बढ़कर ₹ 96,863 करोड़ हो गया, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 5.4% की वृद्धि हुई. रिटेल पोर्टफोलियो के अंतर्गत वैयक्तिक ऋण में ₹ 9,748 करोड़ के साथ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 108% की वृद्धि, गृह ऋण (ऑर्गेनिक) में ₹ 82,009 करोड़ के साथ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.3% की वृद्धि, ऑटो ऋण (ऑर्गेनिक) में ₹ 25,130 के साथ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 19.5% की वृद्धि और शिक्षा ऋण में ₹ 6,731 करोड़ के साथ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.7% की वृद्धि दर्ज हुई.

वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक का अंतर्राष्ट्रीय सकल अग्रिम बढ़कर ₹ 1,33,968 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 के दौरान ₹ 1,10,514 करोड़ था और इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21.2% की वृद्धि दर्ज की गई.

बैंक को अपने शाखा बैंकिंग व्यवसाय मॉडल के साथ-साथ अतिरिक्त व्यवसाय सोर्स करने हेतु डिजिटल फ्रंट पर केंद्रित प्रयासों से अत्यधिक लाभ प्राप्त हुआ है. बैंक के डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म पर रिटेल ऋण, एमएसएमई और कृषि खंड में अपने कारोबार को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है. बैंक ने संख्या के आधार पर बैंक के पोर्टफोलियो के लगभग 70% को कवर करते हुए छोटे टिकट एमएसएमई ऋणों की नवीनीकरण प्रक्रिया को डिजिटलीकृत कर दिया है. रिटेल ऋण खंड में, बैंक ने पूरी तरह से डिजिटल मैट्रिक्स का उपयोग करके 10 लाख तक के वैयक्तिक ऋण के संवितरण तक एंड-टू-एंड एसटीपी प्रक्रिया का शुभारंभ किया है. कृषि खंड में, बैंक ने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए गोल्ड ऋण हेतु डिजिटल सुविधा का शुभारंभ किया है. बॉब-नाऊ, बॉबवर्ल्ड, डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी), सोशल मीडिया हैंडल, व्हाट्सऐप बैंकिंग, डिजिटल ऋण सेवाएं, विभिन्न क्षेत्रों में बाजार के समकक्षों के साथ टाई-उप आदि ने बैंक को अतिरिक्त कारोबार जनरेट करने और अपने ब्रांड वैल्यू तथा ग्राहक आधार को बढ़ाने में मदद की है.

कॉर्पोरेट ऋण

बैंक में कॉर्पोरेट ऋण सेवाएं, 15 कॉर्पोरेट वित्त सेवा (सीएफएस) शाखाओं द्वारा प्रदान की जाती हैं, जो बैंक के कुल कॉर्पोरेट ऋण पोर्टफोलियो के लगभग 84% का प्रबंधन करती हैं. 31 मार्च, 2022 को बैंक का कॉर्पोरेट ऋण पोर्टफोलियो बढ़कर ₹ 3,00,693 करोड़ हो गया.

कॉर्पोरेट ऋण वितरण की दिशा में नवीन दृष्टिकोण के साथ वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान इस पोर्टफोलियो के जोखिम प्रोफाइल में सुधार दर्ज किया गया है जो कि घरेलू ऋण पोर्टफोलियो के निम्नानुसार रेटिंग वितरण में परिलक्षित होता है :

ऋण रेटिंग वितरण *	31.03.2021 को	31.03.2022 को
ए और उससे अधिक	73%	78%
बीबीबी	11%	10%
बीबीबी से कम	8%	6%
कोई रेटिंग नहीं	8%	5%

* ₹ 50 करोड़ से अधिक का अग्रिमों की बाह्य रेटिंग वितरण.

वित्तीय वर्ष 2022 में ए और उससे अधिक के कुल पोर्टफोलियो पिछले वर्ष के 73% की तुलना में 78% हो गया.

कोविड-19 से प्रभावित उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए, बैंक ने सरकारी योजनाओं के अनुरूप विभिन्न गारंटीड इमरजेंसी ऋण लाइन (बीजीईसीएल) योजनाएं शुरू की जिसके तहत कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं को 31 मार्च, 2022 तक कुल ₹ 1,682 करोड़ मंजूर किए गए और जिसमे से ₹ 1,294 का संवितरण किया गया. एमएफआई के लिए ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत, ₹ 1067 करोड़ स्वीकृत और संवितरित किए गए. इसके अतिरिक्त, एथनॉल डिस्टिलेशन क्षमता बढ़ाने या फीड स्टॉक से पहली जनरेशन के इथेनॉल के उत्पादन के लिए डिस्टिलरी स्थापित करने हेतु परियोजना प्रस्तावकों को वित्तीय सहायता योजना के तहत ₹ 635 करोड़ मंजूर किए गए थे, जिसमें से ₹ 126 करोड़ संवितरित किए जा चुके हैं.

लक्षित बाजार दृष्टिकोण

बैंक लक्ष्य आधारित बाजार दृष्टिकोण का अनुसरण करता है जिसकी निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- उद्योग दृष्टिकोण अर्थात् बाजार के आकार, विकास, मांग-आपूर्ति दृष्टिकोण, लागत संरचना, प्रतिस्पर्धा, वित्तीय प्रदर्शन, सरकारी नीतियों और निवेश परिव्यय सहित विभिन्न उद्योग मानदंडों का संयुक्त उत्पादन के आधार पर विकास के लिए उद्योगों / क्षेत्रों का निर्धारण.
- एक्सपोजर सीमा, मौजूदा एक्सपोजर और नए अधिग्रहण हेतु भविष्य की आवश्यकता के आधार पर लक्षित बाजार ऋण प्रदान करने हेतु क्षेत्र-वार कारोबार योजना.

- बैठकों के लिए संरचित कॉलिंग योजनाओं के साथ विस्तृत खाता योजना, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, अनुमोदन और निपटान.
- पूरे बैंक में समर्पित रिलेशनशिप मैनेजरों के माध्यम से लक्षित बाजार दृष्टिकोण के तहत कारोबार योजना का निष्पादन.
- बैंक सप्लाइ चेन फाइनेंस, वैल्यू चेन फाइनेंस, सीएमएस सुविधा और अन्य रिटेल उत्पादों जैसी सहायक सेवाओं की पेशकश करके ब्याज आय के बजाय ग्राहक से प्राप्त समग्र प्रतिफल पर ध्यान केंद्रित करता है.

बैंक मिड कॉर्पोरेट सेगमेंट में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और कॉर्पोरेट प्रस्तावों की त्वरित प्रोसेसिंग हेतु देश भर में मिड कॉर्पोरेट शाखाओं की स्थापना संबंधी योजना बना रहा है.

एमएसएमई ऋण

मार्च, 2022 को एमएसएमई पोर्टफोलियो ₹ 1,00,131 (टीडब्लूओ को छोड़कर) करोड़ रहा. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2.55 लाख नए एमएसएमई ग्राहकों को जोड़ा है. बैंक ने कोविड-19 महामारी से प्रभावित एमएसएमई को लिक्विडिटी सहायता उपलब्ध कराने हेतु और बैंक के एमएसएमई कारोबार को सामान्य रूप से बेहतर करने हेतु विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया, इनमें से कुछ पहलें इस प्रकार हैं:

1. ईसीएलजीएस: बैंक ने 31 मार्च 2022 तक आपातकालीन ऋण लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत ₹ 14,864 करोड़ मंजूर किए और ₹ 12,587 करोड़ संवितरित किए.
2. ऋण आउटरीच कार्यक्रम: वित्तीय सेवाएं विभाग की पहल के अनुसार, बैंक ने 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2021 तक अखिल भारतीय आधार पर ऋण आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत की जिसके तहत उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात तथा दमन और दीव जहां हमारा बैंक एसएलबीसी/यूटीएलबीसी का संयोजक है, में विभिन्न स्थानों पर 18 मेगा आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, कार्यक्रम की अवधि (16.10.21 से 30.10.21) के दौरान, बैंक ने 17,282 लाभार्थियों को ₹ 1,185 करोड़ के एमएसएमई ऋण स्वीकृत किए.
3. एमएसएमई उत्सव अभियान: अक्तूबर 21 माह में शुरू हुआ एमएसएमई उत्सव अभियान 31 मार्च 2022 को समाप्त हुआ. अभियान के दौरान बैंक द्वारा मोबलाइज कारोबार का विवरण इस प्रकार है;

- न्यू टू बैंक (एनटीबी) में 12,026 ग्राहकों को जोड़ा गया जिसमें लगभग ₹ 8,610 करोड़ का संवितरण किया गया और जिसमें से ₹ 10,328 एनटीबी ग्राहकों को ₹ 1 करोड़ से कम के टिकट आकार के साथ कैनवास किया गया था.
- साथ ही, इस अभियान के दौरान 9,795 माइक्रो न्यू टू बैंक ग्राहकों को जोड़ा गया.

4. पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ करार:

- महिला उद्यमियों और एमएसएमई को लघु-टिकट आकार व्यवसाय ऋण प्रदान करने के लिए बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पैसालो डिजिटल के साथ को-लेंडिंग हेतु करार किया है.
- यह साझेदारी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और महिला उद्यमियों की आय जनरेट करने के लिए लघु-टिकट वित्तपोषण में सहायक होगी.
- को-लेंडिंग व्यवस्था में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की कम लागत वाली निधियों और ऋण मूल्यांकन विशेषज्ञता और पैसालो के नियमों पर आधारित ऋण जनरेशन और अंडरराइटिंग की क्षमताओं का लाभ मिलेगा. यह लघु-टिकट आय जनरेट करने की प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों की सोर्सिंग, सेवाओं और वसूली के लिए एक संपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म की सहायता से किया जाएगा.
- शुभारंभ के समय लाभार्थियों को ₹ 1.12 करोड़ राशि की 232 स्वीकृतियां प्रदान की गई.

5. मौजूदा एमएसएमई ग्राहकों से विश्लेषिकी-आधारित और प्रौद्योगिकी सक्षम एमएसएमई कारोबार कैनवास करना: इस पहल के अंतर्गत, जो ग्राहक केवल सावधि ऋण सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें हमारे समर्पित आउटबाउंड संपर्क केंद्र के अधिकारियों के माध्यम से सीसी/ओडी खातों की सुविधा के लिए संपर्क किया जाएगा. हमने 307 मौजूदा मीयादी ऋण ग्राहकों को ₹ 162.17 करोड़ की कार्यशील पूंजी सुविधाओं की क्रॉस सेलिंग की है. हम इसी प्रक्रिया के माध्यम से मौजूदा कार्यशील पूंजी ग्राहकों को सावधि ऋण सुविधा हेतु क्रॉस सेलिंग करने जा रहे हैं
6. पीएमएमवाई ऋण डिजिटल मोड के माध्यम से स्वीकृत किए जाते हैं.
7. एमएसएमई इकाइयों द्वारा उपयोग किए जाने वाले 2 मेगावाट तक की सौर ऊर्जा प्रणालियों के वित्तपोषण के लिए बैंक ने टाटा पावर के साथ समझौता किया है.
8. गुजरात राज्य में छोटे पैमाने पर वितरित सौर ऊर्जा निर्माण इकाइयों के लिए क्षेत्र विशिष्ट योजना शुरू की गई है.
9. बैंक ने विश्व बैंक से सहायता प्राप्त ऊर्जा दक्षता परियोजना के लिए पार्शियल रिस्क शेयरिंग फैसिलिटी (पीआरएसएफ) के लिए सिडबी के साथ समझौता ज्ञापन पर आधारित "बड़ौदा एनर्जी एफिशिएंट प्रोजेक्ट (बीईईपी)" वित्तपोषण योजना शुरू की है.
10. राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के साथ समझौता ज्ञापन- इस समझौता ज्ञापन के अनुसार, एनएसआईसी हमारे बैंक को एमएसएमई लीड प्रदान करेगा और उन मामलों के लिए बैंक को अपने प्रोसेसिंग शुल्क का 50% एनएसआईसी के साथ साझा करना होगा जहां उधारकर्ता को ऋण स्वीकृत किया गया है.

एमएसएमई पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के साथ विभिन्न घटकों को लिक्विडिटी सहायता प्रदान करने के लिए सप्लाइ चेन कारोबार हेतु बैंक के पास एक विशिष्ट वर्टिकल है. बैंक की सप्लाइ चेन फायनांस व्यवसाय एक डिजीटल और स्वचालित प्लेटफॉर्म पर अल्पकालिक कार्यशील वित्तपोषण उपलब्ध कराने हेतु एक सप्लाइ चेन सोल्यूशन है, जो रीयल टाइम अलर्ट, रिपोर्ट और एंड-टू-एंड ऑटोमेटेड रिकंसिलेशन प्रदान करता है.

31 मार्च, 2022 तक सप्लाइ चेन फायनांस पोर्टफोलियो के तहत ₹ 2,601.45 करोड़ की कुल सीमा में से एमएसएमई खंड के लिए ऑन-बोर्ड सीमा ₹ 1,464.45 करोड़ रुपये थी.

रिटेल ऋण

बैंक की रिटेल आस्तियां 31 मार्च, 2021 को ₹ 1,32,564 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2022 को 13.34% की समग्र वृद्धि के साथ ₹ 1,50,253 करोड़ रही. ऑर्गेनिक रिटेल ऋण (पोर्टफोलियो खरीद को छोड़कर) पिछले वर्ष की तुलना में 16.75% की वृद्धि के साथ ₹1,40,399 करोड़ रहा. 31 मार्च, 2022 को रिटेल आस्तियों में घरेलू अग्रिमों का हिस्सा 21.82% रहा.

वित्त वर्ष 2022 में रिटेल कारोबार की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:-

- बैंक की मॉर्गेज आधारित ऋण बही (आवास, मॉर्गेज एवं किराया प्राप्य) 31 मार्च, 2022 को ₹ 106844 करोड़ रही.
- रिटेल खंड के अंतर्गत ऑर्गेनिक ऑटो, शिक्षा और आवास ऋण में क्रमशः 19.49%, 16.74% और 11.25% की वृद्धि दर्ज की गई.
- बैंक की वैयक्तिक ऋण बही में 108.07% की वृद्धि हुई.
- बैंक ने 9 नए विशेषीकृत मॉर्गेज स्टोर (एसएमएस) खोले हैं जिससे 31 मार्च, 2022 को एसएमएस की कुल संख्या बढ़कर 135 हो गई है. ये स्टोर विशेषीकृत एवं तत्काल मॉर्गेज आधारित रिटेल ऋण प्रदान करने के लिए पूरे देश में स्थापित हैं.
- वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने प्रमुख शहरों में शिक्षा ऋण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 9 नए शिक्षा ऋण स्वीकृति सेल (ईएलएससी) खोले, जिनकी संख्या 31 मार्च, 2022 तक बढ़कर 11 हो गई.
- बैंक ने रिटेल ऋणों में वृद्धि के लिए लीड्स पर कार्रवाई हेतु डीएसटी चैनल शुरू किया है.
- गृह और मॉर्गेज ऋण में को-लेंडिंग के लिए बैंक ने सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीएचएफएल) के साथ टाई-अप किया है.
- बैंक ने अपने पोर्टल के साथ एकीकरण के माध्यम से वाहन ऋण जनरेशन हेतु मारुति, हुंडई और ओला के साथ साझेदारी की है.
- ग्राहक अब वेबसाइट, नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से जमा ऋण के एवज में रिटेल ऋण यानी एचएल, एएल, एमएल और ईएल ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं.
- विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों अर्थात् पीएमएवाई, इलेक्ट्रिक वाहन, छात्र ऋण कार्ड, रक्षा कर्मियों के तहत विशेष योजना और विशिष्ट उत्पाद विकसित किया गया.
- डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के तहत रिटेल ऋण उत्पादों जैसे गृह ऋण, वैयक्तिक ऋण एवं वाहन ऋण का सैद्धान्तिक अनुमोदन अब ऑनलाइन किया जा रहा है. बैंक अपने देयता ग्राहकों को ₹ 50,000 एवं ₹ 5,00,000 तक क्रमशः एंड-टू- एंड ऑनलाइन सूक्ष्म तथा लघु ऋण ऑफ़र कर रहा है. वर्ष के दौरान सरकारी कर्मचारी वेतन खाता ग्राहकों के लिए बड़ौदा वैयक्तिक ऋण और देयता ग्राहकों हेतु पूर्व अनुमोदित ऋण का शुभारंभ किया गया.
- अतिरिक्त सुविधाओं के साथ आईबीए मॉडल योजना के अनुरूप नवीनीकृत शिक्षा ऋण योजना की शुरुआत.
- अन्य रिटेल ऋणों को नवीनीकृत किया गया है और उन्हें अधिक प्रतिस्पर्धी और ग्राहक अनुकूल बनाया गया.

ग्रामीण और कृषि ऋण

बैंक में 8,168 घरेलू शाखाओं का नेटवर्क है जिसमें से 4,927 ग्रामीण एवं अर्ध शहरी शाखाओं का उपयोग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि क्षेत्र ऋण के लिए किया जा रहा है. 31 मार्च, 2022 को बैंक का कृषि अग्रिम बढ़कर ₹ 1,09,796 करोड़ हो गया.

बैंक 3 राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) और 1 केंद्र शासित प्रदेश अर्थात् दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) का संयोजक है. बैंक पूरे देश के 67 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वाह भी कर रहा है.

बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण देने में लगातार अग्रणी बना हुआ है, जिसे सरकार के "आत्मनिर्भर भारत" के विजन के साथ प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है. किसानों को पूंजी जनरेशन और कृषि और पशुपालन में एक मजबूत सुदृढ़ ढांचे का निर्माण करने के लिए बैंक सामान्य कृषि ऋण से अधिक विविधिकृत ग्रामीण नीति की तरफ आगे बढ़ रहा है. हम कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), पशुपालन अवसंरचना विकास कोष स्कीम (एएचआईडीएफ), पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज़ (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान योजना (पीएम कुसुम), प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और कंप्रेसड बायो गैस जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास योजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है.

बैंक ने अपने प्रमुख उत्पादों जैसे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), स्वर्ण ऋण, कृषि मशीनीकरण (ट्रैक्टर ऋण), बागवानी ऋण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तपोषण, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)/किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) को वित्तपोषण, उच्च तकनीक कृषि और खाद्य और कृषि-प्रोसेसिंग पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है. केसीसी तंत्र के दायरे में वर्ष के दौरान, बैंक ने 2.75 लाख नए केसीसी जारी किए जिनमें से 0.80 लाख पशुपालन एवं डेयरी (एएचडी केसीसी) पशुपालन और मत्स्य पालन गतिविधियों में लगे किसानों को जारी किए गए. बैंक ने अपनी माइक्रोफाइनेंस पहल के भाग के रूप में, वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान ₹ 2,782 करोड़ की राशि के ऋण प्रदान कर 92,615 एसएचजी को ऋण से जोड़ा है.

एसएचजी के ऋण लिंकेज को बढ़ाने के लिए बैंक विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) और अन्य निजी भागीदारों के साथ टाइ-अप को प्रोत्साहित कर रहा है. टर्नअराउंड समय में सुधार करने और एसएचजी के लिए बाधारहित तत्काल बचत बैंक खाता खोलने में सक्षम बनाने के लिए दिनांक 01.01.2022 से टैब बैंकिंग का शुभारंभ किया गया है. ट्रैक्टर ऋण में किसानों की सुविधा के लिए ब्याज दर को

ट्रैक्टर के एलटीवी से जोड़ा गया है. डिजिटल फ्रंट में, हमने किसानों को स्वर्ण ऋण हेतु डिजिटल यात्रा और किसान ऋण कार्ड के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देना आरंभ किया है.

हिंदी दिवस, विश्व हिंदी दिवस और मातृभाषा दिवस पूरे भारत और विदेशों में स्थित विभिन्न कार्यालयों/ शाखाओं में मनाए गए. वर्ष के दौरान बैंक के संयोजन में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टीओएलआईसी) वडोदरा को भाषाई क्षेत्र (ख) के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार की "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" योजना के तहत प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया.

इसी प्रकार, भारत सरकार के संबंधित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों द्वारा बैंक के संयोजन में कार्यरत वाराणसी, जोधपुर, जयपुर, राजकोट और बड़ौदा नराकास को पुरस्कारों के लिए चुना गया. भारत सरकार के संबंधित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु बैंक के बड़ौदा और पटना अंचल तथा क्षेत्रीय कार्यालय पणजी और वाराणसी को भी सम्मानित किया गया.

आपके बैंक ने देश के 70 विश्वविद्यालयों में हिंदी को लोकप्रिय बनाने हेतु अपनी विशिष्ट योजना "मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना" को जारी रखा है. इस योजना के तहत नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र उन दो विद्यार्थियों को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने एम.ए (हिंदी) में सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है.

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

बैंक की विरासत में सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु अपने विभिन्न विकास कार्यों के जरिए समाज सेवा का एक लंबा इतिहास है. एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में बैंक समाज कल्याण में विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए और उनके जीवन में सतत सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है. लाभदायक रोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, मानव कल्याण और महिलाओं एवं किसानों के उत्थान के लिए अन्य सामाजिक गतिविधियां बैंक के प्रमुख केन्द्र बिन्दु हैं. बैंक कमजोर वर्ग और ग्रामीण नागरिकों के लाभार्थ विभिन्न सामुदायिक विकास और सामाजिक-आर्थिक कल्याण गतिविधियों में लगे विभिन्न संगठनों की मदद कर रहा है.

बैंक के पास देश के 10 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 64 ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) केंद्र हैं जो ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के नवयुवकों को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्व-रोजगार सृजित करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करते हैं. प्रारम्भ से इन केंद्रों ने 20,644 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 5.75 लाख युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया है जिनमें से 3.85 लाख ने पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है या अपने स्वयं के उद्यम स्थापित किए हैं. आरसेटी के समग्र कार्यनिष्पादन/ कार्यप्रणाली के आधार पर ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी 64 आरसेटी केंद्रों को "एए" (उत्कृष्ट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

बैंक ने 12 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 85 वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) भी स्थापित किए हैं जो औपचारिक वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के व्यक्तियों को वित्तीय परामर्श सेवाएं और शिक्षा प्रदान करते हैं. ये केंद्र वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय आयोजना और किसी वैयक्तिक ऋण से संबंधित संकट को दूर करने संबंधी कार्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां करते हैं.

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक ने 8 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 93 वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) भी स्थापित किए हैं, जिनका उद्देश्य अभिनव पहलों और सहभागिता आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से आदिवासी और पिछड़े ब्लॉकों में वित्तीय साक्षरता प्रदान करना है.

बैंक ने गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्यों के 9 महत्वाकांक्षी जिलों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली दसवीं और बारहवीं कक्षा की टॉपर छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना भी शुरू की है.

पर्यावरण, समाज और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों के तहत पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में बैंक ने प्रत्येक ऑटो ऋण/ गृह ऋण संवितरण के साथ एक पौधा रोपण की प्रायोगिक पहल भी शुरू की है.

बैंक ने विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए भी दान किया है, जैसे परियोजना छाव के अंतर्गत सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुरक्षात्मक किट का वितरण, एआईआईएसएच, एआईआईएमएस को वाहनों का दान और चेन्नई के सरकारी मिडिल स्कूल को उसकी स्मार्ट क्लास परियोजना के लिए दान करना.

घरेलू अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम

बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड

बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीएफएसएल, जिसे पहले बॉबकार्ड्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है. यह जमा स्वीकार नहीं करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है. बीएफएसएल की स्थापना वर्ष 1994 में तेजी से बढ़ते क्रेडिट कार्ड उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की गई थी. बीएफएसएल क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली भारत की पहली गैर बैंकिंग कंपनी थी. कंपनी का मुख्य व्यवसाय क्रेडिट कार्ड जारी करना है. यह बैंक की ओर से मर्चेंट अधिग्रहण परिचालन कार्य के माध्यम से बैंक को सहायता भी प्रदान करती है.

बॉब फाइनेंशियल के लिए वित्त वर्ष 2022 एक ऐतिहासिक वर्ष रहा. महामारी के कारण उत्पन्न लगातार बदलती चुनौतियों के बावजूद इसनें एक प्रमुख भारतीय क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता के रूप में उभरने की अपनी महत्वाकांक्षा को इस वित्तीय वर्ष के दौरान हासिल उपलब्धियों और निवेशों के माध्यम से जाहिर की है.

वित्त वर्ष 2022 की प्रमुख विशेषताओं में नए उत्पादों की शुरूआत और नवोन्मेषिता रही जिसमें रुपे क्रेडिट कार्ड जारी करने से लेकर वैश्विक स्तर पर पहली बार कॉनक्यूआर-क्रेडिट कार्ड और क्यूआर स्वीकार्यता को संबद्ध करने वाला टू-इन-वन उत्पाद की शुरूआत जो मास्टरकार्ड (चूंकि यह पेटेंट का स्वामित्व रखता है) के साथ साझेदारी शामिल है.

कंपनी ने वृहद और विश्वसनीय संस्थानों के साथ-साथ नए युग की फिनटेक के साथ सह-ब्रांड साझेदारी कर विकास संबंधी अपनी दो-आयामी कार्यनीति (एक तरफ बॉब ग्राहकों और दूसरी तरफ प्रमुख साझेदारी) को लागू करना जारी रखा. इसमें एफपीएल टेक्नोलॉजीज (वनकार्ड हेतु) और क्रेडिटएआई (उन्नति-किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड हेतु) जैसे फिनटेक के साथ साझेदारी शामिल है, जिससे बॉब फाइनेंशियल को एक ऐसे जारीकर्ता के रूप में स्थापित किया गया है जो नए युग के साझेदारों के लिए सुग्राही है.

आईआरसीटीसी और भारतीय नौसेना के साथ सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्डों की भी शुरुआत की गई. भारतीय नौसेना की सह-ब्रांड ने बॉब फाइनेंशियल को रक्षा बलों के साथ सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के पोर्टफोलियो का विस्तार करने में सहायता की है और सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की शुरूआत करने के लिए भारतीय सेना, असम राइफल्स और भारतीय तटरक्षक बल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं.

वित्त वर्ष 2022 में 5,00,000 से अधिक नए क्रेडिट कार्ड जारी करते हुए कंपनी ने वित्त वर्ष 2021 में किए गए नए अधिग्रहण को दोगुना कर दिया है. यह 1 मिलियन या उससे अधिक के क्रेडिट कार्ड आधार के साथ कार्ड जारीकर्ताओं के विशिष्ट वर्ग में शामिल हो गयी है, इस प्रकार इसे भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में एक शीर्ष संस्था के रूप में प्रतिष्ठा मिली है. केवल मार्च 2022 में ही 1,30,000 से अधिक नए क्रेडिट कार्ड जारी किए गए जिसके आधार पर बॉब फाइनेंशियल को माह के दौरान शीर्ष 5 जारीकर्ताओं (अनुमानित) में से एक के रूप में स्थापित कर दिया गया है.

वित्त वर्ष 2021 की तुलना में रिटेल व्यय दोगुने से अधिक होकर लगभग ₹ 7,000 करोड़ रहा. यह वृद्धि प्रमुख ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मर्चेंटों के साथ साझेदारी में सभी मर्चेंट श्रेणियों में ग्राहकों के लिए उपयुक्त ऑफरों के माध्यम से संभव हुई है. सभी नियमित और ईएमआई खर्चों के समय हमेशा 100 से अधिक ग्राहक ऑफर लाइव थे.

रिटेल व्यय में वृद्धि उचित उत्पादों और ऑफरों की शुरुआत के अतिरिक्त ग्राहक अनुभव में सुधार की दिशा में की गई कई पहलों का भी परिणाम है. वेबसाइट, आईवीआर और एसएमएस के माध्यम से सेल्फ सर्विस अथवा परिवार के लिए ऐड-ऑन कार्ड, रेफरल कार्यक्रम, सोशल मीडिया पर सामयिक अभियान आदि जैसे पहलों ने ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने में सहायता प्रदान की, जिसके फलस्वरूप रिटेल व्यय में दोगुना से अधिक की वृद्धि हुई.

प्रौद्योगिकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना वित्त वर्ष 2022 में जारी रहा. फर्स्टविजन- अग्रणी कार्ड प्रबंधन प्रणाली की शुरूआत और टेबिट- बैंक ऑफ बड़ौदा का डिजिटल प्रारम्भ प्लेटफॉर्म पर 100% डिजिटल कार्ड जारी करने की शुरूआत आदि प्रमुख उपलब्धियां रही हैं. एक शीर्ष रैंकिंग, ग्राहक केन्द्रित क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता कंपनी बनने की कार्यनीति के अनुरूप शुरूआत से लेकर उपयोग और रिटेंशन तक ग्राहक प्रक्रिया के क्षेत्र में कई अन्य पहलें की गई.

बैंक ऑफ बड़ौदा के 18 अंचलों और 148 क्षेत्रों के साथ प्रभावी रूप से समन्वय रखने के लिए कंपनी ने मानव संसाधन और उपस्थिति केन्द्रों में भी निवेश करना जारी रखा. एक ओर यह बैंक की वितरण क्षमताओं का पूरा लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है वहीं बॉब फाइनेंशियल की वृद्धि संबंधी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप अपना विस्तार कर रही है.

(राशि करोड़ में)

बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड		
विवरण	वित्तीय वर्ष 2021	वित्तीय वर्ष 2022
कुल आस्तियां	972.16	1562.45
निवल लाभ/ (हानि)	10.73	10.07
चालू वित्तीय वर्ष के लिए निवल एनपीए स्तर	शून्य	29.07
क्रेडिट रेटिंग	क्रिसिल ए1+ इंडिया रेटिंग ए1+	क्रिसिल ए1+ इंडिया रेटिंग ए1+
आस्तियों पर रिटर्न	1.14%	0.66%

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बॉबकैप्स), बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है, जो सेबी पंजीकृत श्रेणी - I मर्चेंट बैंकर है और साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की सदस्यता के साथ स्टॉक ब्रोकर भी है.

बॉबकैप्स वित्तीय सेवाओं का विस्तृत स्पेक्ट्रम प्रदान करता है जिसमें प्राइमरी मार्केट/ पीई फंड, ऋण समूहन, दबावग्रस्त आस्तियों का निपटान, इक्विटी मूल्यांकन, विलय एवं अधिग्रहण एडवाइजरी तथा स्टॉक ब्रोकिंग (संस्थागत और रिटेल दोनों) शामिल हैं. इसमें दो परिचालन सेगमेंट हैं यथा - निवेश बैंकिंग और ब्रोकिंग एवं वितरण.

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बॉबकैप्स) ने वित्त वर्ष 2022 में अपने दोनों व्यावसायिक सेगमेंटों में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है और अपने व्यवसायों, मुख्य रूप से भारतीय पूंजी बाजारों की सुदृढ़ हो रही स्थिति और कोविड के उपरांत देश में पुनः आरंभ हुई आर्थिक गतिविधियों के बाद की भावी संभावनाओं के संबंध में आशावादी है. तथापि, बॉबकैप्स भारतीय रिज़र्व बैंक और मौजूदा भू-राजनीतिक द्वंदों सहित दुनिया भर के कई केंद्रीय बैंकों द्वारा की गई हाल की दर संबंधी कार्रवाइयों से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार करती है.

(₹ करोड़ में)

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड		
विवरण	वित्तीय वर्ष 2021	वित्तीय वर्ष 2022
कुल आस्तियां	175.59	187.97
निवल लाभ / हानि	9.34	7.72
ग्राहक आधार (संख्या)	26,715	35,191
शाखाओं की कुल संख्या	1	2

बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि.

बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज को वर्ष 2017 में बैंक द्वारा लिए गए एक नीतिपरक निर्णय के परिणामस्वरूप स्थापित किया गया था जिसका उद्देश्य सेवा संबंधी कार्यों को एकल इकाई में एकीकृत करना था ताकि सेवा कार्यों के डुप्लीकेशन और व्यावसायिक इकाई साइलो को कम किया जा सके तथा बेहतर तालमेल स्थापित किया जा सके और लागत को कम किया जा सके. केंद्रीकरण के कारण बैंक बेहतर दक्षता और लागत में कमी करने में सफल रहा है. इसने शाखाओं से एक बड़े कार्यबल को उन भूमिकाओं में भी पुनः अभिनियोजित किया है जिन्हें ऑटोमेट किया जा सकता है. इस सेटअप ने बैंक को बिक्री और सेवा कार्य पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाया है. इस सेटअप ने बैंक के लिए क्रॉस-सेल पहलों की शुरुआत कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

बीजीएसएस द्वारा केंद्रीकृत प्रोसेसिंग के सफल सेट-अप और स्केल-अप के आधार पर, बैंक ने ऋण सोर्सिंग और संग्रहण क्षमता में सुधार के नए क्षेत्रों में इसकी क्षमताओं का उपयोग करने का निर्णय लेते हुए बीजीएसएस में विश्वास व्यक्त किया है, जिससे बैंक की क्षमता में वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2021-22 में बीजीएसएस ने बैंक के लिए प्रत्यक्ष बिक्री टीम और संग्रहण इकाई की शुरुआत की है.

बैंक के वित्तीय समावेशन संबंधी उद्देश्यों में सहायता करने के लिए, बीजीएसएस को वित्तीय वर्ष 2022 में बीसी एजेंटों को अखिल भारतीय (विशेषकर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में) स्तर पर नियोजित करने हेतु बैंक के कॉर्पोरेट व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में सूचीबद्ध किया गया है.

शेयर्ड सर्विसेस केंद्रीय स्तर से निष्पादन एवं सामान्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से डेटा की उपलब्धता का लाभ उठाते हुए समय-समय पर आंतरिक एवं बाह्य आकलनों के द्वारा सुदृढ़ एवं सख्त नियंत्रण रखना भी सुनिश्चित करता है. बीजीएसएस की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

बीजीएसएस की पिछले वित्तीय वर्ष की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

1. बैंक के लिए अतिरिक्त ऋण व्यवसाय (एचएल, एएल, ईएल और एलएपी) जनरेट करने के लिए 750 से अधिक प्रत्यक्ष बिक्री टीम (डीएसटी) संबंधी संसाधनों को नियोजित किया गया.
2. बीजीएसएस द्वारा प्रबंधित फीट-ऑन-स्ट्रीट (एफओएस) संसाधनों और वेंडरों के माध्यम से वडोदरा में स्थापित संग्रहण इकाई द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान 90% से अधिक किस्तों के माह दर माह संग्रहण की प्राप्ति.
3. बैंक के उत्पादों से संबंधित लेनदेन की प्रोसेसिंग गतिविधियों को बीजीएसएस द्वारा नियुक्त और प्रबंधित व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) केंद्रों के माध्यम से शुरू किया गया है.
4. बीजीएसएस ने व्यापार वित्त में ₹ 1,000 करोड़ की बुकिंग और (डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म सहित) संपर्क केंद्र के माध्यम से खुदरा ऋण में ₹ 10,000 करोड़ से अधिक की सोर्सिंग कर क्रॉस सेल कारोबार में उत्कृष्टता जारी रखी है.
5. ग्राहक अनुभवों को बेहतर बनाने, विशेष रूप से आसानी से व्यवसाय करने के मामले में निरंतर चल रही प्रक्रिया के एक भाग

के रूप में, बीजीएसएस द्वारा की गई कुछ पहलों में बड़ौदा इंस्टा-ट्रेड प्लेटफॉर्म (व्यापार लेनदेन शुरू और प्रोसेस करने हेतु ग्राहकों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म) पर 1,000 से अधिक ग्राहकों को शामिल करना, शाखाओं में ग्राहक सेवा में सुधार के लिए कतार प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) शुरू करना और विशेषीकृत मॉर्गेज स्टोर्स (एसएमएस) में गृह ऋण फाइल लॉग-इन के लिए प्रोसेसिंग की सटीकता और गति में सुधार के लिए सभी स्थानों पर संसाधनों को नियोजित करना शामिल है.

6. उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग लेनदेन की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों में बीसी सखी ऑन-बोर्डिंग को क्रियान्वित करने में सहायता हेतु एक समर्पित आईटी प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया.

7. बीजीएसएस ने विभिन्न पहलों के माध्यम से उत्पादकता, फर्स्ट टाइम राइट (एफटीआर), टर्नअराउंड टाइम (टीएटी), एटीएम अपटाइम और त्रुटि में कमी जैसे मैट्रिक्स में वृद्धि और दक्षता में सुधार को निरंतर जारी रखा है.

बड़ौदा सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

बड़ौदा सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के रूप में निगमित किया गया है. कंपनी 5 जुलाई, 2017 को रजिस्ट्रार ऑफ़ कंपनीज, मुंबई और महाराष्ट्र में पंजीकृत हुई. कंपनी को बैंक के लिए विभिन्न प्रकार के व्यापार में आईटी समर्थित व्यापार समाधान/ आईटी सॉफ्टवेयर उत्पाद कार्यान्वयन से संबंधित मामलों पर सिस्टम इंटीग्रेटर सेवाएं, परामर्श और आईटी संवर्धन सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित गया है.

कंपनी ने अभी तक पूर्ण परिचालन शुरू नहीं किया है और यह बैंक के विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकलों में तकनीकी दक्षता प्रदान करने वाले विभिन्न व्यावसायिक आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा करने के लिए उद्यमवार आईटी परियोजनाओं और वित्तीय उत्पादों के विकास और समाधानों को कार्यान्वित करने के लिए कार्यक्रम / परियोजना प्रबंधन जैसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगी.

दि नैनीताल बैंक लि.

दि नैनीताल बैंक लिमिटेड (एनबीएल) मूल रूप से 1922 में स्वर्गीय भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत और अन्य द्वारा प्रवर्तित किया गया जो वर्ष 1973 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की अनुषंगी बना. नैनीताल बैंक लिमिटेड में बैंक की धारिता 98.57% है. एनबीएल का नैनीताल में अपना पंजीकृत कार्यालय है और पांच राज्यों अर्थात् उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हरियाणा और राजस्थान में इसका परिचालन करती है. 31 मार्च, 2022 तक एनबीएल की 164 शाखाएं हैं. एनबीएल का कुल कारोबार 31 मार्च, 2021 के ₹ 11,441 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2022 को ₹ 11,698 करोड़ हो गया. बैंक ने पिछले वर्ष के दौरान ₹ 1.26 करोड़ के निवल लाभ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2022 में ₹ 33.01 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया है.

बड़ौदा बीएनपी पारिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीबीएनपीए एएमसी)

बीबीएनपीपी एएमसी बैंक ऑफ़ बड़ौदा (50.10% शेयरधारिता) और बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट एशिया लिमिटेड (49.90% शेयरधारिता) की एक संयुक्त उद्यम है. यह कंपनी बड़ौदा बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड के लिए एसेट मैनेजर है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बीएनपी एशिया लिमिटेड (बीएनपी एशिया) ने दिनांक 11 अक्टूबर 2019 को भारत में अपनी एसेट मैनेजमेंट और ट्रस्टी कंपनियों का विलय करने के लिए बाध्यकारी करार पर हस्ताक्षर किए हैं. नियामक अनुमोदन प्राप्त होने और सेबी (एमएफ) विनियम के तहत आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने पर, संस्थाओं का 14 मार्च, 2022 से विलय प्रभावी हो गया. समेकित इकाई, दो साझेदारों की क्षमताओं - बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सशक्त ब्रांड नाम, पहुंच और रिटेल बाजार की समझ तथा व्यवसाय को विकसित करने हेतु बीएनपी पारिबास की वैश्विक तकनीकी जानकारी का लाभ मिलेगा.

विलय के पश्चात् पूरे भारत के 90 शहरों और कस्बों में टच पॉइंट के साथ-साथ उत्पाद रेंज, एयूएम और एयूएम में इक्विटी की हिस्सेदारी काफी बढ़ गई है.

(₹ **करोड़ में**)

बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड		
विवरण	**वित्त वर्ष 2021**	**वित्त वर्ष 2022**
कुल आस्तियां	78.39	147.18
निवल लाभ /हानि	1.76	(20.00)
प्रबंधन के तहत आस्तियां	8220.15	23393*
कुल एयूएम के लिए इक्विटी (%)	37%	60%

* इसमें ₹ 2,188 करोड़ की एडवाइजरी एयूएम शामिल है.

इंडियाफ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.

इंडियाफ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है, देश की सबसे नवीनतम बीमा कंपनियों में से एक है जिसकी प्रदत्त शेयर पूंजी ₹ 663 करोड़ है. यह कंपनी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की एक घरेलू अनुषंगी है जो कार्मल पॉइंट इन्वेस्टमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्रवर्तित है, जिसका स्वामित्व वारबर्ग पिंकस एलएलसी द्वारा प्रबंधित निजी इक्विटी फंडों के पास है. यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया कंपनी का तीसरा नीतिपरक साझेदार है.

वित्तीय वर्ष 2022 में, इंडियाफर्स्ट लाइफ वैयक्तिक नए व्यापार एपीई में सबसे तेजी से बढ़ने वाला जीवन बीमाकर्ता है, जिसने 2.4% की निजी बाजार हिस्सेदारी के साथ वर्ष दर वर्ष 50% की वृद्धि दर्ज की है और समग्र जीवन बीमा उद्योग (एलआईसी सहित) के सापेक्ष इसमें 3.2 गुना की वृद्धि हुई है. समग्र उद्योग की तुलना में तीव्र दर से वृद्धि के इस सुपर रिकॉर्ड को इंडियाफर्स्ट लाइफ द्वारा लगातार पिछले 8 वर्षों से (वित्त वर्ष 2014-15 से) बनाए रखा गया है. कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में निजी प्रतिस्पर्धियों के बीच वैयक्तिक नए व्यापार एपीई (वार्षिक प्रीमियम समतुल्य) में अपनी रैंकिंग में 1 स्थान का सुधार करते हुए 11वां स्थान प्राप्त किया है और 31 मार्च, 2022 को इसका ₹ 18,932 करोड़ का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) है.

इंडियाफर्स्ट लाइफ को लगातार चौथी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क (जीपीटीडब्ल्यू) के रूप में प्रमाणीकृत किया गया जिसे जीपीटीडब्ल्यू बीएफ़एसआई सर्वेक्षण द्वारा लगातार चौथी बार 'बीएफएसआई में सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल' में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त होने के साथ-साथ व्यावसायिक, शैक्षणिक और सरकारी संगठनों में उत्कृष्ट कार्यस्थलों को परिभाषित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानक के रूप में माना जाता है. इस कंपनी को इंडिया इंश्योरेंस समिट 2022 में 'लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ऑफ द ईयर' से भी सम्मानित किया गया है.

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड (इंफ्राडेब्ट) भारत में परिचालन शुरू करने वाली पहली इन्फ्रास्ट्रक्चर डेट फंड (आईडीएफ़) एनबीएफसी है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा और आईसीआईसीआई बैंक इस इंफ्राडेब्ट के प्रायोजक हैं और सिटी कॉर्प फाइनेंस (इंडिया) लिमिटेड एवं भारतीय जीवम बीमा निगम इसके अन्य शेयरधारकों में शामिल हैं. यह इंफ्राडेब्ट अपेक्षाकृत ऐसी सुरक्षित, पूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का वित्तपोषण करती है जिन्होंने एक वर्ष का वाणिज्यिक परिचालन पूर्ण कर लिया हो. इसकी स्थापना के बाद से इसे क्रिसिल, आईसीआरए और भारत रेटिंग द्वारा एएए/ स्टेबल आउटलुक के रूप में रेट किया गया है. इंफ्राडेब्ट को इसकी सभी आय पर 100% आयकर रियायत प्राप्त है.

मजबूत, स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं - विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं और सड़क परियोजनाओं के लिए ऋण देने पर इंफ्राडेब्ट का ध्यान केंद्रित होने के कारण बैंक में सहक्रियता उत्पन्न होती है और इस प्रकार भारत में हरित ऊर्जा को बढ़ावा तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जाता है. इन्फ्राडेब्ट का व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है. वित्त वर्ष 2022 में इसकी ऋण बही ₹ 14,729 करोड़ और शुद्ध लाभ ₹ 330 करोड़ (भारतीय जीएएपी के अनुसार) रहा तथा इक्विटी पर रिटर्न 14% रहा. इंफ्राडेट पिछले पांच वर्षों से लगातार लाभांश भी दे रही है.

बैंक की सभी घरेलू अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों का संक्षिप्त सारांश निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

इकाई	स्वामित्व वाली धनराशि	कुल आस्तियां	निवल लाभ	कार्यालय	कर्मचारी
बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड	287.56	1562.45	10.07	40	410
बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	165.03	187.97	7.72	2	103
बड़ौदा सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड	4.55	4.47	0.09	1	1
बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि.	20.53	32.02	9.07	5	1113
दि नैनीताल बैंक लि.	607.04	8337.85	33.00	5	941
बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	152.57	147.18	-20.00	13	150
बड़ौदा बीएनपी परिबास ट्रस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	0.09	0.24	0.012	1	1
इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	493	19,765	(282)	29	3,272
इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड	2,431.1	16,922.8	329.9	1	25

पुरस्कार

वित्तीय, डिजिटल फ्रंट और अन्य अनूठी पहलों में बैंक के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के सम्मान में, बैंक को वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान कई पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए जो निम्नानुसार हैं;

माह	वित्त वर्ष 2022 के दौरान प्राप्त पुरस्कारों के विवरण
अप्रैल 2021	एसोचैम राष्ट्रीय ई-शिखर सम्मेलन और पुरस्कार समारोह में बैंकिंग और वित्तीय ऋणदाता कंपनियों में बैंक ऑफ़ बड़ौदा को डिजिटल ऋण के तहत संयुक्त-विजेता और पीएसबी-विलय श्रेणी में डिजिटल सेवाओं के तहत विजेता घोषित किया गया.
मई **2021**	आउटलुक मनी अवार्ड्स के 20वें संस्करण में बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक' की श्रेणी में रजत पुरस्कार जीता. **अतिरिक्त सूचना:** आउटलुक मनी अवार्ड्स नॉलेज पार्टनर, केयर रेटिंग्स लिमिटेड और इसके प्रतिष्ठित जूरी बोर्ड ने पाया कि वित्त वर्ष 2020 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सभी मानदंडों में अच्छा प्रदर्शन किया है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा का समग्र स्कोर 5 में से 3.83 है.
जून **2021**	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को द इकोनॉमिक्स टाइम्स आइकॉनिक ब्रांड्स ऑफ़ इंडिया 2021 के चौथे संस्करण में **सम्मानित** किया गया, जिसमें सबसे प्रतिष्ठित ब्रांडों की सफलता की कहानियां शामिल थीं. **अतिरिक्त सूचना:** कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खिची ने 'द ईटी आइकोनिक ब्रांड्स ऑफ इंडिया 2021' के वर्चुअल सम्मेलन में दर्शकों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया, जिसमें सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड की सफलता की कहानियों को दर्शाते हुए उन ब्रांड की उल्लेखनीय विशेषताओं को रेखांकित किया गया जिसके आधार पर उन्होंने अपना श्रेष्ठ स्थान बनाया है. इस वर्चुअल अवार्ड में श्री पुरुषोत्तम, सीजीएम - खुदरा देयताएं, डब्ल्यूएमएस, मार्केटिंग और कैपिटल मार्केट्स एवं एनआरआई सेवाओं का एक वीडियो बाइट भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें महामारी के दौरान ब्रांड के विजन को रेखांकित किया गया.
सितंबर **2021**	द इकोनॉमिक टाइम्स बीएफएसआई इनोवेशन ट्राइब अवार्ड्स के चौथे संस्करण में बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बॉब वर्ल्ड के लिए सर्वश्रेष्ठ डिजिटल बैंकिंग उत्पाद के पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
अक्तूबर **2021**	बैंक ऑफ़ बड़ौदा, इसके प्रायोजित आरआरबी, यूटीएलबीसी दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (संयोजक बैंक ऑफ बड़ौदा) ने पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) से अटल पेंशन योजना में नामांकन हेतु आयोजित विभिन्न अभियानों के तहत 6 शीर्ष कार्य निष्पादन पुरस्कार प्राप्त किए। **अतिरिक्त सूचना:** श्री संजीव चड्ढा, एमडी एवं सीईओ, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रबंध निदेशक लीडरशिप कैपिटल 3.0 (जनवरी-फरवरी 2021) उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ. श्री विक्रमादित्य सिंह खीची को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्यपालक निदेशक एपीवाई बिग बिलीवर्स 3.0 (मार्च 21) प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त हुआ. श्री प्रभात के शर्मा, अध्यक्ष, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आरआरबी अध्यक्ष लीडरशिप कैपिटल 3.0 (जनवरी-फरवरी 2021) उत्कृष्टता का पुरस्कार प्राप्त हुआ. श्री प्रभात के शर्मा, अध्यक्ष, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आरआरबी अध्यक्ष एपीवाई बिग बिलीवर्स 3.0 (21 मार्च) सर्वोत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ. श्री आर सी गग्गर, अध्यक्ष, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आरआरबी अध्यक्ष लीडरशिप कैपिटल 3.0 (जनवरी-फरवरी 2021) उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ. वार्षिक पुरस्कार, उत्कृष्टता पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला यूटीएलबीसी, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव.
दिसंबर **2021**	टीम मार्क्समैन एवं एनडीटीवी 24X7 ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा को भारत के 50 सबसे भरोसेमंद बीएफएसआई ब्रांडों में से एक के रूप में सम्मानित किया.
दिसंबर **2021**	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को चैंबर ऑफ इंडियन माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (सीआईएमएसई) एमएसएमई बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार 2021 की चार श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया. सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई बैंक - विजेता सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई फ्रेंडली बैंक - विजेता सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग - उपविजेता सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु सर्वश्रेष्ठ बैंक उपविजेता

फरवरी 2022	बिजनेस टूडे-केपीएमजी बेस्ट बैंक सर्वे 2020-21 के 26वें एडिशन में बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 'बेस्ट इन इनोवेशन' और 'बेस्ट इन फिनटेक इनिशिएटिव' के रूप में दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया.
फरवरी 2022	बैंक ऑफ़ बड़ौदा को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के 17वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो एवं पुरस्कारों में लगातार द्वितीय वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक के रूप में चयनित किया गया है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा एआई/एमएल एवं डेटा एनालिटिक्स के सर्वश्रेष्ठ उपयोग और सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर सुरक्षा के लिए उपविजेता भी रहा.

लाभांश वितरण नीति

बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹ 2.85 के लाभांश की अनुशंसा की है. इस प्रकार लाभांश के रुप में कुल ₹1,473.84 करोड़ का व्यय होगा. इस लाभांश का भुगतान अपेक्षित अनुमोदनों के अधीन हैं. लाभांश वितरण नीति इस वार्षिक रिपोर्ट में दी गई है और बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है.

निदेशक मंडल (वर्ष के दौरान निदेशकों की नियुक्ति / उनके कार्यकाल की समाप्ति)

नियुक्तियां

- श्रीमती पार्वती वी. सुंदरम को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (सी) के तहत केंद्र सरकार द्वारा 13 अप्रैल, 2021 से अगले आदेश तक श्री अजय कुमार के स्थान पर भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया.
- श्री आलोक वाजपेयी को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (i) के तहत 09 जुलाई, 2021 से 08 जुलाई, 2024 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना गया.
- केंद्र सरकार द्वारा श्री अजय के खुराना, कार्यपालक निदेशक के कार्यकाल को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत उनकी वर्तमान में अधिसूचित अवधि जो 19 सितंबर, 2021 को समाप्त हो रही थी, को आगे दो वर्षों के लिए या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है.
- केंद्र सरकार द्वारा श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यपालक निदेशक के कार्यकाल को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत 30 सितंबर, 2021 से उनकी अधिवर्षिता की तारीख अर्थात् 31 जुलाई, 2022 तक या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है.
- श्री जयदीप दत्ता रॉय को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(ए) के तहत केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 21 अक्तूबर, 2021 से तीन वर्षों की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.
- श्री श्रीनिवासन श्रीधर को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (i) के तहत 12 दिसंबर, 2021 से 11 दिसंबर, 2024 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में पुनः चुना गया है.
- श्री अजय सिंघल को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (एच) के तहत 21 दिसंबर, 2021, अधिसूचना की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक मंडल के अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में नामित किया गया है.
- डॉ. हसमुख अढ़िया को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3) (एच) के तहत केंद्र सरकार द्वारा बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में पुनः नामित किया गया है और दिनांक 01 मार्च, 2022 से अगले दो वर्षों की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, गैर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति की अवधि बढ़ा दी गई है.

कार्यकाल की सामाप्ति

- इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में नियुक्ति पर श्री शांति लाल जैन का कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यकाल 1 सितंबर, 2021 से समाप्त हो गया.
- श्रीमती पार्वती वी. सुंदरम की नियुक्ति पर भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक के रूप में श्री अजय कुमार का कार्यकाल 13 अप्रैल, 2021 से समाप्त हो गया.

बोर्ड का मूल्यांकन

बैंक, पीएसबी गवर्नेंस सुधार - गैर-सरकारी निदेशकों की बेहतर प्रभावशीलता के माध्यम से गवर्नेंस में वृद्धि हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देश दिनांक 30 अगस्त, 2018 का पालन कर रहा है.

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर लेखापरीक्षकों का अनुपालन प्रमाणपत्र

सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 की अनुसूची V के 'भाग ई' के अनुसरण में इस रिपोर्ट के साथ वर्ष 2021-22 के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन के संबंध में लेखापरीक्षकों का अनुपालन प्रमाणपत्र संलग्न है.

व्यावसायिक दायित्व संबंधी रिपोर्ट

सेबी द्वारा आवश्यक, व्यावसायिक दायित्व संबंधी रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट (www.bankofbaroda.cio.in) पर उपलब्ध है. यदि कोई सदस्य उसकी भौतिक प्रति चाहते हैं तो वे बैंक के कंपनी सचिव को लिख सकते हैं.

निदेशकों का दायित्व संबंधी अभिकथन

निदेशकगण, इस आशय की पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक लेखों को तैयार करते समय:

ए) तथ्यात्मक विसंगतियां, यदि कोई हो, से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखा मानकों का पूर्णतः अनुपालन किया गया है;

बी) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई लेखांकन नीतियों का पालन किया गया तथा निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें विवेकपूर्ण, तर्कसंगत एवं न्यायोचित बनाया गया ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक की सत्य एवं वास्तविक स्थिति तथा उस अवधि हेतु बैंक के लाभ और हानि की वास्तविक एवं सुस्पष्ट स्थिति प्रस्तुत हो सके;

सी) निदेशकों ने, बैंक की आस्तियों की सुरक्षा और विभिन्न प्रकार की जालसाजी तथा अन्य अनियमितताओं से बचने तथा उनका पता लगाने हेतु बैंक के लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप लेखा-अभिलेखों के रखरखाव में समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है;

डी) निदेशकों ने लेखों को कार्यशील संस्था के आधार पर तैयार किया है; और

ई) निदेशकों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि बैंक द्वारा अपनाया जा रहा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप है और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से परिचालित हो रहे हैं. स्पष्टीकरण: इस खंड के उद्देश्यों के अनुरूप 'आंतरिक वित्तीय नियंत्रण' शब्दावली का अर्थ बैंक द्वारा अपने व्यवसाय का व्यवस्थित एवं कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए अपनायी गई नीतियों और प्रक्रियाओं से है. इसमें बैंक की नीतियों का अनुपालन, इसकी आस्तियों को सुरक्षित रखना, धोखाधड़ी और त्रुटियों का पता लगाना तथा उन्हें रोकना, लेखा रिकार्डों की शुद्धता और संपूर्णता तथा समय पर विश्वसनीय वित्तीय सूचना तैयार करना शामिल है;

एफ़) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु उचित प्रणालियां बनाई थी और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं तथा प्रभावी ढंग से परिचालित हो रही थीं.

आभार

निदेशक मंडल पूर्व कार्यपालक निदेशक श्री शांति लाल जैन और श्री अजय कुमार के योगदान की सराहना करता है.

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, अन्य विनियामक प्राधिकरणों और विदेशी विनियामकों के प्रति उनके सहयोग, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए सम्मानपूर्वक अपना आभार प्रकट करता है.

निदेशक मंडल अपने मूल्यवान ग्राहकों के प्रति बैंक के साथ उनके विश्वसनीय नियमित बैंकिंग संबंधों के लिए सम्मानपूर्वक अपना आभार प्रकट करता है.

निदेशक मंडल सभी शेयरधारकों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों, रेटिंग एजेंसियों, स्टॉक एक्सचेंजों और भारत तथा विदेश स्थित अपने हितैषियों के प्रति उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता एवं समर्थन के लिए अपना आभार प्रकट करता है.

निदेशक मंडल बैंक के कर्मचारियों का उनके कठिन परिश्रम और निष्ठापूर्ण समर्पण के लिए सरहाना करता है.

संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

DIRECTORS' REPORT

"Your Directors have pleasure in presenting the One Hundred and Fourteenth Annual Report of the bank with the audited Balance Sheet, Profit & Loss Account and the Report on Business and Operations for the year ended March 31, 2022 (FY 2022)."

Financial Performance

(₹ in crore)

Particulars	Year ended March 31, 2021	Year ended March 31, 2022
Deposits	9,66,996.93	10,45,938.56
of which - International Deposits	1,08,583.81	1,18,927.99
Domestic Deposits	8,58,413.12	9,27,010.57
of which- Current Account Deposits	61,609.03	68,779.64
Savings Bank Deposits	3,06,418.54	3,41,343.27
CASA Deposits	3,68,027.57	4,10,122.92
Domestic CASA to Domestic Deposits (%)	42.87	44.24
Net Advances	7,06,300.51	7,77,155.18
of which- Domestic Advances	6,05,615.80	6,53,381.55
International Advances	1,00,684.71	1,23,773.63
Total Assets	11,55,364.77	12,77,999.83
Net Interest Income (NII)	28,809.02	32,621.34
Other Income	12,933.97	11,483.95
of which-Trading gains	3,375.97	2,728.76
NII + Other Income	41,742.99	44,105.29
Operating Expenses	20,543.66	21,716.44
Operating Profit	21,199.34	22,388.85
Provisions (Other than Tax)	15,643.33	13,002.41
of which- Provisions for NPAs & Bad debts written off	12,407.71	14,640.12
Profit Before Tax	5,556.00	9,386.44
Provision for Tax	4,727.05	2,114.16
Net Profit	828.95	7,272.28
Appropriations/ Transfers		
Statutory Reserve	207.22	1,814.34
Capital Reserve	676.90	523.35
Revenue and Other Reserves		
I) General Reserve	-341.79	827.40
II) Special Reserve u/s 36 (I) (viii) of the Income Tax Act 1961	286.56	250.00
III) Investment Reserve Account	0.00	0.00
IV) Investment Fluctuation Reserve		2,368.42
V) Statutory Reserve (Foreign)	0.06	14.93
Proposed Dividend	0.00	1,473.84

(₹ in crore)

Key Performance Indicators	FY 2021	FY 2022
Average Cost of Funds (%)	4.11	3.64
Average Yield on Funds (%)	6.62	6.49
Average Interest Earning Assets	10,64,844	10,77,177
Average Interest Bearing Liabilities	10,14,762	10,24,804
Net Interest Margin (%)	2.71	3.03
Cost-Income Ratio (%)	49.22	49.24
Return on Average Assets (ROAA) (%)	0.07	0.60
Return on Equity (%)	1.50	11.82
Book Value per Share (₹)	106.72	118.97
Basic EPS (₹)	1.78	14.06

Total deposits of the bank increased to ₹10,45,939 crore during FY 2022 from ₹9,66,997 crore during FY 2021, there by registered a growth of 8.2% on a YoY basis. The domestic CASA of the bank recorded a growth of 11.4% on YoY basis, to reach to the level of ₹410,123 crore, during FY 2022. The Domestic Deposit also marked a growth of 8% on a YoY basis, which was increased to ₹9,27,011 crore, during the FY 2022. The Net advance of the bank increased to ₹7,77,155 crore during FY 2022 from ₹7,06,301 crore during FY 2021, there by recorded a growth of 10% during the period. The growth in Advance portfolio was supported by Retail Advance (organic) which grew by 16.8%, Agriculture advance which grew by 10.3%, MSME (organic) segment which grew by 5.4%, on a YoY basis during FY 2022. The net interest margin (NIM) improved by 32 bps to 3.03% during FY 2022 from 2.71% during FY 2021. Operating profit for the Bank rose to ₹ 22,389 crore during FY 2022 from ₹21,199 crore during FY 2021, an increase of 5.6% during the period.

Total provisions (other than tax) and contingencies declined to ₹ 13,002 crore during FY 2022 by 16.9% from ₹ 15,643 crore during FY 2021. Provisions for Non- Performing Assets (NPA) stood at ₹14,640 crore during FY 2022 compared with ₹12,408 crore during FY 2021. The Bank posted a net profit of ₹7,272 crore during FY 2022 from ₹829 Crore during FY 2021, marked a growth of 777% on a YoY basis.

Capital Adequacy Ratio (CAR)

(Ratios in %

	As on 31.03.2021	As on 31.03.2022
Capital Adequacy Ratio Basel III	14.99	15.84
CET I	10.94	11.59
Tier I	12.67	13.34
Tier II	2.32	2.50

The Capital Adequacy Ratio (CAR) of the bank increased to 15.84% as on March 31, 2022 from 14.99% as on March 31, 2021. CET-1 ratio also increased to 11.59% during FY 2022 from 10.94% during FY 2021. The consolidated group capital adequacy ratio increased to 16.33% as on 31.03.2022 as compared with 15.74% as on 31.03.2021.

During FY 2022, The Bank issued Additional Tier I (AT-I) capital bonds of ₹2,749 crore during FY 2022.

Net worth

The Bank's net worth as of March 31, 2022 was ₹61,521.92 crore comprising of paid-up equity capital of 1,035.53 crore and reserves of 60,486.39 crore (excluding revaluation reserves, foreign currency translation reserves and other intangible assets). The book value of the share (Face Value 2) was 118.97 as on March 31, 2022

Provisions towards Retirement and other benefits

During FY 2022, the Bank made provision towards contribution to gratuity (₹ 267.15 crore), pension funds (₹ 2387.40 crore), leave encashment, additional retirement benefits and other benefits (₹ 107.78 crore). Total provisions under these categories amounted to ₹2762.33 crore during FY 2022.

Dividend Distribution Policy

Board of Directors of the Bank has recommended a dividend of ₹ 2.85 per share for the financial year ended March 31, 2022. The total outgo in the form of dividend will be ₹ 1,473.84 crore. The payment of dividend is subject to requisite approvals.

Management Discussion and Analysis

Global Economy

The global economy emerged stronger from the Covid-19 pandemic, lifted by pent-up demand and improvement in industrial activity. Further, fast pace of vaccination in many countries supported rapid normalisation of economic activity. GDP growth bounced back from a contraction of 3.1% in 2020 to 6.1% in 2021. The pickup in growth was led by Emerging and Developing Economies (EMDEs) where growth picked up to 6.8% in 2021. Within this group, developing Asia outperformed with GDP growth at 7.3%, led by strong rebound in GDP growth in China and India at 8.1% and 8.9% respectively.

Improvement was also seen in GDP growth in Advanced Economies (AEs), registering growth of 5.2%. This was led by a sharp rebound in GDP growth in the US at 5.7%. On the other hand, growth in Japan remained relatively muted at 1.6% while the Euro area rebounded by 5.3%. Even within Euro Area, GDP growth in France recovered to 7%, while Germany's GDP expanded by only 2.8%.

There was also significant improvement in trade volumes as global growth recovered. World trade volume rose by 10.1%. Here again, EMDEs outperformed, noting a much sharper rebound in trade volumes than AEs. Commodity prices too increased as demand picked up. Oil prices rose by 67.3% led by a pick-up in demand that was not matched by supply due the limited investments made by the oil producers during the pandemic time. Non-fuel prices too increased by 26.8% as supply-chain bottlenecks lingered. As a result, global inflation rose in 2021. Inflation averaged about 3.1% in AEs, and much higher at 5.9% for EMDEs.

Global growth outlook is once again on shaky grounds due to the Russia-Ukraine war. The war has led to a sharp rise in already elevated global commodity prices thus intensifying the inflationary pressures. This has prompted central banks in several countries to cut back on the expansionary monetary policy and turn increasingly hawkish. Debt levels remain at record-high levels in several countries. As a result, global growth outlook has become more uncertain, with risks tilted to the downside. Global GDP growth is projected at 3.6% in 2022. Importantly, growth in EMDEs is expected to slow down to 3.8% in 2022 led by Russia and China. Russia's GDP is expected to contract sharply by 8.5% as a result of the war and international sanctions on its crucial energy sector. In China, GDP growth is expected to moderate to 4.4% as recent flare-ups in the pandemic and resulting lockdowns, especially some in key industrial areas, threaten to derail industrial activity and put further strain on supply chains.

Growth in AEs is also expected to slow down to 3.3% in 2022 led by US, Euro Area and UK. Growth is expected to slow-down in the US as monetary support is withdrawn at a much faster pace. In Euro Area, countries such as Germany and Italy with large manufacturing base and higher dependence on Russian energy imports, growth is expected to slow down markedly. Even in UK, tight financial conditions coupled with high inflation is likely to keep growth muted. Global inflation is also expected to remain elevated at 5.7%.

Indian Economy

India's economy grew by 8.7% in FY 2022 compared with a contraction of (-) 6.6% in FY 2021. Apart from favorable base, improvement in consumption expenditure (7.9% against -6% in FY'21), investment (15.8% from -10.4% in FY 2021), exports (24.3% compared with -9.2% in FY'21) and imports (35.5% from -13.8%) have contributed the most. Ebbing of the third wave of Covid-19, resumption of economic activities and universal vaccination has supported the growth story. RBI had expected GDP growth at 9.1% in FY'22.

Industrial activity recovered on the back of low base to 11.3% in Apr-Mar'22 compared with a decline of (-) 8.4% in Apr-Mar'21. This was led by manufacturing sector which registered an

increase of 11.7% in Apr-Mar'22 (-9.6% in Apr-Mar'21). Mining and electricity activity also improved by 12.2% and 7.9% respectively for the same period. Services activity improved in FY22 on the back of higher GST collections, port cargo volume, rail freight, property sales and domestic passenger.

The revival in growth was also positive for the government as the fiscal deficit remained close to the budgeted number at 6.9% in FY 2022. The same for FY 2023 has been targeted at 6.4%. This was achieved mainly due to buoyancy in overall tax revenue which were higher under the revised estimates at ₹20.79 lakh crore in FY 2022 against a budgeted number of ₹17.88 lakh crore. Higher outlays on certain essentials like food and fertilizers could be achieved without any untoward pressure on the government finances.

While overall growth did rebound in FY 2022 on the back of favourable base, however the pace of improvement was dampened specially in Q4FY 2022 on the back of global supply chain disruptions on account of Russia-Ukraine war. CPI inflation moderated to nearly 5.5% in FY 2022 from 6.2% in FY 2021. However, in Q4FY 2022 it had accelerated to 6.3% compared with 4.9% in Q4FY21. It had also edged upwards beyond the MPC's upper tolerance band during this period. This was on account of supply related disruptions and surge in commodity prices across the globe. Build up in food inflation was visible in Q4FY 2022 at 6.3% as against 3.6% in Q4FY 2021. Even core inflation had edged up to 6.1% in Q4FY 2022 especially on the back of surge in crude oil prices and pick-up in demand.

The external situation was comfortable even though capital flows on account of FPI was strained in the face of the current account balance turning negative. Forex reserves, which is the summary indicator of all developments on this front increased by ₹40.6 bn to reach ₹617.6 bn as of March 25, 2022. The rupee, on a point to point basis, ended at ₹76.18 on 25th March 2022 compared with ₹72.40 a year back, thus showing a depreciation of 5.2%. This was in line with the depreciation witnessed across most currencies due to the strengthening of the dollar.

Going forward, RBI expects growth at 7.2% in FY 2023. The upside to these estimates stem from the uptick in private investment and boost to domestic demand, also for contact intensive sectors. However, uncertainty due to geopolitical developments with hardening of commodity prices, surge in crude oil prices along with spread of new and contagious. Covid-19 variants continue to pose a significant downside risk to these estimates.

Developments in Indian Banking

Credit growth of Scheduled Commercial Banks (SCBs) improved to 9.6% as of March 2022 from 4.6% as of March 2021. This explains steady rebound of the credit off-take. Industry registered a significant improvement at 7.1% compared with a contraction of (-) 0.4% last year. Across the board uptick was seen for industries with micro and small (21.5% from 3.9% in Mar'21), medium industries (71.4% from 34.5%) reporting a substantial increase. Large industry witnessed a turnaround from -2.5% in FY21 to +0.9% in FY 2022. Credit off-take to services sector reported an increase of 8.9% as of March 2022. Consumer loans too noticed an improvement with much higher growth at 12.4% as of March 2022 from 10.7% in March 2021.

Growth in deposits was slower in FY 2022 at 8.9% as against 11.4% in FY 2021. While growth was higher in FY 2021 due to the pandemic where household's preferred the safety of bank deposits, the stock market book in FY 2022 did shift household funds to the equity segment as well as mutual funds where expected returns were perceived to be much better in an environment of low interest rates.

During the year the repo rate remained unchanged at 4%. The overnight MCLR came down marginally from 6.55/7.05 as of March 26, 2021 to 6.45/7.00% as on March 25, 2022. The term deposit rate for deposit of above 1 year averaged 4.90/5.50% and 5.00/6.0% respectively. The 10-year Gsec rate increased by around 50 bps from 6.32% to 6.83% during this period. The interest rate environment can be viewed against the background of central government borrowing of ₹11.27 lakh crore in FY22 (₹13.70 lakh crore in FY21) and gross state government borrowing of ₹6.70 lakh crore (₹7.78 lakh crore) in FY 2022.

There was also substantial improvement witnessed in the asset quality of banks which improved to 6.9% as of September. PSBs had a ratio of 8.8% and private banks 4.6%. The annualized slippage ratio for the Banking system as of September 2021 was 3.6%.

In order to enhance liquidity and with the objective to revive sectors, RBI had extended its on tap TLTRO scheme until Dec'21. Further, RBI had also provided fresh support of ₹50,000 crore to All India Financial Institutions (AIFIs) for new lending. It was also suggested to extend the Priority Sector Lending classifications for lending by banks to NBFCs to Sep'21 as this will ensure credit availability towards the following sectors-Agriculture, Housing and MSME. RBI has also extended to continue to enhance the interim WMA limit for states, so as to help them to manage their finances after facing difficulties during the pandemic, till Sep'21.

RBI had created an on-tap liquidity window with tenors of up to 3-years with objective to boost liquidity and separate window for contact intensive sectors was also proposed at repo rate till Jun'22. In order to facilitate credit transfers, NACH (National automated clearing house) will be made available throughout the week.

RBI enhanced the limit on e-RUPI vouchers issued by Governments to ₹1,00,000/-per voucher from ₹10,000 earlier, and also allowed its use multiple times. To help finance MSMEs, the NACH mandate limit for TReDS settlements was raised to ₹3 crore. Transaction limit for payments through UPI for Retail Direct Scheme and IPO applications was also raised from ₹2 lakh to ₹5 lakh.

The overall performance of your company should be viewed against this background.

EASE 3.0

EASE reforms agenda has contributed immensely towards the Bank's journey in achieving efficiency and ease of operations in almost all areas of operations, helping in providing an enhanced experience to its customers.

The action points under each phase of EASE Programme envisaged deep-rooted transformation in approach and building new capabilities.

In Government of India's EASE 3.0 index, Bank secured the "Second" position among all Public Sector Banks. As per the index, significant progress is seen in the Bank across five themes "Smart Lending for Aspiring India", "Tech-enabled ease of Banking", "Institutionalised Prudent Banking", "Governance and Outcome centric HR" and "Deepening FI and Customer Protection".

Bank ranked 'First' in categories of "Smart Lending for Aspiring India" and "Institutionalised Prudent Banking" under EASE 3.0 Index.

Bank secured the "second" place in 'Tech-enabled ease of Banking' and third place in 'Deepening FI and Customer Protection' categories under EASE 3.0 Index.

EASE 4.0

With innovative technologies & tools such as AI, Automation, data analytics and technical support services, critical back-end functions including document verification, background checks and seamless loan disbursals, making the process not only efficient, paperless and non-cumbersome, but also makes the customer feel in-charge of the entire process.

In Government of India's EASE 4.0 index, Bank secured 1st position for the first three quarters (Q1, Q2, & Q3) of FY 2022 among all the Public Sector Banks.

The Bank topped in the theme i.e. "Smart Lending for Aspiring India" for all the three quarters and improved the performance in the Theme "Governance and Outcome-centric HR".

Project BOB-NOWW: *The journey to shape the future Bank of Baroda continues*

Last year, Bank of Baroda embarked on a transformation journey - BOB-NOWW - to build an industry-first operating model through new ways of working and a reimagined retail network. Ever since, the project has successfully executed a variety of initiatives, bringing superior, tailored services to our customers, unlocking growth potential across businesses, and creating value for all our stakeholders.

The impact of these initiatives is captured below:

Unlocking business potential: The Bank is enhancing its business offerings across revenue lines with a special focus on Corporate and Wealth verticals. Marquee BOB-NOWW initiatives such as the Corporate Sales War room and Fee Booster Campaign simplified and speeded up processes within the Corporate Banking vertical, contributing significantly towards the 15% YoY growth in overall fee income this year. Next, the spotlight will be on the growing mid-corporate segment, where the Bank plans to strengthen its operating model, branch network and credit decision making process.

Meanwhile, the Wealth vertical closed the year with a 46% YoY jump in revenue at INR 317 crore, on the back of superior customer service and improved offerings in its Radiance business. Launching a central Digihub for remote support, a Sales War Room to drive the investment and insurance business and adding new talent further boosted customer-centricity and business focus.

Reimagined retail distribution network: Staying true to its vision of 'BOB everywhere', the Bank accelerated efforts to ramp up the total number of touch points, adding significantly to its BC network this year. As of March 2022, the total number of touch points grew to over 41,000, jumping close to 32 percent YOY. It also introduced new-age, compact and digital branch formats to offer seamless customer experience. Furthermore, the expanded BC network and revamped branches are being leveraged to allow easy accessibility to banking services such as home, auto and personal loans, credit cards, current accounts, etc., in rural areas.

Digital led experience: The Bank moved a step closer to its goal of digitizing critical banking services and processes, starting with the launch of 25 self-assisted customer journeys that enable faster and straight-through processing for transactions. It also piloted a video servicing solution for customers at its NRI centres and plans to soon introduce the tool at other touchpoints. Finally, several key offices have digitized certain approval processes through the paperless office initiative, bringing transparency and accountability to their operations.

New ways of working: Adopting digital channels allows for improved productivity and efficiency among the Bank staff and helps customers solve queries swiftly. To make this possible, several BOB-NOWW campaigns this year focused on adding customers to the Bank's flagship module app bob World. As a result, in FY 2022, the app added 1 Cr + customers, a feat achieved through successive campaigns and the collective efforts of branch employees and BCs. The total number of app activations presently stands at 2 Cr +, with a goal of reaching the 3 Cr + mark in FY 2023.

Business Performance

The highlights of business performance of the bank are as below:

Operating Performance

अदावाकृत लाभांश जो पहले ही अंतरित किया जा चुका हो या शेयर, जिन्हें आईईपीएफ में अंतरित किया जाना है, के संबंध में कृपया नोट करें कि आप वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ-5 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके और फॉर्म आईईपीएफ-5 में उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों के साथ बैंक को विधिवत हस्ताक्षरित उसकी एक भौतिक प्रति भेजकर आईईपीएफ से लाभांश राशि या शेयरों का दावा करने के हकदार हैं.

पारदर्शिता एवं अनुपालन अधिकारी

इसके अलावा, निम्नलिखित अतिरिक्त कार्यकलाप भी बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रणाली के तहत अधिक से अधिक प्रकटीकरण के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

Services (DFS), all the shares in respect of which dividend has remained unpaid / unclaimed for seven consecutive years or more and have been transferred to IEPF are also liable for transfer to IEPF.

In compliance thereof, the Bank is required to transfer unclaimed shares to IEPF of those shareholders who have not claimed dividend for past seven years and more to IEPF. Bank has already transferred unclaimed dividend upto FY2013-14 to IEPF.

The details of unclaimed dividends of the shareholders have been hosted on the Bank's website at https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/unpaid-dividend and that of KFin at https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx

Bank has issued individual letters to shareholders whose shares are eligible for transfer to IEPF. We request those shareholders to claim their unpaid dividend immediately / not later than three months from the date of said letter. In case Bank does not receive any claim, these shares will be transferred to the Demat Account of the IEPF Authority without any further notice.

Further, shareholder are also required to furnish Form ISR-1 and ISR-2 along with documents mentioned therein for processing their claim / request for unpaid dividend. Form ISR-1 and ISR-2 can be downloaded from the website of Bank of Baroda at https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/procedure-formats-for-physical-shareholders-of-bank and that of KFin at https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx

Please note that all benefits accruing on such shares in future shall also be transferred to the Demat Account of the IEPF Authority.

Please note that no claim shall lie against the Bank in respect of the unclaimed dividend amount and shares so transferred to IEPF.

CLAIMING OF UNCLAIMED DIVIDEND / SHARES TRANSFFERED TO IEPF:

With regard to the unclaimed dividend that has already been transferred or the shares which are to be transferred to IEPF, kindly note that you are entitled to claim the dividend amount or the shares from IEPF by submitting an online application in the prescribed Form IEPF-5 available on the website www.iepf.gov.in and sending a physical copy of the same duly signed to the Bank along with requisite documents enumerated in the Form IEPF- 5.

TRANSPARENCY & COMPLIANCE OFFICER

Further, the following additional functions also enhance the Bank's commitment to more and more disclosures and compliance under the Corporate Governance mechanism of the Bank.

- **पारदर्शिता अधिकारी**

केंद्रीय सूचना आयुक्त (सीआईसी) के दिशानिर्देशों के अनुपालन स्वरूप फरवरी 2011 से बैंक ने अपने एक वरिष्ठ अधिकारी को पारदर्शिता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है.

ए) सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) की धारा 4, जो सार्वजनिक प्राधिकारणों के दायित्व से संबंधित है, के क्रियान्वयन की निगरानी करना तथा इसकी प्रगति से उच्च प्रबंधन को अवगत कराना.

बी) सूचना का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रगति के संबंध में, केंद्रीय सूचना आयुक्त (सीआईसी) के साथ इंटरफेस के रूप में कार्य करना.

सी) केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), मानद सीपीआईओ द्वारा आरटीआई अनुरोधों पर सकारात्मक एवं समयबद्ध कार्रवाई के लिए अनुकूल परिवेश तैयार करने में मदद करना.

डी) आरटीआई संबंधित सभी विषयों के लिए आम जन के लिए संपर्क केंद्र के रूप में कार्य करना. बैंक ने इस अधिनियम के निर्देशानुसार अपनी वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित सूचना अपलोड किया है जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है.

अनुपालन संबंधी कार्य

बैंक में अनुपालन संबंधी कार्य, कॉर्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्य है. बैंक में इस कार्य को पर्याप्त रूप से सुचारू बनाया गया है और इसे स्वतंत्रता दी गई है. निदेशक मंडल, बैंक के अनुपालन जोखिम के प्रबंधन पर निगरानी रखता है. बैंक ने अनुपालन संबंधी कार्यों को स्पष्ट करते हुए अनुपालन नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित करवाकर एक प्रभावी और सक्रिय अनुपालन प्रणाली को लागू किया है.

अनुपालन कार्य, विभिन्न अधिनियमों अर्थात् बैंकिंग विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम तथा धनशोधन निवारक अधिनियम के सांविधिक प्रावधानों के साथ-साथ समय-समय पर जारी अन्य नियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. विदेशों में जहां पर बैंक के कार्यालय/शाखाएं स्थित हैं वहां पर भी बैंक वहां के विभिन्न नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड का सदस्य है और बीसीएसबीआई द्वारा निर्धारित मानकों और संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करता है. साथ ही बैंक आईबीए (भारतीय बैंक संघ), फेडाई (भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ) तथा फिम्डा (भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और डेरिवेटिव्स संघ), राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय निकाय के नियमों द्वारा जारी दिशानिर्देशों/अनुदेशों तथा आवश्यकतों का अनुपालन भी सुनिश्चित करता है.

- **Transparency Officer**

In Compliance with the directions of Central Information Commissioner (CIC), the Bank has appointed one of the Senior Officers as Transparency Officer, since February 2011. The transparency officer is responsible for the following functions:

a) To oversee the implementation of Section 4 of Right to Information (RTI) Act detailing with obligations of public authorities and to apprise the top management of its progress.

b) To be the interface for the Central Information Commissioner (CIC) regarding the progress in implementation of the RTI Act.

c) To help promote congenial conditions for positive and timely response to RTI requests by Central Public Information Officers (CPIS), deemed CPIOs.

d) To be a contact point for the public in all RTI- related matters. The Bank has uploaded all the required information as required by the Act in the specified format/s on Bank's website and information is updated from time to time.

- **Compliance Function**

Compliance function in the Bank is one of the key elements in its corporate governance structure. The compliance function in the Bank is adequately enabled and an independent function. The Board of Directors of the Bank oversees the management of the Bank's compliance risk. The Bank has put in place a robust compliance system including a well-documented and Board approved Compliance Policy outlining the Compliance philosophy of the Bank.

The Compliance function ensures strict observance of all statutory provisions contained in various legislations such as Banking Regulation Act, Reserve Bank of India Act, Foreign Exchange Management Act, Securities and Exchange Board of India Act and Prevention of Money Laundering Act etc. as well as ensures observance of other regulatory guidelines issued from time to time. Bank also ensures adherence to regulations of various Regulatory Authorities where the Bank is having its Offices/ Branches at overseas Centres. The Bank is a member of Banking Codes and Standards Board of India and ensures compliance of Standards and Codes prescribed by BCSBI. It also ensures adherence of various guidelines/instructions issued by IBA (Indian Banks Association), FEDAI (Foreign Exchange Dealers Association of India), FIMMDA (Fixed Income Money Market and Derivatives Association of India), National, State and Local Body laws and requirements.

अनुलग्नक 1

निदेशक मण्डल का गठन

डॉ. हसमुख अढ़िया – अध्यक्ष (गैर–कार्यकारी एवं स्वतंत्र निदेशक)

(जन्म तिथिः 3 नवंबर, 1958)

डॉ. हसमुख अढ़िया भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं जो दि. 30 नवंबर, 2018 को भारत सरकार के वित्त सचिव और राजस्व सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए. वे वर्तमान में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गैर–कार्यपालक अध्यक्ष हैं, और केन्द्रीय गुजरात विश्वविद्यालय के चांसलर भी हैं. वे भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरू एवं पंडित दीनदयाल उर्जा विश्वविद्यालय, गांधीनगर के बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स के सदस्य भी हैं. वे गुजरात उर्जा अनुसंधान एवं प्रबंधन संस्थान (जीईआरएमआई) के उपाध्यक्ष हैं.

डॉ. हसमुख अढ़िया को लेखा–शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त है. वे भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलूर से स्वर्ण पदक विजेता हैं तथा उन्होंने स्वामी विवेकानंद योग विश्वविद्यालय, बेंगलुरु से योग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है.

वित्त सचिव के रूप में उनकी पदस्थापना से पहले वे नवंबर, 2014 से अगस्त, 2015 तक भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव थे. वित्तीय सेवाओं के सचिव के रूप में बैंकिंग सुधार हेतु ज्ञान संगम और इंद्र धनुष जैसी कई नई कार्यनीतियों के क्रियान्वयन के साथ–साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा मुद्रा योजना के तहत सूक्ष्म वित्तपोषण आदि में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है.

वित्त/राजस्व सचिव के रूप में उन्होंने आयकर के साथ–साथ उत्पाद शुल्क और सेवा कर में भी कई अनुकूल पहले की है. इसके अलावा उन्होंने जीएसटी की आवश्यकता को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जिसके परिणामस्वरूप जीएसटी को सुचारू रूप से लागू किया गया. वे काले धन के विरूद्ध अपने अथक अभियान के लिए भी जाने जाते हैं.

वित्त मंत्रालय में पदस्थापना से पहले उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव (2003–06) के साथ–साथ प्रमुख सचिव (शिक्षा), गुजरात (2008–13), अपर मुख्य सचिव (वित्त), गुजरात (2013–14), उद्योग आयुक्त, गुजरात (2001–02), गुजरात औद्योगिक निवेश निगम और गुजरात औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक आदि पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं.

अपने पद के आधार पर, उन्होंने निम्नलिखित संस्थानों/ कंपनियों के निदेशक मंडल में कार्य किया: –

संस्थान	कंपनी
भारतीय रिज़र्व बैंक	इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल)
भारतीय स्टेट बैंक	एक्जिम बैंक
भारतीय जीवन बीमा निगम	जीएसटी नेटवर्क लिमिटेड

ANNEXURE 1 -

COMPOSITION OF THE BOARD

Dr. Hasmukh Adhia - Chairman (Non-Executive & Independent Director)

(DoB: 3rd November, 1958)

Dr. Hasmukh Adhia is an officer of Indian Administrative Service, who retired on 30th November, 2018 as Union Finance Secretary & Revenue Secretary in Government of India. He is at present non-executive Chairman of Bank of Baroda, and also the Chancellor of Central University of Gujarat. He serves as a member of Board of Governors of Indian Institute of Management Bangalore and Pandit Deendayal Energy University, Gandhinagar. He serves as Vice President in Gujarat Energy Research and Management Institute (GERMI).

Dr. Hasmukh Adhia has got a basic Post-Graduate degree in Accountancy. He is a Gold medalist from Indian Institute of Management, Bangalore and he holds a Ph.D. in Yoga from Swami Vivekanand Yoga University, Bangalore.

Prior to his posting as Finance Secretary, he was Secretary, Department of Financial Services, Ministry of Finance, Government of India for the period from November, 2014 till August, 2015. As Secretary, Financial Services, he was credited with many new strategies for banking reforms such as Gyan Sangam and Indra Dhanush as well as social security schemes of Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna, Jivan Jyoti Bima Yojna and Atal Pension Yojna, as also for the scheme of micro-financing of Mudra.

As Finance/Revenue Secretary, he was credited with bringing in many tax-friendly initiatives in the Income-Tax as well as Excise Duty and Service Tax. Also he pursued the agenda of GST systematically as a result of which GST was implemented smoothly. He is also known for his relentless drive against the black money.

Prior to posting in the Ministry of Finance, some of the other positions held by him include Principal Secretary to Chief Minister of Gujarat (2003-06), Principal Secretary (Education), Gujarat (2008-13), Additional Chief Secretary (Finance), Gujarat (2013-14), Industries Commissioner, Gujarat (2001-02), Managing Director of Gujarat Industrial Investment Corporation and Gujarat Industrial Development Corporation.

By virtue of his position, he served on the Board of Directors of following institutions/companies:-

Institutions	Companies
Reserve Bank of India	India Infrastructure Finance Company Limited (IIFCL)
State Bank of India	EXIM Bank
Life Insurance Corporation of India	GST Network Limited
Indian Institute of Management, Ahmedabad	Gujarat State Fertilizers Company

भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद	गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स कंपनी
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर	नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स कंपनी
केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर	गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम
निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद	
धीरूभाई अंबानी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संस्थान	

श्री संजीव चड्ढा–प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कार्यपालक)

(जन्मतिथि: 25 जून, 1963)

श्री संजीव चड्ढा ने 20 जनवरी, 2020 से बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पद संभाला है, आपको बैंकिंग क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है, आपने अपने कैरियर की शुरुआत वर्ष 1987 में भारतीय स्टेट बैंक से की थी.

श्री चड्ढा बैंक ऑफ़ बड़ौदा (यूके) लिमिटेड, इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड तथा बॉब फाइनेंशियल सोल्यूशंस लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी अध्यक्ष हैं. आप नेशनल इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी कार्यरत हैं और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट (एनआईबीएम) के शासी मंडल में हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्यदायित्व संभालने से पूर्व श्री चड्ढा एसबीआई की मर्चेंट और निवेश बैंकिंग इकाई एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ तथा एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड एवं एसबीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड के अध्यक्ष थे. श्री चड्ढा ने एसबीआई में 33 वर्षों तक कार्य किया है, जहां उन्होंने एसबीआई के यूके परिचालन में क्षेत्रीय प्रमुख, एसबीआई, लॉस एंजिलिस में सीईओ के साथ–साथ एसबीआई समूह के अध्यक्ष के कार्यपालक सचिव के रुप में विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन किया है.

श्री संजीव चड्ढा सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली के पूर्व छात्र हैं.

श्री अजय के खुराना – कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि : 17 मार्च, 1964)

श्री अजय के खुराना ने दिनांक 01.04.2020 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है. उन्होंने सीएआईआईबी की व्यावसायिक योग्यता के साथ बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट किया है. दिनांक 01.04.2020 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक के पद का दायित्व संभालने से पूर्व उन्होंने दिनांक 20.09.2018 से 31.03.2020 तक सिंडिकेट बैंक के निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशक के तौर पर सेवाएं प्रदान की. केंद्र सरकार ने श्री अजय के खुराना, कार्यपालक निदेशक की कार्यालय अवधि, जो 19 सितंबर 2021 को समाप्त हो रही थी, को अपकी वर्तमान अधिसूचित अवधि दो साल या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया है.

Indian Institute of Technology, Gandhi Nagar	Narmada Valley Fertilizer Company
Central University, Gandhi Nagar	Gujarat State Petroleum Corp.
Nirma University, Ahmedabad	
Dhirubhai Ambani Institute of Information & Communication Technology	

Shri Sanjiv Chadha - Managing Director & CEO (Executive)

(DoB: 25th June, 1963)

Shri Sanjiv Chadha, Managing Director & CEO of Bank of Baroda since 20th January 2020 has over 35 years' experience in banking & financial services having started his career with SBI in 1987.

Shri Chadha is also Chairman on the boards of Bank of Baroda (UK) Ltd., IndiaFirst Life Insurance Co. Ltd., BOB Capital Markets Ltd. & BOB Financial Solutions Ltd. He also serves on the board of National Insurance Co. Ltd & is on the Governing Board of National Institute of Bank Management (NIBM).

Prior to joining Bank of Baroda, Shri Chadha was the MD & CEO of SBI Capital Markets Ltd., the Merchant and Investment Banking arm of SBI, and Chairman of SBICAP Ventures Ltd. and SBI Securities Ltd. Shri Chadha spent 33 years at SBI, where he handled a diverse range of roles including the Regional Head for SBI's UK Operations, CEO of SBI Los Angeles as well as Executive Secretary to the Chairman of the SBI Group.

Shri Sanjiv Chadha is an alumnus of St. Stephen's College, Delhi.

Shri Ajay K. Khurana – Executive Director

(DoB: 17th March, 1964)

Shri Ajay K Khurana joined as Executive Director in Bank of Baroda on 01.04.2020. He is a Post graduate in Business Management with Professional Qualification of CAIIB. Prior to joining the Board of Bank of Baroda as Executive Director on 01.04.2020, he served on the Board of Syndicate Bank as an Executive Director from 20.09.2018 till 31.03.2020. Central Government has extended the term of office of Shri Ajay K. Khurana, Executive Director for a period of two years beyond his currently notified terms which expires on 19th September 2021, or until further orders, whichever is earlier.

आपने दिनांक 15.11.1988 को विजया बैंक में अधिकारी के रूप में सेवा ग्रहण की. उनके पास 17 वर्षों तक फील्ड स्तर के विभिन्न पदों पर तथा 4 वर्षों तक विजया बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में कार्य करने का व्यापक परिचालन अनुभव है. वे बैंक में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नत हुए. श्री अजय के खुराना को बैंक के महत्वपूर्ण विभागों जैसे कि ऑडिट, एनपीए वसूली, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, परिचालन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं कॉर्पोरेट क्रेडिट में कार्य करने का गहन अनुभव है.

आपने दिनांक 20.09.2018 को कार्यपालक निदेशक के रूप पदोन्नति प्राप्त कर विभिन्न पोर्टफोलियो यथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, ट्रेजरी एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वसूली, एमएसएमई, मिड कॉर्पोरेट एवं केंद्रीय लेखा विभाग के कार्यों को संभाला है.

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची – कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि: 24 जुलाई, 1962)

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) (ए) के तहत पूर्णकालिक निदेशक (कार्यपालक निदेशक के पद पर) के रूप में 01 अक्तूबर, 2018 को अपने कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए की गई है. केंद्र सरकार ने श्री विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यपालक निदेशक के कार्यालय की अवधि को 30 सितंबर 2021 से आगे की अवधि के लिए उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख अर्थात् 31 जुलाई, 2022 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक बढ़ा दिया है.

आपने एमबीए (वित्त एवं मार्केटिंग) किया है. साथ ही उन्होंने सीएआईआईबी और जीवन बीमा में एसोसिएट की व्यावसायिक योग्यता भी हासिल की है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा में आने के पूर्व वे देना बैंक में क्षेत्र महाप्रबंधक (गुजरात परिचालन) के पद पर कार्यरत थे.

देना बैंक में उन्होंने दिसम्बर 1985 में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में ज्वाइन किया. विभिन्न जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए वे महाप्रबंधक पद तक पदोन्नत हुए और मई 2015 में देना बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक (गुजरात परिचालन) का प्रभार ग्रहण किया.

परिवीक्षाधीन अधिकारी से शुरू कर महाप्रबंधक के रूप में विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों में अपनी 33 वर्षों की सेवा के दौरान उन्हें बैंकिंग परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का व्यापक अनुभव है. शाखा परिचालन के साथ–साथ नियंत्रक कार्यालय स्तर से आयोजना एवं नीति निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी उनका अहम योगदान रहा है.

आप बैंक के रिटेल बैंकिंग, मार्केटिंग (नई पहल एवं प्रोडक्ट डेवलपमेंट), मर्चेंट बैंकिंग, वसूली प्रबंधन, विदेशी कारोबार जैसे महत्वपूर्ण विभागों में कार्य करने का गहन अनुभव है.

श्री खीची ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, गुजरात के संयोजक के रूप में राज्य सरकार के वरिष्ठ प्राधिकारियों, भारतीय रिज़र्व बैंक सहित सभी बैंकों, बीमा कंपनियों एवं विभिन्न संगठनों के उच्चाधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ गुजरात में सरकार की वित्तीय समावेशन संबंधी विभिन्न क्रियाकलापों को पूरा करने में अपना भरपूर योगदान दिया है.

He joined Vijaya Bank as an Officer on 15.11.1988. He has a vast operational experience at field level covering 17 years in various capacities and 4 years as Regional Head at Vijaya Bank. He climbed up the ladder of Management and was promoted as General Manager. Shri. Ajay K Khurana has acquired rich experience while working in various key departments such as Audit, NPA Recovery, International Banking, Operations, Information Technology Dept. and Corporate Credit.

He was elevated to the rank of Executive Director on 20.09.2018 and handled various portfolios such as Information Technology Dept., Treasury & International Banking, Recovery, MSME, Mid Corporate and Central Accounts Dept.

Shri Vikramaditya Singh Khichi – Executive Director

(DoB: 24th July, 1962)

Shri Vikramaditya Singh Khichi was appointed as a Whole Time Director (designated as Executive Director) w.e.f. 01.10.2018 by the Central Government u/s 9(3)(a) of The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, for a period of three years with effect from the date of assumption of office on 1st October, 2018, or until further orders, whichever is earlier. Central Government has extended the term of office of Shri Vikramaditya Singh Khichi, Executive Director for a period beyond 30th September 2021 till the date of his superannuation, i.e., 31st July 2022, or until further orders, whichever is earlier.

He is an MBA (Finance and Marketing), with Professional Qualifications of CAIIB and Associate in Life Insurance. Prior to joining Bank of Baroda, he was working as Field General Manager (Gujarat Operations) in Dena Bank.

He Joined Dena Bank as Probationary Officer in December' 1985, gradually climbed up the ladder and got promoted as Field General Manager (Gujarat Operations) in May'2015 in Dena Bank.

Inculcated blend of operational experience at field level and of planning/policy formulation at Controlling Office during the tenure of 33 years in Dena Bank by serving in varying capacity from being Probationary Officer to General Manager in various Branches & Departments.

Acquired enriching experience across the breadth of various key departments such as Retail Banking, Marketing (New Initiative & Product Development), Merchant Banking, Recovery Management, Overseas Business Center etc.

Groomed leadership quality while discharging duty as Convenor of State Level Bankers' Committee, Gujarat and collaborated efforts with senior State Govt. officials, top executives from RBI and various Banks, Insurances Co. & different organisations in executing numerous Financial Inclusion initiatives of the Govt. in Gujarat State.

श्री देबदत्त चाँद – कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि: 31 जनवरी, 1971)

श्री देबदत्त चाँद को बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है और आपने दिनांक 10.03.2021 को कार्यदायित्व संभाल लिया है. श्री चाँद बीटेक, एमबीए, सीएआईआईबी, पीजी डिप्लोमा, इक्विटी रिसर्च एण्ड सर्टिफाइड पोर्टफोलियो मैनेजर की योग्यता से युक्त कुशल बैंकर हैं. आपके पास वाणिज्यिक बैंक एवं विकास वित्त संस्थानों में कार्य करने का 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है. आपने वर्ष 1994 में इलाहाबाद बैंक में अधिकारी के रूप में अपना करियर आरंभ किया एवं तदुपरांत लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) में वर्ष 1998 से 2005 तक प्रबंधक के रूप में कार्य किया. आप वर्ष 2005 में मुख्य प्रबंधक के रूप में पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े तथा आगे बढ़ते हुए मुख्य महाप्रबंधक के स्तर तक पहुंचे. बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यदायित्व संभालने के पूर्व आप पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में मुंबई अंचल के प्रमुख की भूमिका का निर्वाह कर रहे थे.

बैंकिंग उद्योग में अपनी लंबी यात्रा के दौरान आपने ट्रेजरी एवं निवेश बैंकिंग, बाजार जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता के साथ परिचालन और नीतिपरक बैंकिंग के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य किया है. आपने अंचल लेखा परीक्षा कार्यालय, पटना के प्रमुख, बरेली मंडल के प्रमुख, बैंक के एकीकृत ट्रेजरी परिचालन के प्रमुख और मुंबई अंचल, जो कि बैंक के सबसे बड़े अंचलों में से एक है, के प्रमुख के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाह किया.

आप पीएनबी प्रिंसिपल म्यूचुअल फंड, स्विफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं भारत के अनेक प्राइवेट इक्विटी फंड तथा पंजाब नेशनल बैंक की एक विदेशी अनुषंगी के निदेशक मंडल में भी रहे हैं.

श्री जयदीप दत्ता राय – कार्यपालक निदेशक

(जन्मतिथि : 01.07.1972)

जयदीप दत्ता राय जिनका बैंकिंग करियर 25 वर्षों का है, ने वर्ष 1996 में एचआर विशेषज्ञ अधिकारी के रूप में बैंक ऑफ़ बड़ौदा में सेवा ग्रहण किया.

बैंक में अपने कार्यकाल के दौरान आपने विभिन्न स्तरों पर मानव संसाधन से जुड़े कार्यों का संचालन किया है और बैंक के लिए कई प्रमुख मानव संसाधन परियोजनाओं एवं पहलों का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है. आपने बैंक की विभिन्न व्यावसायिक परियोजनाओं जैसे कि बिजनेस प्रोसेस रि–इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट, 'प्रोजेक्ट उड़ान' व 'स्पर्श' के रूप में व्यापक एचआर ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट एवं 'वी–लीड' जैसे दीर्घकालिक लीडरशिप प्रोग्राम, बैंक के पीएमएस टूल्स, बड़ौदा जेम्स आदि की सफलतापूर्वक शुरुआत कर इन्हें क्रियान्वित किया है.

बैंक के देहरादून एवं बरेली क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख के तौर पर सफलतापूर्वक कार्यदायित्व के निर्वाह के पश्चात आपकी पदस्थापना एम.डी एवं सीईओ कार्यालय में हुई जहां प्रशासन, निरीक्षण, स्वामित्व नियंत्रण व रिटर्न की दृष्टि से अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों के कार्यक्षेत्र को संभालने के साथ–साथ आप बैंक की कार्यनीति तैयार करने एवं इसके क्रियान्वयन

Shri Debadatta Chand – Executive Director

(DoB: 31st January, 1971)

Shri Debadatta Chand has been appointed as Executive Director of Bank of Baroda and assumed charge on 10.03.2021. Shri Chand is a B.Tech, MBA, CAIIB qualified Banker with PG Diploma in Equity Research and Certified Portfolio Manager. He has over 28 years of experience in Commercial Banks and Developmental Financial Institution. He started his career in Allahabad Bank as Officer in 1994 and subsequently worked as Manager in Small Industries Development Bank of India [SIDBI] from 1998 to 2005. He joined Punjab National Bank in the year 2005 as Chief Manager, rose to the level of Chief General Manager. Prior to joining Bank of Baroda as an Executive Director, he was heading Mumbai Zone as CGM, PNB.

During his long stint in the Banking Industry, he gained varied exposures in all important spheres of operational and strategic Banking with special expertise in Treasury & Investment Banking and Market Risk Management. He successfully handled the responsibilities such as Head of Zonal Audit Office, Patna, Circle Head of Bareilly, Head of Integrated Treasury Operation of the Bank and Zonal Head of Mumbai Zone – one of the Biggest Zones of the Bank.

He was also on the Board of PNB Principal Mutual Fund, SWIFT India Pvt. Ltd and many of the Private Equity funds ex-officio in India and also in one of the overseas subsidiaries of the Punjab National Bank.

Shri Joydeep Dutta Roy – Executive Director

(DOB: 01.07.1972)

Shri Joydeep Dutta Roy, a career Banker for around 25 years, joined Bank of Baroda as an HR specialist in the year 1996.

During his tenure in the Bank, he has handled a variety of HR functions across levels and has been instrumental in spearheading many marquee HR projects and initiatives for the Bank. He has also successfully initiated and implemented various Business projects for the Bank viz. Business Process Reengineering Project - Project Navnirmaan, Project Udaan, a comprehensive HR Transformation Project called SPARSH, customised long-term Leadership Programs like We-Lead, the Bank's Digital PMS tool called Baroda – GEMS, etc.

After completing very successful stints as the Regional Head of Bank's Dehradun and Bareilly Regions, he was posted at the Office of the MD & CEO, in charge of strategy formulation/ implementation, and conducting effective Bank level and Vertical level reviews, in addition to handling the Subsidiaries & JVs Vertical from a Governance, Oversight, Ownership controls and Returns perspective. He has been driving a Bank-wide transformation project called BOBNOWW, that

के प्रभारी रहे एवं आपने बैंक स्तर और वर्टिकल स्तर की प्रभावी समीक्षा का भी संचालन किया है. आपने बॉब-नाऊ नामक एक बैंक व्यापी रूपांतरण परियोजना का संचालन किया है जिसकी शुरुआत महामारी के बाद उत्पन्न डिजिटलीकरण की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु निर्मित परिस्थितियों के कारण की गई.

श्री जयदीप ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में ऑनर्स की डिग्री हासिल की है. इसके अलावा आपने विधि में स्नातक एवं नरसी मुंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई से एचआर में एमबीए डिग्री प्राप्त की है.

श्री अमित अग्रवाल– निदेशक (गैर–कार्यकारी एवं नामित निदेशक) – केंद्र सरकार के प्रतिनिधि

(जन्मतिथि: 27 जून, 1970)

श्री अमित अग्रवाल भारत सरकार द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (बी) के अंतर्गत जारी भारत सरकार की दिनांक 24 जनवरी, 2020 की अधिसूचना द्वारा बैंक के निदेशक मंडल में सरकार के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.

वे 1993 से भारतीय प्रशासनिक सेवा के सदस्य हैं. वर्ष 2016 से आप वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय में प्रारंभ में भारत सरकार के संयुक्त सचिव और वर्तमान में अपर सचिव के रूप में कार्यरत हैं.

आप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के पूर्ववर्त्ती छात्र रहे हैं. आपने भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों में विशेष रूप से वित्त, तकनीक और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष पदों पर कार्य किया है.

आपके पूर्व दायित्वों में प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद कार्यालय में सलाहकार एवं निदेशक, राष्ट्रीय नवोन्मेषिता परिषद के अध्यक्ष के साथ विशेष पदाधिकारी, विभिन्न राज्य सरकारों के विभागों और एजेंसियों के प्रमुख तथा जिला स्तर पर स्थानीय सरकारी कार्यालयों के प्रमुख के दायित्व शामिल हैं.

श्रीमती पार्वती वी सुंदरम – निदेशक (गैर– कार्यकारी एवं नामित निदेशक) भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधि

(जन्मतिथि: 24 नवंबर, 1959)

भारत सरकार के दिनांक 13 अप्रैल 2021 की अधिसूचना द्वारा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(सी) के तहत श्रीमती पार्वती वी सुंदरम को बैंक के निदेशक मंडल में भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है.

आपने एक वाणिज्यिक बैंकर के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की और 2 वर्ष के कार्यकाल के बाद आप मार्च 1984 में भारतीय रिज़र्व बैंक में शामिल हुई तथा 5 से अधिक केंद्रों पर भारतीय रिज़र्व बैंक के लगभग सभी प्रमुख विभागों में विविध पदों पर कार्य किया. आपको कुछ बड़े बैंकों के निदेशक मंडलों तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यदल/ समितियों में भारतीय रिजर्व बैंक की नामिती के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया. आपने भारतीय रिज़र्व बैंक के मुद्रा प्रबंधन तथा विधि विभाग के प्रभारी

was initiated in view of changed imperatives and push towards digitalisation, post the pandemic.

Shri Joydeep Dutta Roy holds an Honours degree in Economics from Delhi University, besides being a law graduate and an MBA in HR from the Narsee Monjee Institute of Management Studies in Mumbai.

Shri Amit Agrawal - Director (Non-Executive & Nominee Director) - Representing Central Government

(DoB: 27th June 1970)

Shri Amit Agrawal has been appointed as the Government Nominee Director by the Central Government on the Board of the Bank w.e.f. 25.01.2020 vide Government of India notification dated 24th January, 2020 under section 9(3) (b) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970

He is a member of the Indian Administrative Service since 1993. Since 2016, he has served in the Ministry of Finance, Department of Financial Services, initially as Joint Secretary to the Government of India and currently as Additional Secretary.

An alumnus of Indian Institute of Technology Kanpur, he has served in top positions in the Government of India and the State Governments of Chhattisgarh and Madhya Pradesh, broadly in the areas of finance, technology and technical education.

His earlier charges include that of Director in the Prime Minister's Office; Adviser and Director in the Office of Prime Minister's Economic Advisory Council; Officer on Special Duty with the Chairman of the National Innovation Council; Head of various State Government departments and agencies; and Head of District-level Local Governments.

Smt. Parvathy V Sundaram - Director (Non-Executive & Nominee Director) - Representing Reserve Bank of India

(DoB: 24th November, 1959)

Smt. Parvathy V Sundaram has been appointed as the RBI Nominee Director on the Board of the Bank vide Government of India notification dated 13th April, 2021 under section 9(3) (c) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970

She started her career as a commercial banker and after a 2 year stint moved over to the Reserve Bank of India in March 1984 and worked in various capacities in almost all major departments of the RBI in over 5 centres. She was deputed as RBI's nominee in a few bank boards and international working groups/ committees. She served as the Executive Director in charge of the Currency Management and Legal Departments of the Reserve Bank of India and superannuated from the RBI in November 2019.

कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्य किया और आप नवंबर 2019 में भारतीय रिज़र्व बैंक से सेवानिवृत्त हुई.

केन्द्रीय बैंकिंग विनियमन तथा पर्यवेक्षण में आपके कुछ महत्वपूर्ण कार्यदायित्व निम्नानुसार रहें:-

वर्ष 2015-17 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा की गई आस्ति गुणवत्ता समीक्षा की प्रत्यक्ष निगरानी जिसमें समीक्षा की योजना एवं निष्पादन, गुणवत्ता आश्वासन, निष्कर्षों की जांच एवं सत्यापन, क्रिस्टलीकरण एवं कनवेयेंस प्रावधान, बैंकों के शीर्ष प्रबंधनों के साथ विचार-विमर्श, पूंजी आंकलन, परिदृश्य विश्लेषण, अभ्यावेदनों की समीक्षा तथा प्रभाव आकलन आदि शामिल है.

सभी बैंकों का जोखिम आधारित पर्यवेक्षण पर माइग्रेशन तथा विनियामक एवं प्रणालीगत बदलावों को शामिल करने के लिए समय-समय पर मॉडल में सुधार करना, छोटे विदेशी बैंकों के लिए एक छोटा बैंक वेरियंट मॉडल विकसित करना जो स्थानीय परिचालन पर केन्द्रित हो तथा पर्यवेक्षण हेतु प्रक्रियाओं और कौशल में विकास करना.

बैंकों के लिए संशोधित पीसीए दिशानिर्देशों के निर्धारण, अनुकूलन तथा अंतिम स्वरूप देने संबंधी कार्य की निगरानी.

आप भारतीय रिज़र्व बैंक के सीमांत निधि लागत पर आधारित उधार दर (एमसीएलआर) प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु गठित आंतरिक अध्ययन समूह तथा भारत में पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री की स्थापना की आवश्यकता के मूल्यांकन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की सदस्य रही हैं.

श्री अजय सिंघल - निदेशक (गैर-कार्यकारी एवं स्वतंत्र निदेशक)

(जन्मतिथि: 14 नवंबर, 1974)

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(एच) के तहत केंद्र सरकार द्वारा श्री अजय सिंघल को दिनांक 21 दिसंबर, 2021 से 3 वर्षों की अवधि के लिए निदेशक के रूप में नामित किया गया है.

आप पेशे से सनदी लेखाकार है. आपने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से एलएलबी की परीक्षा भी पास की है. विगत 20 वर्षों के दौरान आपकी विशेषज्ञता के क्षेत्रों में लेखा परीक्षा, कराधान, बैंकिंग व वित्त आदि शामिल है.

आपने वर्ष 2016-17 के दौरान सीआईआरसी के इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड ऑफ़ इंडिया की ग्वालियर शाखा के अध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवा प्रदान की है. श्री सिंघल ने अगस्त 2018 से जुलाई 2021 तक बामर लॉरी निवेश लिमिटेड (पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का उद्यम) में भी स्वतंत्र निदेशक के पद पर कार्य किया तथा निदेशक मंडल की लेखा-परीक्षा समिति के अध्यक्ष भी रहे हैं. श्री सिंघल मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल द्वारा नियुक्त बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं. वे विभिन्न सामाजिक एवं वाणिज्यिक संगठनों से भी जुड़े रहे हैं तथा मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ़ कॉमर्स व स्टडीज के कार्यपालक सदस्य हैं.

आपने विधि, बैंकिंग चार्टेड अकाउंटेंसी व अन्य संबद्ध क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार व सम्मेलनों में प्रतिभागिता की है और समाज के दलित वर्ग को प्रशिक्षण दिए जाने व उन्हें प्रेरित करने में उनकी विशेष अभिरुचि है.

Some of her assignments in the areas of Central Banking Regulation and supervision included:

- Direct oversight of the Asset Quality Review undertaken by the RBI in 2015-17 including planning and execution of the review, quality assurance, vetting and validation of findings, provision crystallisation and conveyance, discussions with top management of the banks, capital assessment, scenario analysis, review of representations and impact estimation.
- Migration of all banks to Risk Based Supervision and ensuring periodic improvements in the model to capture regulatory and systemic changes, developing a Small Bank Variant Model for small foreign banks with focus on niche operations and improving processes and skills for supervision,.
- Overseeing the framing, fine-tuning and finalisation of the revised PCA guidelines for banks

She was a member in the Internal Study Group of the RBI to Review the Working of the Marginal Cost of Funds based Lending Rate (MCLR) System and a member of the High Level Task Force constituted by RBI for evaluating the need for establishing a Public Credit Registry in India.

Shri Ajay Singhal – Director (Non-Executive & Independent Director)

(DoB: 14th November, 1974)

Shri Ajay Singhal has been nominated by the Central Government as Director w.e.f. 21st December 2021 under section 9(3)(h) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970, for a period of 3 years.

He is engaged in the profession of Chartered Accountancy. He had also passed the LLB examination from the Jiwaji University, Gwalior. During last 20 years his areas of specialization includes Audit, Taxation, Banking & Finance, etc.

He has served as a Chairman of Gwalior Branch of CIRC of Institute of Chartered of India in the year 2016-17. Mr Singhal also served as an Independent Director in the Balmer Lawrie Investment Ltd. (A Government of India Enterprise under Ministry of Petroleum) from Aug 2018 to July 2021 and also chaired the Audit Committee of the Board. Mr. Singhal was also an Executive Council Member of Barkatullah University, Bhopal appointed by the Hon'ble Governor of Madhya Pradesh. He is also associated with various social & commercial organizations. He is an Executive Member of Madhya Pradesh Chamber of Commerce & Industries Gwalior.

He has taken part in various National Level seminars & conferences on Law, Banking, Chartered Accountancy and other associated areas and have interest in training & motivating the down trodden class of the society.

श्रीमती सौंदरा कुमार– निदेशक (गैर–कार्यकारी एवं स्वतंत्र निदेशक)– शेयरधारक निदेशक

(जन्मतिथि: 15 अगस्त, 1954)

श्रीमती सौंदरा कुमार ने हमारे निदेशक मंडल में बैंक के शेयरधारकों के प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है. आपको बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के तहत दिनांक 24 दिसंबर, 2020 से अगली 3 वर्ष की अवधि अर्थात् 23 दिसंबर, 2023 तक के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में पुन: चुना गया है (पूर्व कार्यकाल की अवधि 24 दिसंबर, 2017 से 23 दिसंबर, 2023 तक थी). आपने स्टेला मैरिस कॉलेज, चेन्नई से गणित में स्नातक किया है.

आपने 1975 में भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया और 2014 में अपनी सेवानृवित्त तक कार्यरत रही. इस अवधि के दौरान उन्होंने एसएमई, रिटेल और कृषि एवं ग्रामीण (वित्तीय समावेशन) शाखाओं के शाखा प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया. आपने तिरुचिरापल्ली में बैंक के प्रशिक्षण केन्द्र में संकाय सदस्य के रूप में कार्य किया है. आप चेन्नै सर्कल में क्षेत्रीय प्रमुख के पद पर भी रही और शहर में 40 से अधिक शाखाओं की देखरेख की. उप महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नत होने पर आपको सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में कैलिफोर्निया की आर्टेसिया शाखा में पदस्थापित किया गया. तत्पश्चात आपने बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया) के प्रेसिडेंट के रूप में तथा बैंक की लॉस एंजल्स एजेंसी के सीईओ के रूप में कार्यरत रही हैं.

आप अक्तूबर 2008 से बैंक के सहयोगी स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की प्रबंध निदेशक भी रहीं जहां आपने 2010 में इसका सफलतापूर्वक विलय मूल बैंक में करवाया. तत्पश्चात आप बैंक के बेंगलुरु अंचल कार्यालय की प्रमुख बनी जिसके अंतर्गत सम्पूर्ण कर्नाटक राज्य की 400 से अधिक शाखाओं का परिचालन संभाला. वर्ष 2014 में अपनी सेवानिवृति तक आप बैंक के कार्पोरेट सेंटर, मुंबई में दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन प्रभारी के रूप में उप प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत रहीं.

आप बैंक के कॉर्पोरेट सेंटर में 3 वर्षों से अधिक की अवधि तक होलसेल बैंकिंग क्रेडिट समिति की प्रमुख भी रहीं जहां आपने उच्च मूल्य वाले व्यावसायिक ऋण प्रस्तावों के मूल्यांकन का कार्य किया और आप कॉर्पोरेट सेंटर निवेश समिति एवं क्रेडिट नीति व प्रक्रिया समिति की स्थायी सदस्य भी रही हैं. आपने वित्तीय समावेशन हेतु व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल को बेहतर बनाने के उपायों की अनुसंशा हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यकारी समूह की सदस्य के रूप में भी कार्य किया है. आप भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित कॉर्पोरेट ऋण पुनर्गठन तंत्र के कोर समूह की भी सदस्य रही हैं.

आपने एआरसीआईएल, सरसाई, सिडबी वेंचर कैपिटल आदि के निदेशक मंडल में एसबीआई के नामित निदेशक के रूप में भी कार्य किया है. वर्तमान में आप टीएनपीएल, रैमको सीमेंट, शांति गीयर्स जैसी सूचीबद्ध कंपनियों सहित कई कंपनियों में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यरत हैं.

Smt. Soundara Kumar - Director (Non-Executive & Independent Director) - Shareholder Director

(DoB: 15th August, 1954)

Smt. Soundara Kumar joined our Board as a Director representing Shareholders of the Bank. She has been re-elected as Shareholder Director with effect from 24th December 2020 under section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970, for a further period of three years i.e. upto 23rd December 2023 (earlier Term was for the period from 24th December, 2017 to 23rd December, 2020). She has done her graduation in Mathematics from Stella Maris College, Chennai.

She joined State Bank of India as a Probationary Officer in 1975 and continued till her retirement in 2014. During this period she held various assignments including heading branches, SME, Retail and Rural & Agriculture (Financial Inclusion). She was also a faculty member in the Bank's Training Centre, at Tiruchirapalli. She held the position of Regional Manager in the Chennai Circle and had control over -40- branches in the city. On promotion as Dy. General Manager, she was posted to Artesia branch in California as Senior Vice President. Later, she performed as President of the Bank's fully owned subsidiary, State Bank of India (California) and CEO of the Los Angeles Agency of the Bank.

She was Managing Director of the Bank's Associate, State Bank of Indore from October, 2008, where she successfully steered the merger of the Bank with the Parent Bank in 2010. Thereafter, she headed the Bangalore circle of the Bank overseeing the operations of over -400- branches across the state of Karnataka. She also held the position of Dy. Managing Director, in charge of Stressed Assets Management, in the Bank's Corporate Centre, Mumbai, till her retirement in 2014.

She also headed Wholesale Banking Credit Committee of the Bank at Corporate Centre, for over -3- years, evaluating high-value commercial credit proposals and was a permanent member of Corporate Centre Investment Committee and Credit Policies and Procedures Committee. She also served as member of RBI Working Group to recommend measures for scaling up the Business Correspondent (BC) model for Financial Inclusion. She was also a member of Core Group of Corporate Debt Restructuring mechanism set up by RBI.

She also served as a nominee director of SBI on the Boards of ARCIL, CERSAI, SIDBI Venture Capital etc. Currently, she serves as Independent Director on the Boards of several Companies including listed Companies like TNPL, Ramco Cements, Shanti Gears etc.

श्री श्रीनिवासन श्रीधर– निदेशक (गैर–कार्यकारी एवं स्वतंत्र निदेशक)– शेयरधारक निदेशक

(जन्मतिथि: 3 मई, 1960)

श्री श्रीनिवासन श्रीधर ने हमारे निदेशक मंडल में बैंक के शेयरधारकों के प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है. आपको बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के तहत दिनांक 12 दिसंबर, 2021 से अगली 3 वर्ष की अवधि अर्थात् 11 दिसंबर, 2024 तक के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में पुन: चुना गया है (पूर्व कार्यकाल की अवधि 12 दिसंबर, 2018 से 11 दिसंबर, 2021 तक थी). श्री श्रीनिवासन श्रीधर ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम (ऑनर्स) किया है और आप एक सनदी लेखाकार भी हैं.

आप 2013 से एक अग्रणी ग्लोबल मैनेजमेंट परामर्शदाता फर्म से जुड़े हुए हैं. इस क्षेत्र में आपने अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों, निदेशक मंडल एवं अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों के साथ प्रबंधन कार्यनीति, क्लाइंट कवरेज मॉडल, उत्पाद एवं वितरण कार्यनीति तथा कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन जैसे विषयों पर कार्य किया है.

आपको देश–विदेश में वित्तीय सेवा विशेषज्ञ के रूप में 30 वर्षों से भी अधिक का अनुभव है. आप सिटीग्रुप से 28 वर्षों से जुड़े रहे और एशिया, अफ्रीका व यूरोप के 6 देशों में कार्य किया. आपने सिटीग्रुप के 3 देशों के सीईओ, भारत के कॉर्पोरेट बैंकिंग प्रमुख, अफ्रीका में ट्रांजेक्शन सेवाओं के प्रमुख तथा मध्य व पूर्वी यूरोप, मध्य पूर्व एवं अफ्रीका में बैंकिंग सेवा समूहों के प्रमुख के रूप में भी कार्य किया है. श्री श्रीधर को बैंकिंग का व्यापक अनुभव है और कॉर्पोरेट एवं निवेश बैंकिंग, उत्पाद प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस एवं विनियामक अनुपालन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कार्य करने का बृहद अनुभव है.

आप मुंबई में रहते हैं और आप बॉलीवुड, फुटबॉल एवं वन्य प्राणियों में रूचि रखते हैं. आप बाल कल्याण, आर्थिक सशक्तीकरण, सुविधाओं से वंचित लोगों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक कार्यों से भी जुड़े हैं.

श्री आलोक वाजपेयी – निदेशक (गैर–कार्यकारी एवं स्वतंत्र निदेशक)– शेयरधारक निदेशक

(जन्मतिथि: 24 अगस्त, 1960)

श्री आलोक वाजपेयी ने हमारे निदेशक मंडल में बैंक के शेयरधारकों के प्रतिनिधि के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है. आपको बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के तहत दिनांक 09 जुलाई, 2021 से 3 वर्ष की अवधि अर्थात् 08 जुलाई, 2024 तक के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना गया है.

आपका वित्तीय सेवाओं और गवर्नेंस के क्षेत्र में लगभग 40 वर्षों का अनुभव है और आपने वैश्विक पूंजी बाजार, निवेश एवं धनसंपदा प्रबंधन के क्षेत्र में और तत्पश्चात एक सफल उद्यमी के रूप में यूके, एशिया एवं भारत में कार्य किया है.

आपने लंदन स्थित ईवाई (EY) में भी कार्य किया है और लंदन तथा एशिया में

Shri Srinivasan Sridhar - Director (Non-Executive & Independent Director) - Shareholder Director

(DoB: 3rd May, 1960)

Shri Srinivasan Sridhar joined our Board as a Director representing Shareholders of the Bank. He has been re-elected as Shareholder Director with effect from 12th December 2021 under section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970, for a further period of three years i.e. upto 11th December 2024 (earlier Term was for the period from 12th December, 2018 to 11th December, 2021). Shri. Srinivasan Sridhar is a B.Com(Hons.) graduate from Delhi University and is also a Chartered Accountant.

He has been associated with a leading global management consulting firm since 2013. In this role he works with CEOs, Boards of Directors and other senior leaders of top Financial Services companies in the region on topics such as Management Strategy, Client Coverage Models, Product and Distribution Strategies, Cost Optimization etc.

He is a financial services expert with over 30 years of experience gained internationally and in India. He was with Citigroup for 28 years and has worked in 6 countries across Asia, Africa and Europe. Some of the leadership positions he held with Citigroup included being CEO for three countries, Corporate Bank Head for India, Transaction Services Head for Africa and Bank Services Group Head for Central, Eastern Europe, Middle East and Africa. Mr. Sridhar brings deep banking experience and track record from around the globe in areas such as Corporate and Investment Banking, Product Management, Risk Management, Governance and Regulatory Compliance.

He lives in Mumbai and is passionate about Bollywood, Football and Wildlife. The social causes that he cares about are child welfare, economic empowerment, education and health for the under-privileged.

Shri Alok Vajpeyi - Director (Non-Executive & Independent Director) - Shareholder Director

(DoB: 24th August, 1960)

Shri Alok Vajpeyi joined our Board as a Director representing Shareholders of the Bank. He has been elected as Shareholder Director with effect from 09th July 2021 under section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970, for a period of three years i.e. upto 08th July 2024.

His career in financial services and governance spans nearly 40 years across UK, Asia and India in global capital markets, investment and wealth management and later as a successful entrepreneur.

He has worked with EY in London and held senior positions in global institutions such as Swiss Bank Corporation in London and Asia, Barclays Bank in Asia and India, DSP Merrill

स्विस बैंक कॉर्पोरेशन, एशिया और भारत में बार्कलेज बैंक तथा भारत में डीएसपी मेरिल लिंच, डीएसपी ब्लैकरॉक और डाइवा जैसे वैश्विक संस्थानों में वरिष्ठ पदों पर रहे हैं. आपने वर्ष 2009 में एक बड़े विविध वित्तीय सेवा कारोबार डॉने डे एवी की स्थापना की और सफलतापूर्वक इसकी बिक्री की. आपने सेबी, एएमएफआई, भारतीय रिजर्व बैंक और एक्सचेंजों – बीएसई और एनएसई जैसी भारतीय नियामक संस्थाओं में विभिन्न पदों एवं समितियों में कार्य किया है और फिनटेक पर भारत में डीआईटी (यूके सरकार) के बाह्य सलाहकार के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं.

श्री आलोक वाजपेयी वर्ष 2012 से विभिन्न कंपनियों के कार्यनीतिक सलाहकार, उद्यमी, निवेशक और बोर्ड में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं एवं चयनित व्यक्तियों के विश्वसनीय सलाहकार भी रहे हैं. आपने हाल ही में भारत में एक प्रमुख जैविक खाद्य कंपनी कॉन्शियस फूड लिमिटेड का अधिग्रहण भी किया है और इसके अलावा आप वर्तमान में मुख्य रूप से वित्तीय, एफएमसीजी और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं.

आप मेसर्स एवी एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एवेंडस कैपिटल पब्लिक मार्केट्स अल्टरनेट स्ट्रेटजीज एलएलपी, मेसर्स कॉन्शियस फूड प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स डिजिटल गोल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स लिटिलमोर इनोवेशन पीटीई लिमिटेड और मेसर्स सुला विनेयार्ड्स प्रा. लिमिटेड के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं. आप इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी थे और जुलाई, 2021 में बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक मंडल में नियुक्त होने से ठीक पहले आपने इस कंपनी से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि बैंक के पास इसका स्वामित्व है और यह कंपनी का एक प्रमुख शेयरधारक है.

श्री आलोक वाजपेयी का जन्म वर्ष 1961 में हुआ. आप इंग्लैंड और वेल्स में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान के एसोसिएट सदस्य हैं और आपने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और विकास में विशेषज्ञता के साथ बीएससी (Econ) की डिग्री प्राप्त की है.

निदेशकों से संबंधित अन्य विवरण:

Lynch, DSP Blackrock and Daiwa in India. He founded and successfully sold in 2009 - Dawnay Day AV, a large diversified financial services business. He has worked closely with Indian regulators such as SEBI, AMFI, RBI and Exchanges - BSE and NSE - in various capacities and committees, and as External Adviser to DIT (UK Government) Government in India on Fintech.

Since 2012 Shri Alok Vajpeyi continues to be a Strategic Advisor, Entrepreneur, Investor and Board Director across a diverse set of companies and also relishes mentoring select individuals. He recently acquired control of Conscious Food Ltd, a leading organic food company in India, and in addition his current interests are largely in the financial, FMCG and technology sectors.

ii) अन्य बैंक	ii) Other Banks	**5384,64,11**		14123,53,13	
iii) अन्य संस्थान एवं एजेंसियां	iii) Other Institutions and Agencies	**67774,42,50**		22522,64,29	
iv) नवोन्मेषी बेमीयादी ऋण लिखत (आईपीडीआई) एवं एटी1	iv) Innovative Perpetual Debt Instruments (IPDI) & AT1	**11231,00,00**		10807,00,00	
v) गौण बांड	v) Subordinated Bonds	**11606,50,00**		11606,50,00	
कुल (I से V)	**TOTAL (I to V)**		**95996,56,61**		59059,67,42
II. भारत से बाहर उधार ली गई राशियां	**II Borrowings outside India**		**7902,71,94**		7788,25,52
कुल - उधार ली गई राशियां (I एवं II)	**Total - Borrowings (I & II)**		**103899,28,55**		66847,92,94
उपरोक्त में शामिल जमानती उधार ली गई राशियां	Secured Borrowings included in above		**59089,36,57**		7725,47,91
अनुसूची - 5	**SCHEDULE - 5**				
अन्य देयताएं और प्रावधान	**OTHER LIABILITIES AND PROVISIONS**				
I देय बिल	I Bills Payable		**3979,35,16**		2659,23,08
II अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	II Inter Office Adjustments (Net)		**1929,22,27**		180,78,03
III उपचित ब्याज	III Interest Accrued		**4030,37,42**		4178,80,12
IV मानक अग्रिमों की एवज में आकस्मिक प्रावधान	IV Contingent Provision against Standard Advances		**6963,90,78**		9607,89,56
V अन्य (प्रावधानों सहित)	V Others (including provisions)		**25349,40,89**		27847,48,61
कुल (I से V)	**TOTAL (I to V)**		**42252,26,52**		44474,19,40
अनुसूची - 6	**SCHEDULE - 6**				
भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकदी और शेष	**CASH AND BALANCES WITH RESERVE BANK OF INDIA**				
I उपलब्ध नकदी (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	I Cash in hand (including foreign currency notes)		**4439,08,88**		4178,20,33
II भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष राशि	II Balances with Reserve Bank of India				
चालू खाते में	in Current Account		**50745,27,47**		34662,79,25
अन्य खाते में	In Other Account		**4,18**		4,18
कुल (I और II)	**TOTAL (I & II)**		**55184,40,53**		38841,03,76

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022		31 मार्च 2021 को As at 31st March 2021	
अनुसूची - 7 **बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि**	**SCHEDULE - 7** **BALANCES WITH BANKS AND MONEY AT CALL & SHORT NOTICE**				
I भारत में	**I In India**				
i) बैंकों के पास शेष राशि	i) Balances with Banks				
ए) चालू खातों में	a) in Current Accounts	**104,82,41**		66,35,92	
बी) अन्य जमा खातों में	b) in Other Deposit Accounts	**5310,44,93**	**5415,27,34**	4277,14,20	4343,50,12
ii) मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	ii) Money at call and short notice with				
ए) बैंकों के पास	a) Banks	**16000,00,00**		7285,00,00	
बी) अन्य संस्थानों के पास	b) Other institutions	**-**	**16000,00,00**	29,40,36	7314,40,36
कुल (i और ii)	**TOTAL (i and ii)**		**21415,27,34**		11657,90,48
II भारत से बाहर	**II Outside India**				
i) चालू खातों में	i) in Current Accounts	**31539,75,55**		35082,81,80	
ii) अन्य जमा खातों में	ii) in Other Deposit Accounts	**5611,71,08**		24839,26,11	
iii) बैंकों के पास मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	iii) Money at Call and Short Notice with Banks	**8903,85,08**		9991,79,54	
कुल (i, ii और iii)	**TOTAL (i, ii and iii)**		**46055,31,71**		69913,87,45
कुल (I और II)	**TOTAL (I and II)**		**67470,59,05**		81571,77,93
अनुसूची - 8 **निवेश**	**SCHEDULE - 8** **INVESTMENTS**				
I भारत में निवेश (सकल)	I Investments in India (Gross)	**304062,04,19**		251708,42,57	
घटायें: मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	Less: Provision for Depreciation	**3950,07,44**		3433,88,82	
भारत में निवल निवेश	Net Investments in India		**300111,96,75**		248274,53,75
अलग - अलग विवरण	B R E A K - U P				
i) सरकारी प्रतिभूतियां	i) Government Securities	**273266,11,25**		226796,48,01	
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	ii) Other Approved Securities	**1,41,40**		1,41,40	
iii) शेयर	iii) Shares	**2597,48,70**		2842,71,13	
iv) डिबेंचर और बांड	iv) Debentures and Bonds	**20950,48,82**		16131,13,94	
v) अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम	v) Subsidiaries and/or Joint Ventures	**2352,50,59**		1487,58,69	
vi) अन्य निवेश (म्यूचुअल फंड, पास-थ्रू प्रमाणपत्र, वेंचर कॅपिटल फंड, सिक्यूरिटी रसीद आदि.)	vi) Other Investments (Mutual Funds, Pass Through Certificates, Venture Capital Fund, Security Receipts etc.)	**943,95,99**		1015,20,58	
		300111,96,75		248274,53,75	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022		31 मार्च 2021 को As at 31st March 2021	
II भारत के बाहर निवेश (सकल)	II **Investments Outside India (Gross)**	**16753,43,28**		13185,52,79	
घटायें : मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	Less: Provision for Depreciation	**1070,01,30**		239,79,92	
भारत के बाहर निवल निवेश	Net Investments Outside India		**15683,41,98**		12945,72,87
अलग - अलग विवरण	B R E A K - U P				
i) सरकारी प्रतिभूतियां (स्थानीय प्राधिकरणों सहित)	i) Government Securities (Including Local Authorities)	**6108,21,94**		4498,79,38	
ii) विदेशों में अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम	ii) Subsidiaries and/or joint ventures abroad	**2034,31,06**		2034,31,06	
iii) अन्य निवेश (डिबेंचर, बांड आदि.)	iii) Other Investments (Debentures, Bonds etc.)	**7540,88,98**		6412,62,43	
		15683,41,98		12945,72,87	
कुल (I और II)	**TOTAL (I and II)**		**315795,38,73**		261220,26,62
अनुसूची - 9 अग्रिम	**SCHEDULE - 9 ADVANCES**				
ए i) खरीदे और भुनाए गए बिल	A. i) Bills Purchased and Discounted	**23111,53,66**		21687,85,30	
ii) नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकौती योग्य ऋण	ii) Cash Credits, Overdrafts and Loans Repayable on Demand	**297981,97,16**		282739,46,18	
iii) मीयादी ऋण	iii) Term Loans	**456061,66,96**		401873,19,67	
कुल ए (i से iii)	**TOTAL A (i to iii)**		**777155,17,78**		706300,51,15
बी. i) मूर्त आस्तियों से प्रतिभूत (बही ऋण के सापेक्ष अग्रिमों सहित)	B. i) Secured by Tangible Assets (includes advances against Book Debts)	**574322,26,09**		552294,51,70	
ii) बैंक / सरकारी गारंटी से रक्षित	ii) Covered by Bank/ Government Guarantees	**68302,03,43**		61311,67,95	
iii) गैर - जमानती	iii) Unsecured	**134530,88,26**		92694,31,50	
कुल बी (i से iii)	**TOTAL B (i to iii)**		**777155,17,78**		706300,51,15
सी. I भारत में अग्रिम	C. I Advances in India				
i प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	i. Priority Sector	**230865,33,09**		219473,30,21	
ii सार्वजनिक क्षेत्र	ii. Public Sector	**119463,80,60**		99631,32,82	
iii बैंक	iii. Banks	**2271,06,47**		1499,20,38	
iv अन्य	iv. Others	**300781,34,33**	**653381,54,49**	285011,96,94	605615,80,35
II भारत से बाहर अग्रिम	II Advances Outside India				
i बैंकों से देय	i Due from Banks	**34947,25,47**		27887,94,53	
ii अन्य से देय	ii Due from Others				

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022		31 मार्च 2021 को As at 31st March 2021	
ए) खरीदे और भुनाए गए बिल	a) Bills Purchased & Discounted	**3655,18,08**		2614,10,75	
बी) सिंडीकेट ऋण	b) Syndicated Loans	**57430,16,32**		38503,31,80	
सी) अन्य	c) Others	**27741,03,42**	**123773,63,29**	31679,33,72	100684,70,80
कुल सी (I एवं II)	**TOTAL C (I & II)**		**777155,17,78**		706300,51,15

अनुसूची - 10

SCHEDULE - 10

अचल आस्तियां

FIXED ASSETS

I परिसर	**I Premises**				
पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding year	**11706,58,35**		11970,40,57	
वर्ष के दौरान परिवर्धन / समायोजन (पुर्नमूल्यांकित राशि सहित)	Additions/adjustments during the period (Includes revalued amount)	**2677,92,93**		128,87,61	
		14384,51,28		12099,28,18	
वर्ष के दौरान कटौतियां / समायोजन	Deductions/adjustments during the period	**13,68,17**		392,69,83	
		14370,83,11		11706,58,35	
घटाएं:- आज की तारीख तक मूल्यह्रास / परिशोधन	Less:- Depreciation/ Amortisation to date	**5962,54,61**	**8408,28,50**	5180,93,20	6525,65,15
II अन्य अचल आस्तियां (फर्नीचर एवं फिक्सचर को मिलाकर)	**II Other Fixed Assets (including Furniture & Fixtures)**				
पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding year	**8324,64,52**		7907,07,32	
अवधि के दौरान परिवर्धन / समायोजन	Additions/adjustments during the period	**726,70,95**		2553,74,14	
		9051,35,47		10460,81,46	
अवधि के दौरान कटौती / समायोजन	Deductions/adjustments during the period	**192,97,01**		2136,16,94	
		8858,38,46		8324,64,52	
घटाएं: आज की तारीख तक मूल्यह्रास	Less:- Depreciation to date	**7344,77,15**	**1513,61,31**	6834,05,12	1490,59,40
कुल (I से II)	**TOTAL (I to II)**		**9921,89,81**		8016,24,55

अनुसूची - 11

SCHEDULE - 11

अन्य आस्तियां

OTHER ASSETS

I उपचित ब्याज	I Interest Accrued		**9571,70,77**		7251,36,32
II अग्रिम कर भुगतान / स्रोत पर कर कटौती (प्रावधानों का निवल)	II Tax paid in advance/tax deducted at source (net of provisions)		**7303,47,12**		8675,31,86
III लेखन सामग्री और स्टांप	III Stationery & Stamps		**8,36,96**		8,21,86
IV दावों के निपटान से अर्जित गैर-बैंकिंग परिसंपत्तियां	IV Non-banking assets acquired in satisfaction of claims		**-**		-
IV अन्य	IV Others		**35588,82,59**		43480,03,09
कुल (I से V)	**TOTAL (I to IV)**		**52472,37,44**		59414,93,13

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022		31 मार्च 2021 को As at 31st March 2021	
अनुसूची - 12	**SCHEDULE - 12**				
आकस्मिक देयताएं	**CONTINGENT LIABILITIES**				
I बैंक के सापेक्ष दावे जिन्हें कर्ज नहीं माना गया	I Claims against the Bank not acknowledged as Debts		**22085,61,69**		20802,42,69
II आंशिक रुप से चुकता निवेशों के लिए देयता	II Liability for partly paid Investments		**15,28,00**		15,28,00
III बकाया वायदा विनियम संविदाओं के कारण देयता	III Liability on account of outstanding Forward Exchange Contracts		**164455,07,02**		203129,17,11
IV संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां :	IV Guarantees given on behalf of Constituents :				
ए) भारत में	a) In India	**44000,27,80**		44505,27,53	
बी) भारत से बाहर	b) Outside India	**7230,75,86**	**51231,03,66**	6937,18,84	51442,46,37
V स्वीकृतियां, परांकन एवं अन्य दायित्व	V Acceptances, Endorsements and Other Obligations		**29175,65,05**		26225,40,87
VI अन्य मदें, जिनके लिए बैंक की आकस्मिक देयता हैं	VI Other items for which the Bank is Contingently liable		**132271,77,15**		94041,01,23
कुल (I से VI)	**TOTAL (I to VI)**		**399234,42,57**		395655,76,27

		31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2022	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2021
अनुसूची - 13	**SCHEDULE - 13**		
अर्जित ब्याज	**INTEREST EARNED**		
I अग्रिमों / बिलों पर ब्याज / बट्टा	I Interest / Discount on Advances / Bills	**49278,52,74**	50052,12,10
II निवेशों पर आय	II Income on Investments	**17617,20,56**	17077,11,72
III भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशियां और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	III Interest on Balances with Reserve Bank of India and other Inter-Bank Funds	**1015,17,44**	1450,92,47
IV अन्य	IV Others	**1969,87,29**	1914,89,92
कुल (I से IV)	**TOTAL (I to IV)**	**69880,78,03**	70495,06,21

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2022		31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2021	
अनुसूची - 14	**SCHEDULE - 14**					
अन्य आय	**OTHER INCOME**					
I कमीशन, विनिमय और ब्रोकरेज	I	Commission, Exchange and Brokerage		**2770,97,16**		2520,90,96
II निवेशों पर विक्रय पर लाभ	II	Profit on sale of Investments	**2864,20,52**		3459,00,94	
घटाएं: निवेशों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Investments	**135,44,84**	**2728,75,68**	83,04,18	3375,96,76
III निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	III	Profit on Revaluation of Investments	**2,12,49**		689,97,69	
घटाएं: निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि		Less: Loss on Revaluation of Investments	**95,74,084**	**(955,28,35)**	120,44,60	569,53,09
IV भूमि, इमारतों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ	IV	Profit on sale of Land, Buildings and Other Assets	**8,72,21**		98,63,95	
घटाएं: भूमि, इमारतों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर हानि		Less: Loss on sale of Land, Buildings and Other Assets	**4,65,78**	**4,06,43**	4,54,14	94,09,81
V विनिमय लेन-देन पर लाभ	V	Profit on Exchange Transactions	**1154,29,97**		1049,49,93	
घटाएं: विनिमय लेन-देन पर हानि		Less: Loss on Exchange Transactions	**1,62,24**	**1152,67,73**	36,32	1049,13,61
VI विदेशों / भारत में अनुषंगियों / कंपनियों और / या संयुक्त उद्यमों से लाभांश आदि के रुप में अर्जित आय	VI	Income Earned by way of Dividends etc. from Subsidiaries/Companies and/ or Joint Ventures abroad/ in India		**189,24,52**		131,70,07
VII विविध आय#	VII	Miscellaneous Income#		**5593,51,86**		5192,62,51
कुल (I से VII)		**TOTAL (I to VII)**		**11483,95,03**		12933,96,81

विविध आय में बट्टे खातों में की गई वसूली ₹ 2510.12 करोड़ में शामिल है. (पिछले वर्ष ₹ 2985.38 करोड़)
Miscellaneous income includes Recoveries made in write-off accounts ₹ 2510.12 crs (Previous year ₹ 2985.38 crs)

अनुसूची - 15	**SCHEDULE - 15**					
खर्च किया गया ब्याज	**INTEREST EXPENDED**					
I जमाराशियों पर ब्याज	I	Interest on Deposits		**33289,83,46**		37564,40,39
II भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	II	Interest on Reserve Bank of India / Inter Bank Borrowings		**1727,10,40**		1863,76,79
III अन्य	III	Others		**2242,50,35**		2257,86,41
कुल (I से III)		**TOTAL (I to III)**		**37259,44,21**		41686,03,59

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2022	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2021
अनुसूची - 16		**SCHEDULE - 16**		
परिचालन व्यय		**OPERATING EXPENSES**		
I	कर्मचारियों को भुगतान और तत्संबंधी प्रावधान	I Payments to and Provisions for Employees	**11978,84,28**	11445,53,03
II	किराया, कर और बिजली	II Rent, Taxes and Lighting	**1472,69,66**	1505,92,01
III	मुद्रण और लेखन सामग्री	III Printing and Stationery	**121,63,30**	126,30,18
IV	विज्ञापन एवं प्रचार	IV Advertisement and Publicity	**175,47,46**	87,08,56
V	बैंक की संपत्ती पर मूल्यह्रास	V Depreciation on Bank's Property	**1389,72,32**	1314,54,17
VI	निदेशकों की फीस, भत्ते और खर्च	VI Directors' Fees, Allowances and Expenses	**1,60,97**	1,22,46
VII	लेखापरीक्षकों की फीस और खर्चे (शाखा लेखापरीक्षकों की फीस एवं खर्चे सहित)	VII Auditors' Fees and Expenses (including Branch Auditors' Fees and Expenses)	**82,00,60**	73,86,63
VIII	विधि प्रभार	VIII Law Charges	**191,00,74**	164,08,28
IX	डाक, तार और टेलीफोन आदि	IX Postages, Telegrams, Telephones etc.	**129,21,35**	193,79,48
X	मरम्मत और रखरखाव	X Repairs and Maintenance	**992,89,16**	1109,63,65
XI	बीमा	XI Insurance	**1378,93,54**	1353,87,13
XII	अन्य खर्च	XII Other Expenditure	**3802,40,50**	3167,80,02
	कुल (I से XII)	**TOTAL (I to XII)**	**21716,43,88**	20543,65,60

अनुसूची 17

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयारी का आधार

वित्तीय विवरण, जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो, परम्परागत लागत आधार पर तैयार किए गये हैं. ये भारत में सामान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार हैं जिनमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक/ मार्गदर्शी नोट्स तथा भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित कार्यप्रणाली समाविष्ट है. विदेशी कार्यालयों के संदर्भ में संबंधित देशों के प्रचलित सांविधिक प्रावधानों और कार्यप्रणालियों का अनुपालन किया गया है.

2. आकलनों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में वित्तीय विवरणों की तारीख को रिपोर्ट की गयी आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा रिपोर्ट की गयी अवधि की आय एवं व्यय संबंधी राशि को रिपोर्ट करने हेतु प्रबंधन को अनुमानों और आकलनों की मदद लेनी पड़ती है. प्रबंधन का विश्वास है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रयुक्त आकलन विवेकपूर्ण और उचित हैं. वास्तविक परिणाम इन आकलनों से भिन्न हो सकते हैं. लेखा अनुमानों में कोई भी संशोधन वर्तमान एवं भविष्य की अवधि में मान्य होगा जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो.

3. निवेश

बैंक निपटान की तारीख के आधार पर निवेशों के लिए लेखांकन की एक समान पद्धतियों का अनुसरण करता है. बैंक के निवेशों का वर्गीकरण एवं मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं.आरबीआई/डीओआर/2021-22/81डीओआर.एमआरजी.42/21.04.141/2021-22 दिनांक 25 अगस्त, 2021 के अनुसार किया गया है.

3.1 वर्गीकरण

ए) वर्गीकरण का आधार

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप बैंक के निवेश पोर्टफोलियों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है, जिसमें-

i) ''परिपक्वता तक धारित'' (एचटीएम) में निवेश शामिल है जिन्हें परिपक्वता तक रखने के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है.

ii) ''व्यापार हेतु धारित'' (एचएफटी) में वे निवेश शामिल हैं, जिन्हें व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है. ऐसी प्रतिभूतियां, जिन्हें सैद्धांतिक रूप से खरीद की तारीख से 90 दिनों के अंदर पुनः बिक्री हेतु रखा गया है, उन्हें एचएफटी श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है.

iii) ''बिक्री हेतु उपलब्ध'' (एएफएस) में वे निवेश शामिल हैं, जो उपर्युक्त (ए) तथा (बी) में शामिल नहीं हैं, अर्थात जो न तो व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं और न ही परिपक्वता तक धारित करने के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं.

तुलन पत्र में प्रकटीकरण के उद्देश्य से निवेशों को अनुसूची 8 ('निवेश') में प्रकटीकृत के रूप में 6 समूहों में वर्गीकृत किया जाता है (ए) सरकारी प्रतिभूतियां (बी) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां (सी) शेयर (डी) बॉण्ड और डिबेंचर (ई) अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम (एफ) अन्य.

बी) अधिग्रहण लागत

अधिग्रहण के समय प्रदत्त लागत, निवेश संबंधी ब्रोकरेज और आंशिक अवधि के लिए ब्याज जैसी लागत भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ एवं हानि खाते में डाली जाती है.

सी) वर्गों के बीच अंतरण

एक वर्ग से दूसरे वर्ग का पुनःवर्गीकरण निवेश, यदि किया गया हो तो, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरुप है. एएफएस/एचएफटी वर्ग से एचटीएम वर्ग में स्क्रिप का अंतरण बही मूल्य या बाजार मूल्य में से जो कम हो, उस पर किया जाता है. एचटीएम से एएफएस/एचएफटी वर्ग में अंतरित प्रतिभूतियों के अंतरण के मामले डिस्काउंट पर एचटीएम के अंतर्गत धारित निवेशों को अधिग्रहण दर पर एएफएस/एचएफटी वर्ग में अंतरित किया जाता है और एचटीएम वर्ग में प्रीमियम पर धारित निवेशों को एमौरटाइज्ड लागत पर एएफएस/एचएफटी में अंतरित किया जाता है.

एएफएस से एचएफटी के बीच आपस में निवेशों का अंतरण बही मूल्य पर किया जाता है. ऐसे निवेशों पर मूल्यह्रास, यदि हो तो, को भी एक वर्ग से दूसरे वर्ग में अंतरित किया जाएगा.

इन वर्गों के बीच प्रतिभूतियों का अंतरण अधिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य पर, जो भी कम हो, अंतरण की तारीख को लेखाकृत किया जाएगा और यदि अंतरण पर मूल्यह्रास हो तो उसके लिए पूरा प्रावधान किया जाता है.

3.2 मूल्यांकन

''परिपक्वता तक धारित'' के रुप में वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत अधिग्रहण लागत पर लिया गया है जबतक कि वह अंकित मूल्य से अधिक न हो. इस स्थिति में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि तक एमोरटाइज्ड किया गया है. एचटीएम वर्ग के निवेशों पर प्रीमियम के एमोरटाइजेशन व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 25 अगस्त, 2021 के परिपत्र सं.आरबीआई/डीओआर/2021-22/81डीओआर.एमआरजी.42/21.04.141/2021-22 के अनुरुप ब्याज आय में से घटाया जाता है.

''परिपक्वता तक धारित'' के रूप में वर्गीकृत निवेशों में डिबेंचर/बॉण्ड, जिन्हें स्वरूप / प्रकृति की दृष्टि से अग्रिम माना जाता है, शामिल हैं (जिनके लिए आस्ति वर्गीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड तथा अग्रिमों पर लागू प्रावधान के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं).

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ट्रेजरी बिलों, कॉमर्शियल पेपर्स और जमा प्रमाणपत्र पर किए गए निवेश शामिल हैं और उनके मूल्य का निर्धारण रखाव लागत पर किया गया है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अपेक्षाओं के लिए खरीदे गए पास थ्रू प्रमाणपत्र का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बही मूल्य पर किया जाता है.

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों, और सहयोगी कंपनियों में (भारत तथा विदेश दोनों में) अस्थायी प्रकार के निवेशों को छोड़कर, निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यह्रास मूल्य को घटाकर अधिग्रहण लागत पर किया जाता है.

जोखिम पूंजी निधि (वीसीएफ) इकाइयों में दिनांक 23 अगस्त 2006 के बाद किए गए बैंक निवेशों को प्रारंभिक तीन वर्ष की अवधि के लिए परिपक्वता तक धारित संवर्ग में वर्गीकृत किया जाता है और लागत पर मूल्यांकित किया जाता है. संवितरण के तीन वर्ष पश्चात इसे ब्रिक्री के लिए उपलब्ध में अंतरित कर दिया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार इन्हें वित्तीय विवरणों में वीसीएफ द्वारा दर्शाए गए निवल आस्ति मूल्य या घोषित एनएवी पर मूल्यांकन किया जाता है. यदि एनएवी/लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण लगातार 18 महिनों से अधिक समय से उपलब्ध न हो तो प्रति वीसीएफ रु 1/- पर मूल्यांकन किया जाएगा.

एएफएस और एचएफटी श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत निवेश, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर मार्केड-टू-मार्केट (एमटीएम) होते हैं. अनुसूची 8 (निवेश) में उल्लिखित वर्गीकरण के अंतर्गत वर्ग में निवल मूल्यह्रास, यदि हो तो, लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है. प्रत्येक वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में निवल मूल्य वृद्धि, यदि हो तो, उसे पहले प्रावधान किए गए मूल्यह्रास की राशि को छोड़कर शेष को अनदेखा कर दिया जाता है. निवेश के आवधिक मूल्यांकन के परिणामस्वरूप एकल प्रतिभूतियों का बही मूल्य बदला नहीं जाता.

पुनर्गठित अग्रिम योजना के बदले में प्राप्त निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. इन निवेशों के मूल्य में आई कमी के लिए प्रावधान किया जाता है और इसका उपयोग उस श्रेणी में अन्य निष्पादक प्रतिभूतियों में मूल्य वृद्धि के साथ समायोजित नहीं किया जाता. बैंक द्वारा पुनर्गठन योजना के अंतर्गत अर्जित इक्विटी शेयरों पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान कराया जाता है.

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर आस्ति पुनर्संरचना कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ऐसे लिखतों के लिए समय-समय पर प्रस्तावित लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद से नकदी प्रवाह को संबंधित योजना के तहत लिखत को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों के वास्तविक प्राप्य राशियों तक सीमित किया जाता है तो बैंक प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को इस तरह के लिखतों के मूल्यांकन के लिए आस्ति पुनर्संरचना कंपनी से समय -समय पर प्राप्त निवल आस्ति मूल्य की गणना करेगा. 01 अप्रैल 2017 को या इसके बाद प्रतिभूति रसीद में किए गए निवेश जो बैंक द्वारा 50% से ज्यादा बेची गई दबावग्रस्त आस्तियों द्वारा समर्थित हो, मूल्य में अवमूल्यन के लिए प्रावधान आस्ति पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) और प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के मानदंडों के अनुसार अपेक्षित प्रावधान दर से अधिक होगी या मूल ऋण के लिए लागू मौजूदा आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान मानदंड के अनुसार होगी और ऐसा माना जाएगा कि बैंक की बही में ऋण अनुमानत: जारी रहेगा. प्रतिभूति रसीद में अन्य दूसरे निवेश का मूल्यांकन जारीकर्ता आरसी/एससी से प्राप्त एनएवी के अनुसार होगा.

बैंक के पोर्टफोलियो में श्रेणी I और II एआईएफ के कोटेड इक्विटी शेयरों/बांडों/यूनिटों को वरीयत: दैनिक आधार पर किन्तु कम से कम साप्ताहिक आधार पर मार्क्ड टू मार्केट किया जाना चाहिए.

वर्ष में एक बार लेखापरीक्षित परिणामों के आधार पर इकाइयों का मूल्यांकन किया जाता है. हालांकि, यदि लेखापरीक्षित तुलन-पत्र / वित्तीय विवरण में प्रदर्शित होने वाले आंकड़े मूल्यांकन तारीख को लगातार 18 माह से अधिक समय के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो निवेशों के मूल्य 1 रुपये प्रति श्रेणी I और II एआईएफ हैं.

प्राथमिक डीलर के रूप में बैंक द्वारा एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत ट्रेजरी बिलों में किए गए निवेश का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया जा रहा है.

बैंक केंद्र सरकार की पुरानी प्रतिभूतियों में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अल्प बिक्री लेनदेन करता है. शॉर्ट सेल पोजीशन, सिक्यूरिटीज शॉर्ट सोल्ड (एसएसएस) खाते में परिलक्षित होती है जोकि विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए सृजित किया गया है. शॉर्ट पोजीशन को बाजार और हानि के लिए चिन्हित किया जाता है और उसे लाभ और हानि खाते में डाला जाता है जबकि उससे लाभ हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है. शॉर्ट पोजीशन के निपटान से हुई लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है.

विशेष बांड जैसे कि तेल बांड, उर्वरक बांड, यूडीएवाय बांड आदि जो सीधे भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं, का मूल्यांकन एफआईबीएल मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है.

''क्रय-विक्रय के लिए धारित'' और ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' श्रेणियों में कोटेड निवेश के मूल्यांकन के लिए दरें, स्टॉक एक्सचेंजों पर बाजार दरों / उद्धरण, वित्तीय बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा घोषित दरों की तर्ज पर ली जाती हैं.

जिन निवेशों के लिए दरें/ कोट उपलब्ध न हों, उनके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार दरें ली जाती हैं, जो निम्नानुसार हैं:

ए	सरकार/स्वीकृत प्रतिभूतियां	-	परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
बी	इक्विटी शेयर, पीएसयू और ट्रस्टी शेयर	-	ब्रेक अप मूल्य पर (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि, यदि है पर विचार किए बिना) नवीनतम तुलन-पत्र (तारीख को नवीनतम तुलन-पत्र तैयार करने की तारीख मूल्यांकन की तारीख से पहले 18 महीने से अधिक नहीं होगी) के अनुसार ब्रेक अप मूल्य अन्यथा ₹ 1 प्रति कंपनी
सी	अधिमानी शेयर एवं पास थ्रू प्रमाणपत्र (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को छोड़कर)	-	उपयुक्त क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप सहित परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
डी	पीएसयू बॉन्ड्स	-	उपयुक्त क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप सहित परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
ई	म्यूचुअल फंड की यूनिट	-	प्रत्येक योजना के संबंध में निधि द्वारा घोषित नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य/ एनएवी पर

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर अनर्जक निवेश निर्धारित किए जाते हैं और इसमें मूल्यह्रास/ प्रावधान किए जाते हैं. क्षति के प्रबंधन मूल्यांकन के आधार पर, बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अलावा भी अतिरिक्त प्रावधान करता है. अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में ऐसे अनर्जक निवेशों पर मूल्यह्रास / प्रावधान, मूल्यवृद्धि के एवज में सेट ऑफ नही हैं. जब तक लाभ और हानि खाते में ब्याज प्राप्त नहीं हो जाता, अनर्जक निवेशों पर ब्याज नहीं माना जाता है.

विदेशी शाखाओं में निवेशों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के या उन मेजबान देशों के दिशानिर्देशों, में से जो भी सख्त हो, उनका पालन किया जाता है. उन शाखाओं के मामले में जो ऐसे देशों में मौजूद हैं जहां कोई विनिर्दिष्ट दिशानिर्देश नहीं हैं, वहां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है.

3.3 निवेशों का निस्तारण

एचटीएम के रुप में वर्गीकृत किए गए निवेशों की बिक्री पर होने वाले लाभ/हानि को, निवेश से संबंधित भारित औसत लागत/बही मूल्य के आधार पर लाभ एवं हानि लेखा में लिया जाता है तथा "परिपक्वता तक धारित" वर्गीकरण में निवेश की बिक्री पर समतुल्य लाभ के समान राशि पूंजीगत आरक्षित खाते में समायोजित की गयी है.

एएफएस/एचएफटी श्रेणी में निवेशों की बिक्री से होने वाले लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

3.4 रेपो/ रिवर्स रेपो के लिए लेखांकन

बैंक ने मार्केट रेपो तथा रिवर्स रेपो लेनदेनों [भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र संख्या परिपत्र सं. आरबीआई / 2016-17/ एफ एमओडी. एमएओजी.नं./01.01.001 /2016-17 दिनांक 15 सितम्बर, 2016 और पुनर्खरीद संव्यवहार (रेपो) (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2018 से संबंधी परिपत्र संख्या आरबीआई/2019-20/107 एफएमआरडी.डीआईआर डी.21/14.03.038/2019-20 दिनांक 28 नवंबर, 2019 द्वारा भा.रि.बैं. चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) सहित] के लेखांकन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की गयी समान लेखा प्रणाली को अपनाया है. सहमत शर्तों पर पुनर्खरीद के करार के साथ रेपो और रिवर्स रेपो संव्यवहारों को सांपार्श्विक उधार/ ऋण परिचालन के अंतर्गत माना जाता है. रेपो के अंतर्गत बिक्री की प्रतिभूतियों को निवेश के अंतर्गत दर्शाया जाता है और रिवर्स रेपो के अंतर्गत खरीद की प्रतिभूतियों को निवेश में शामिल नहीं किया जाता है. लागत एवं राजस्व का लेखांकन ब्याज व्यय/ आय, जैसा भी मामला हो, के लिए किया जाता है.

3.5 निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि

यील्ड में बढ़ोतरी के पेटे संरक्षण हेतु पर्याप्त प्रारक्षित निधि तैयार करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र सं. आरबीआई/2017-18/147 डीबीआर नं. बीपी.बीसी.102/ 21.04.048/ 2017-18 दिनांक 2 अप्रैल, 2018 के माध्यम से सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2018-19 से आईएफ़आर बनाने की सूचना दी है.

आईएफ़आर में अंतरित राशि निम्नलिखित से कम होगी: (i) वर्ष के दौरान निवेशों की बिक्री पर निवल लाभ (ii) वर्ष के निवल लाभ में से अनिवार्य विनियोजन घटाया जाए, जब तक आईएफआर की राशि निरंतर आधार पर एचएफटी एवं एएफएस पोर्टफोलियो का कम से कम 2% तक नहीं रहती.

3.6 डेरिवेटिव्स

बैंक वर्तमान में ब्याज दरों तथा मुद्रा डेरिवेटिव्स में डील करता है. बैंक द्वारा व्यवहारित ब्याज दर डेरिवेटिव्स में रुपया ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ब्याज-दर स्वैप, विनिमय ट्रेड रुपए ब्याज दर फ्यूचर्स तथा वायदा दर करार शामिल हैं. बैंक द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले मुद्रा में डेरिवेटिव्स में ऑप्शन तथा मुद्रा स्वैप और विनिमय ट्रेडेड मुद्रा फ्यूचर शामिल हैं. बैंक तुलन-पत्र की आस्तियों एवं देयताओं मार्केट मेकिंग/ ट्रेडिंग एवं हेजिंग के लिए डेरिवेटिव लेनदेन करता है.

3.7 मूल्यांकन

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश के आधार पर, डेरिवेटिव्स का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाता है:

हेज/ नॉन हेज संव्यवहार अलग - अलग रिकॉर्ड किए जाते हैं. हेजिंग के रूप में नामित डेरिवेटिव अनुबंध को मार्क्ड-टू-मार्केट के रूप में तब तक चिन्हित नहीं किया जाता है, जब तक उनकी अंडरलाइनिंग आस्तियों को मार्क्ड-टू-मार्केट के रूप में चिन्हित नहीं किया जाता, जहां हेजिंग की अंडरलाइंग आस्तियों के मामले मार्क्ड-टू-मार्केट के अधीन नहीं हैं, हेजिंग लिखत की गणना उपचय के आधार पर की जानी है. ट्रेडिंग डेरिवेटिव पोजिशन्स मार्क्ड-टू-मार्केट है तथा किसी भी प्रकार की हानि, यदि कोई हो, लाभ-हानि खाते में दर्ज की जाती है तथा लाभ, यदि कोई हो, को दर्ज नहीं किया जाता. ब्याज दर स्वैप से संबंधित आय तथा व्यय दैनिक आधार पर दर्ज होता है. ट्रेडिंग स्वैप की समाप्ति पर लाभ/ हानि समाप्ति तिथि पर आय/ व्यय के रूप में दर्ज की जाती है.

मूल्यांकन के उद्देश्य से कुल स्वैप के वास्तविक मूल्य की गणना तुलन-पत्र की तिथि को स्वैप करारों के कारोबार समाप्ति पर प्राप्य या देय राशि के आधार पर की जाती है, संबंधित हानियों, यदि कोई हो, के लिए पूर्णतः प्रावधान किया गया है, जबकि लाभों को छोड़ दिया गया है.

बैंक फेडाई द्वारा निर्धारित ऑप्शन प्रीमियम लेखांकन सिद्धांत का पालन करता है. ऑप्शन ट्रांजेक्शन पर प्रीमियम को ट्रांजेक्शन की समाप्ति या समय पूर्व समाप्ति पर आय/व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है.

ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट के रद्द होने पर प्राप्त/ प्रदत्त राशि को ऑप्शन पर वसूली गई प्राप्तियों/ हानियों के रुप में माना जाता है. विदेशी मुद्रा वायदा संविदा और स्वैप्स के रद्द होने/समाप्ति पर प्राप्य/देय प्रभारों को रद्द होने/ समाप्ति की तारीख को आय/व्यय के रुप में स्वीकृत किया जाता है.

ब्याज दर फ्यूचर्स (आईआरएफ)/मुद्राफ्यूचर्स का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्येक निविदा के दैनिक समझौता मूल्य के आधार पर किया जाएगा.

तुलन-पत्र की तिथि को 'फेडाई' द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के बंद भाव पर विदेशी मुद्रा में डेरिवेटिव संविदाओं को आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

4. अग्रिम

4.1 भारत में अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध या हानि आस्तियों के रुप में वर्गीकृत किया जाता है तथा इसके लिए पैरा 4.3 में दर्शाये प्रावधानों को छोड़कर भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार किया जाता है. विदेशी शाखाओं द्वारा दिए गए अग्रिमों के

संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार अथवा उस देश, जिसमें अग्रिम दिए गए हैं, में विद्यमान मानदंडों में से जो भी कड़े मानदंड हो, के अनुरूप वर्गीकृत किया जाता है.

4.2 अग्रिम, विनिर्दिष्ट ऋणों पर हानि के प्रावधानों, उचंत ब्याज, वादग्रस्त विविध जमा एवं प्राप्त दावा राशि का निवल हैं.

4.3 सतत व्यवहार के रुप में बैंक ने निम्नलिखित प्रावधानों का समावेश किया है-

- जमानती सब-स्टैंडर्ड अग्रिमों के लिए 15% की नियामक आवश्यकता की जगह पर 20% का प्रावधान.
- एनपीए ऋणधारकों की गैर निधि आधारित सुविधाओं पर 50% क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर (सीसीएफ़) का प्रावधान किया गया. प्रावधान ऋणकर्ता की निधि आधारित सुविधाओं की आस्तियों की श्रेणी पर आधारित है.
- बैंक ने उन मौजूदा एनपीए खातों के लिए 100% प्रावधान भी किए हैं जो 6 माह से अधिक पुराने थे और संपार्श्विक मुक्त हैं जैसे कि ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, वैयक्तिक ऋण.
- संपत्ति गिरवी रख कर लिए गए ऋण जो प्रत्याभूत हैं (संपार्श्विक) तथा 2 वर्ष से अधिक समय से अनर्जक हैं, के लिए बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं.
- मौजूदा अनर्जक खाते जैसे ट्रैक्टर्स/ टिलर/ पावर टिलर जो 6 माह पुराने हैं, के लिए भी बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं.

4.4 पुनर्निर्धारित/ पुनर्गठित खातों के संबंध में जहां बैंक को देय कुल राशिरु. 1 करोड़ एवं अधिक है, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठित अग्रिमों के उचित मूल्य में कमी के लिए प्रावधान विद्यमान मूल्य शर्तों पर आकलन करते हुए किया जाता है. अन्य खातों के संबंध में उचित मूल्य में कमी हेतु प्रावधान की गणना भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमानतः कुल एक्सपोजर के 5% के रूप में की जाती है.

4.5 आस्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी)/ प्रतिभूतिकरण (सिक्योरिटाइजेशन) कंपनी (एससी) को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में, बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है. वर्तमान में बैंक द्वारा अनुपालन किये जा रहे दिशानिर्देशों के अनुसार यदि बिक्री निवल बही मूल्य से कम मूल्य (एनबीवी) पर की गयी हो (अर्थात बही मूल्य में से प्रावधान घटा कर) तो हानि (कमी) को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है. यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से ज्यादा है तो जिस वर्ष के दौरान राशि प्राप्त होती है, अधिक्य प्रावधान राशि लाभ एवं हानि खाते में रिवर्स कर दी जाती है.

बैंकों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री के मामले में और यह बिक्री निवल बही मूल्य से कम मूल्य (एनबीवी), (अर्थात् बही मूल्य में से प्रावधान हटा कर) पर हो, तो हानि को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है. यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से ज्यादा है तो आधिक्य प्रावधान राशि रिवर्स नहीं की जाएगी परंतु अन्य अनर्जक वित्तीय आस्तियों की बिक्री के कारण हुई हानि/ कमी को पूरा करने लिए उसका उपयोग किया जाएगा.

5. अस्थायी प्रावधान

बैंक के पास अग्रिमों, निवेशों एवं अन्य सामान्य प्रयोजनों के लिए अस्थायी प्रावधानों की एक पॉलिसी है. अस्थायी प्रावधान करने की मात्रा का मूल्यांकन प्रति वर्ष किया जाता है. इन अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्वनुमति से केवल पॉलिसी में दर्शाई गई असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत आकस्मिकताओं के लिए ही किया जाता है.

6. अचल आस्तियां

6.1 परिसर व अन्य अचल आस्तियां परंपरागत मूल्य (या पुनर्मूल्यांकित राशियों, जैसा भी मामला हो) में से संचित मूल्यह्रास और अक्षत हानियों, यदि कोई हो, को घटा कर दर्शाया गया है. लागत में खरीद मूल्य तथा आस्ति को उसके अभीष्ट उपयोग के लिए चालू स्थिति में लाने हेतु की गई कोई खरीद लागत समाविष्ट है. जब ऐसी आस्ति का/ से भविष्य में लाभ/ कार्यशील दक्षता बढ़ती है, तो आस्तियों पर किए गए बाद के व्यय को पूंजीगत किया जाता है. अचल संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त लाभ बैंक के लाभ एवं हानि खाते का भाग होता है.

6.2 अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन

चालू बाजार मूल्यांकन दर्शाने हेतु अचल संपत्तियों के पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा आवधिक आधार पर किया जाता है. बैंक के स्वामित्व वाले और शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों, स्टाफ के आवासों आदि के रूप में उपयोग की गई सभी भूमि और बिल्डिंग को बैंक के अपने परिसरों को अचल आस्तियों की श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है. नवीनतम मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार मूल्यांकन, यदि कोई हो, पुनर्मूल्यांकन पर प्रारक्षित निधि के तहत पुनर्मूल्यांकन रिजर्व में जमा किया जाता है. पुनर्मूल्यांकित आस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है तथा पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि से अन्य राजस्व प्रारक्षित निधि में विनियोजित किया जाता है.

6.3 परिसरों में भूमि एवं निर्माणाधीन परिसरों को शामिल किया गया है.

7. प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष

राजस्व एवं अन्य प्रारक्षित निधियों में सम्बद्ध देशों के प्रचलित स्थानीय कानूनों के अनुसार विदेशी शाखाओं/ अनुषंगियों द्वारा सृजित सांविधिक प्रारक्षित निधियों को शामिल किया गया है.

8. राजस्व का निर्धारण

8.1 आय (पैराग्राफ 8.2 में दी गई मदों को छोड़कर)/ व्यय की गणना सामान्यतः उपचय आधार पर की गई है. आयकर विभाग से रिफंड आदेश/सूचना प्राप्त होने पर आयकर रिफंड पर ब्याज बुक किया जाता है. विदेशी कार्यालयों के मामले में आय/ व्यय की गणना उस देश के कानून के अनुसार की गयी है, जहां पर विदेशी कार्यालय स्थित है.

8.2 गारंटियों, साख पत्रों, विनिमय, दलाली आदि पर कमीशन, अग्रिम बिलों पर ब्याज, शुल्क आय, सभी प्रकार के कमीशन (सरकारी कारोबार और तृतीय पक्ष उत्पादों की बिक्री से प्राप्त कमीशन के अलावा) के माध्यम से आय को वसूली आधार पर हिसाब में लिया जाता है. अनुषंगियों, संयुक्त उपक्रमों तथा सहयोगी कंपनियों के शेयरों पर लाभांश वास्तविक प्राप्ति के आधार पर हिसाब में लिए जाते हैं.

8.3 अनर्जक आस्तियों/ निवेशों पर आय के संग्रह की अनिश्चितता की दृष्टि से, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऐसी आय सिर्फ वसूल होने पर ही लेखांकित होती है.

8.4 जहां स्वामित्व का जोखिम एवं लाभ पट्टेदार अपने पास रखता है उस लीज को लेखा मानक 19 (लीज) के अनुसार परिचालन लीज के रुप में वर्गीकृत किया गया है. ऐसे लीज पर लीज भुगतानों को लेखा मानक 19 (लीज) के अनुसार लीज शर्त पर स्ट्रेट लाइन आधार पर लाभ और हानि खाते में स्वीकार किया जाता है.

8.5 एनपीए खातों में वसूली का समायोजन:

खातों में समय-समय पर हुई वसूलियों (जनधन वसूली अधिनियम के तहत वसूली सहित) को निम्नानुसार समायोजित किया जाना चाहिये:

- बैंक द्वारा सभी लागतों, कमीशन, प्रभारों एवं प्रदत्त या अदत्त व्ययों के प्रति
- बैंक पर बकाया ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, आगामी ब्याज, दंडात्मक ब्याज के प्रति
- मूलधन के भुगतान के लिए

दावा-दायर/ डिक्री खातों में वसूली को विनियोजित किया जाना चाहिए:

- संबंधित अदालत के निर्देशों के अनुसार.
- अदालत के विनिर्दिष्ट निर्देशों के अभाव में, गैर वाद-दायर खातों पर यथा लागू.

कॉम्प्रोमाइज/ एनसीएलटी समाधान के माध्यम से समझौता द्वारा वसूली.

एनसीएलटी या कॉम्प्रोमाइज मंजूर खाते के माध्यम से संकल्प/ समझौते के मामले में, वसूली को कॉम्प्रोमाइज मंजूरी/ समाधान समझौते की शर्तों के अनुसार समायोजित किया जाना चाहिए.

8.6 मानक खातों में वसूलियों का विनियोजन

मानक खातों में वसूली का विनियोजन दर्ज मांग की तारीख के अनुसार किया जाता है और जल्द से जल्द मांग को निम्नलिखित क्रम में पूरा किया जा रहा है.

- बैंक द्वारा प्रदत्त या वहन किये गये सभी लागत, कमीशन,प्रभार और व्यय के प्रति
- बैंक पर देय ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अन्य ब्याज, दंडात्मक ब्याज के प्रति
- मूलधन के भुगतान के प्रति

9. कर्मचारियों को लाभ

9.1 भविष्य निधि

बैंक ऑफ़ बड़ौदा पीएफ नियमों के अनुसार भविष्य निधि अंशदान योजना एक सांविधिक दायित्व है और बैंक पूर्व निर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान का भुगतान करता है. बैंक का दायित्व निश्चित अंशदान तक सीमित है. अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है. निधियों का प्रबंधन बैंक ऑफ़ बड़ौदा भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है.

9.2 उपदान

बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपदान निधि नियमों एवं विनियमों तथा उपदान भुगतान अधिनियम 1972 के अनुसार उपदान देयता एक सांविधिक दायित्व है. यह वित्तीय वर्ष के अंत में संचित मूल्य आधार पर प्रावधान किया जाता है. बैंक द्वारा उपदान देयता के लिए राशि उपलब्ध करवायी जाती है और बैंक ऑफ़ बडौदा उपदान निधि न्यास इसका प्रबंधन करता है.

9.3 पेंशन

बैंक ऑफ़ बड़ौदा कर्मचारी पेंशन विनिमय, 1995 के अंतर्गत पेंशन देयता बाध्यता के रुप में व्याख्या की गयी है और वर्ष के अंत में संचित मूल्य आधार पर इसका प्रावधान किया जाता है. यह उन कर्मचारियों के लिए है, जिन्होंने 31.03.2010 तक बैंक की सेवा ग्रहण की और पेंशन का विकल्प लिया है. बैंक ऑफ़ बड़ौदा (कर्मचारी) पेंशन फंड न्यास द्वारा इस योजना के लिए राशि उपलब्ध करवायी जाती है.

जिन कर्मचारियों ने बैंक सेवा अप्रैल 01, 2010 को या उसके बाद ग्रहण की है, उनके लिए नई पेंशन योजना परिभाषित अंशदान आधार पर लागू है. बैंक द्वारा पूर्व निर्धारित निश्चित अंशदान का भुगतान किया जाता है. बैंक का दायित्व ऐसे पूर्व निर्धारित अंशदान तक ही सीमित है. अंशदान लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है.

9.4 प्रतिपूरित अनुपस्थिति

संचित प्रतिपूरित अनुपस्थितियां यथा उपार्जित अवकाश (पीएल) और चिकित्सा अवकाश के लिए संचित मूल्य के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

9.5 अन्य कर्मचारी लाभ

अन्य कर्मचारी लाभ यथा छुट्टी नकदीकरण, छुट्टी यात्रा रियायत, अतिरिक्त सेवांत लाभ आदि के लिए संचित मूल्य के आधार पर प्रावधान किया जाता है.

विदेशी शाखाओं/ कार्यालयों के संदर्भ में प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के लिए संबंधित देश में विद्यमान नियमों के अनुसार लाभों का आकलन किया जाता है.

10. मूल्यह्रास

10.1 भारत में अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान [पैराग्राफ 10.3 व 10.4 में जिनका उल्लेख किया गया है, के अलावा] निम्नलिखित टेबल के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार प्रावधान किया जाता है, सिवाय पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के, जिनके लिए अनुमानित उपयोग अवधि के आधार पर मूल्यह्रास प्रावधान किया जाता है.

क्र. सं.	श्रेणी	मूल्यह्रास के प्रभावी दर	मूल्यह्रास प्रक्रिया
1.	फर्नीचर एवं फिटिंग्स		
ए.	फर्नीचर एवं फिटिंग्स	25.89%	अवलिखित मूल्य
बी.	वातानुकूलक प्लांट, अन्य प्लांट आदि.	18.10%	अवलिखित मूल्य
सी.	सुरक्षित जमा वॉल्ट उपकरण	18.10%	अवलिखित मूल्य

डी.	कैश वैन, जीप, स्कूटर एवं अन्य वाहन		
	- दो पहिया वाहन	25.89%	अवलिखित मूल्य
	- चार पहिया वाहन	31.23%	अवलिखित मूल्य
ई.	कार्यालय के उपकरण	45.07%	अवलिखित मूल्य
2.	बैंक का अपना परिसर		
	- आरसीसी फ्रेम संरचना	4.87%	अवलिखित मूल्य
	- आरसीसी फ्रेम संरचना के बिना	9.50%	अवलिखित मूल्य

10.2 भारत से बाहर अचल आस्तियों पर, (नीचे पैरा 10.3 में वर्णित को छोड़कर) मूल्यह्रास स्थानीय कानूनों या संबंधित देश में प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है.

10.3 भारत और भारत के बाहर कंप्यूटरों व सॉफ्टवेयरों जो कि कंप्यूटर हार्डवेयर के अभिन्न अंग हैं, पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रेट लाइन विधि से 33.33% प्रतिवर्ष की दर से प्रदान किया गया है.

2 वर्ष से अधिक अनुमानित लाइफ और रु. 50,000/- की मूल लागत से अधिक के हार्डवेयर के अभिन्न अंग नहीं होने वाले कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर को अमूर्त आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और 3 वर्षों की अवधि में परिशोधित किया जाता है. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, जो कि हार्डवेयर का अनिवार्य अंग नहीं है, को सीधे ही लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है.

10.4 एटीएम पर मूल्यह्रास का प्रावधान स्ट्रेट लाइन पद्धति से 20% प्रतिवर्ष की दर से किया जाता है.

10.5 परिवर्द्धनों पर मूल्यह्रास खरीद / उपयोग की तारीख से अनुपातिक आधार पर लिया जाता है.

10.6 पट्टे पर धारित जमीन और पट्टे पर धारित जमीन पर किए गए विकास की लागत पट्टा अवधि में चुकता (एमोर्टाईज) की जाती है.

10.7 नवीनतम उपलब्ध पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन रिजर्व खाते में जमा किया जाता है. पुनर्मूल्यांकन आस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन रिजर्व से अन्य राजस्व रिजर्व में विनियोजित किया जाता है.

10.8 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकन के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आस्ति का मूल्यह्रास परिसंपत्ति के शेष उपयोगी समय सीमा पर आधारित होता है.

11. आस्तियों का मूल्यह्रास

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) पर मूल्यह्रास हानियों (यदि कोई हो) को आस्तियों के मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक 28 (आस्तियों का मूल्यह्रास) के अनुसार किया जाता है तथा इसे लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है.

यदि आंतरिक/ बाहरी कारकों के आधार पर मूल्यह्रास का कोई लक्षण दिखाई देता है तो आस्तियों की वहन लागत राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है. मूल्यह्रास हानि की पहचान वहाँ की जाती है जहां आस्तियों की वहन लागत राशि वसूली की राशि से अधिक हो जाती है. वसूली योग्य राशि आस्तियों की निवल बिक्री राशि और उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य से अधिक होती है. उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य का निर्धारण करते समय अनुमानित नकदी प्रवाह को उनके वर्तमान मूल्य में से बट्टा काट कर किया जाता है. इसके लिए पूर्व-कर बट्टा दर का उपयोग किया जाता है जो राशि के समय आधारित मूल्य और आस्ति से संबंधित विशेष जोखिम के वर्तमान बाज़ार मूल्यांकन को प्रदर्शित करता है. मूल्यह्रास के बाद आस्तियों की शेष बची हुई उपयोग अवधि के ऊपर अवमूल्यन उपलब्ध कराया जाता है.

12. विदेशी मुद्रा संव्यवहार

12.1 विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित संव्यवहारों का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखामानक (एएस) 11 लेखांकन ''विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के परिवर्तन का प्रभाव'' के अनुरुप किया गया है.

12.2 लेखा मानक - एएस-11 के अनुसार बैंक के विदेशी मुद्रा परिचालनों को ए) एकीकृत परिचालनों एवं बी) गैर-एकीकृत परिचालनों के रुप में वर्गीकृत किया गया है. सभी विदेशी शाखाओं, ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों, विदेशी अनुषंगियों को गैर-एकीकृत परिचालन एवं विदेशी मुद्रा में घरेलू परिचालनों एवं प्रतिनिधि कार्यालयों को एकीकृत परिचालन के रुप में माना जाता है.

12.3 एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) संव्यवहारों को प्राथमिक तौर पर फेडाई द्वारा सूचित की गयी साप्ताहिक औसत दरों पर रिकार्ड किया जाता है.

बी) विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में सूचित की गयी क्लोजिंग स्पॉट दरों पर अंतरित किया जाता है.

सी) परिणामी विनिमय अंतरों की गणना आय अथवा व्यय के रुप में की गयी है तथा इन्हें तदनुसार लाभ हानि खाते में लेखांकित किया गया है. विदेशी मुद्रा आस्ति देयताओं संबंधी किसी भी भुगतान अथवा रिवर्सल को पिछले सप्ताह की औसत क्लोजिंग दरों के आधार पर किया गया है तथा बकाया राशि एवं उस राशि, जिसके लिए भुगतान किया गया है/रिवर्सल किया गया है, के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि खाते में दर्शाया गया है.

डी) व्यापार हेतु धारित बकाया विदेशी मुद्रा हाज़िर एवं वायदा संविदाओं के तुलन-पत्र की तिथि को 'फेडाई' द्वारा अधिसूचित बंद हाज़िर एवं वायदा बाजार संविदा दरों एवं अन्तरिम परिपक्वता संविदाओं को 'इन्टरपालेटेड' दरों पर बाजार को चिन्हित किया जाता है. इस प्रकार एमटीएम के मौजूदा मूल्य हेतु प्राप्त किए गए एमटीएम मूल्य को, पर भुनाया जाता है. इस एमटीएम का पीवी आधार पर हाजिर एवं

वायदा संव्यवहारों के पुनमूल्यांकन हेतु उपयोग किया जाता है. इसके फलस्वरूप वायदा मूल्यांकन लाभ अथवा हानि को लाभ एवं हानि खाते में शामिल किया जाता है.

13. आय पर कर

इसमें भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के लेखांकन मानदंड 22 (आय पर करों का लेखांकन) के अनुसार निर्धारित (सम्बद्ध अवधि के लिए लेखा आय तथा कर योग्य आय के बीच भिन्नता से करों के प्रभाव को दर्शाते हुए) आयकर के लिए प्रावधान, आस्थगित कर अथवा क्रेडिट शामिल हैं. आस्थगित कर का आकलन आमदनी एवं खर्च की उन मदों के संबंध में, जो किसी एक अवधि में निर्धारित होती है और जो एक अथवा अधिक परवर्ती अवधियों में प्रत्यावर्तन योग्य हैं, को ध्यान में रखकर किया जाता है. आस्थगित कर आस्तियों एवं देयताओं पर कर की गणना अधिनियमित कर दरों पर उन वर्षों की अपेक्षित दरों पर की जाती है जिन वर्षों में इनकी प्राप्ति, रिवर्सल अथवा निस्तारण की संभावना होती है. आस्थगित कर देयताओं एवं आस्तियों पर कर की दरों में परिवर्तन के प्रभाव को उस अवधि की आय विवरणी, जिसमें ऐसे परिवर्तन को अधिनियमित किया गया हो, में हिसाब में लिया जाता है.

14. प्रति शेयर अर्जन

बैंक, आधारभूत एवं डाइल्यूटेड प्रति इक्विटी शेयर अर्जन को भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा इस संबंध में जारी लेखा मानक एएस 20 (प्रति शेयर आय) के अनुसार रिपोर्ट करता है. आधारभूत प्रति शेयर अर्जन की गणना, निवल आय की उस अवधि के लिए बकाया भारित औसत इक्विटी शेयरों की संख्या से विभाजित कर की गयी है. डाइल्यूटेड प्रति शेयर अर्जन की गणना निवल आय को उस अवधि के लिए बकाया भारित औसत इक्विटी शेयरों एवं उस अवधि के दौरान डाइल्यूटिव सम्भाव्य इक्विटी शेयरों की संख्या के आधार पर की गयी है.

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं व आकस्मिक आस्तियां

भारतीय सनदी लेखकार संस्थान द्वारा इस संबंध में जारी लेखा मानक 29 (आकस्मिक देयताओं एवं आकस्मिक आस्तियों के लिए प्रावधान) के अनुसार बैंक द्वारा आकस्मिक देयताओं एवं आकस्मिक आस्तियों के लिए प्रावधान केवल विगत में हुई किसी घटना के लिए उत्पन्न हुए वर्तमान दायित्व के लिए किया जाता है. यह संभव है कि इस दायित्व के निस्तारण के लिए आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता हो और तब दायित्व निर्वहन हेतु ऐसी राशि का विश्वसनीय आकलन किया जा सकता है.

आर्थिक हित युक्त संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना के लगभग न होने की स्थिति तक आकस्मिक देयताओं को प्रकट किया जाता है.

आकस्मिक आस्तियां को वित्तीय विवरणी में दर्शाई नहीं जाता हैं क्योंकि इसके फलस्वरूप ऐसी आय के निर्धारण की संभावना बन सकती है जो कभी प्राप्त नहीं हो सकती है.

16. सेगमेंट रिपोर्ट

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तथा आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 17 के अनुपालन में बैंक व्यवसाय सेगमेंट को प्राथमिक रिपोर्टिंग सेगमेंट के रुप में और भौगोलिक सेगमेंट को द्वितीयक रिपोर्टिंग सेगमेंट के रुप में मान्यता देता है.

17. नकद एवं नकद के समतुल्य

नकद एवं नकद के समतुल्य जिसमें उपलब्ध नकदी और एटीएम में नकदी, भारतीय रिज़र्व बैंक के पास अधिशेष राशि, अन्य बैंकों के पास अधिशेष राशि और मांग तथा अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि (विदेशी मुद्रा में नकद एवं नकद के समतुल्य में प्रभावी विनिमय दरों में परिवर्तन को शामिल करते हुए) शामिल हैं.

SCHEDULE 17

SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES FOR THE YEAR ENDED MARCH 31, 2022

1 BASIS OF PREPARATION

The financial statements have been prepared under the historical cost convention unless otherwise stated. They conform to Generally Accepted Accounting Principles (GAAP) in India, which comprises statutory provisions, regulatory/ Reserve Bank of India (RBI) guidelines, Accounting Standards/ guidance notes issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) and the practices prevalent in the banking industry in India. In respect of foreign offices, statutory provisions and practices prevailing in respective foreign countries are complied with.

2 USE OF ESTIMATES

The preparation of financial statements requires the management to make estimates and assumptions considered in the reported amount of assets and liabilites (including contingent liabilites) as of date of the financial statements and the reported income and expenses for the reporting period. Management believes that the estimates used in the preparation of the financial statements are prudent and reasonable. Actual results could differ from these estimates. Any revision to the accounting estimates is recognised prospectively in the current and future periods unless otherwise stated.

3 Investments:

The Bank is following uniform methodology of accounting for investments on settlement date basis. Classification and valuation of the Bank's investments are carried out in accordance with RBI Master Circular RBI/DOR/2021-22/81 DOR. MRG.42/21.04.141/2021-22 dated August 25, 2021.

3.1 Classification

a) Basis of classification

In compliance with the Reserve Bank of India guidelines, the investment portfolio of the Bank is classified into

i) "Held to Maturity" (HTM) comprising Investments acquired with the intention to hold them till maturity.

ii) "Held for Trading" (HFT) comprising Investments acquired with the intention to trade. Securities that are held principally for resale within 90 days from the date of purchase are classified under the HFT category.

iii) "Available for Sale" (AFS) comprising Investments not covered by (a) and (b) above i.e. those which are acquired neither for trading purposes nor for being held till maturity.

For the purpose of disclosure in the balance sheet, investments are classified as disclosed in Schedule 8 ('Investments') under six groups (a) government securities (b) other approved securities (c) shares (d) bonds and debentures (e) subsidiaries and joint ventures and (f) others.

b) Cost of acquisition

Cost such as brokerage pertaining to investments, paid at the time of acquisition and broken period interest are charged to the profit & loss account as per the RBI guidelines.

c) Transfer between categories

Reclassification of investments from one category to the other, if done, is in accordance with RBI guidelines. Transfer of scrip from AFS / HFT category to HTM category is made at the lower of book value or market value. In the case of transfer of securities from HTM to AFS / HFT category, the investments held under HTM at a discount are transferred to AFS / HFT category at the acquisition price and investments placed in the HTM category at a premium are transferred to AFS / HFT at the amortized cost.

Transfer of investments from AFS to HFT or vice-a-versa is done at the book value. Depreciation carried, if any, on such investments is also transferred from one category to another.

The transfer of a security between these categories is accounted for at the acquisition cost / book value / market value on the date of transfer, whichever is the least, and the depreciation, if any, on such transfer is fully provided for.

3.2 Valuation

Investments classified as "Held to Maturity" are carried at weighted average acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortized over the period remaining to maturity. Amortization expense of premium on investments in the HTM category is deducted from interest income in accordance with RBI Master Circular RBI/DOR/2021-22/81 DOR. MRG.42/21.04.141/2021-22 dated August 25, 2021.

Investments classified as "Held to Maturity" includes debentures / bonds which are deemed to be in the nature of / treated as advances (for which provision is made by applying the Reserve Bank of India prudential norms of assets classification and provisioning applicable to Advances).

15.2 In accordance with current RBI guidelines, the general clarification issued by ICAI has been considered in the preparation of the consolidated financial statements. Accordingly, additional statutory information disclosed in separate financial statements of the parent and its subsidiaries having no bearing on the true and fair view of the consolidated financial statements and also the information pertaining to the items which are not material have not been disclosed in the consolidated financial statements in view of the Accounting Standard Interpretation issued by ICAI.

15.3 Details of Resolution plan implemented under Resolution Framework for COVID 19 related stress as per RBI circular RBI/2020-21/16 DOR.No.BP. BC/3/21.04.048/2020-21 dated 06.August 2020 (RF 1.0) and 05.05.2021 (RF 2.0) as of March 31, 2022.

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

उधारकर्ता का प्रकार Type of borrower	निपटान योजना को लागू किए जाने के परिणामस्वरूप मानक के रूप में वर्गीकृत खातों के लिए एक्सपोजर - पूर्व छमाही अर्थात् 30.09.2021 की समाप्ति पर स्थिति (ए) Exposure to accounts classified as standard consequent to implementation of Resolution Plan - Position as at the end of the Previous half-year i.e 30.09.2021 (A)	(ए) में से, सकल ऋण जो छमाही के दौरान एनपीए हो गया Of (A), Aggregate debt that slipped into NPA during the half-year	(ए) में से, छमाही के दौरान बट्टे खाते डाली गई राशि Of (A), amount written off during the half-year	(ए) में से, छमाही के दौरान उधारकर्ताओं द्वारा भुगतान की गई राशि Of (A), amount paid by the borrowers during the half-year	निपटान योजना को लागू किए जाने के परिणामस्वरूप मानक के रूप में वर्गीकृत खातों के लिए एक्सपोजर - पूर्व छमाही अर्थात् 31.03.2022 की समाप्ति पर स्थिति (ए) Exposure to accounts classified as standard consequent to implementation of Resolution Plan - Position as at the end of this half-year i.e 31.03.2022(A)
वैयक्तिक ऋण Personal Loans$	5,420.46	177.62	0.00	243.46	4,882.76
कॉर्पोरेट व्यक्ति* Corporate persons*	9,129.75	2,228.49	0.00	2,749.24	4,277.85
जिसमें से एमएसएमई Of which, MSMEs	372.77	119.90	0.00	15.55	262.87
अन्य Others	923.87	0.00	0.00	5.22	1578.17**
कुल Total	15,474.08	2,406.11	0.00	2,997.92	10,738.78

*As defined in Section 3(7) of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016

**Exposure increased due to implementation of resolution plan in one account in month of December 2021 as permitted by regulator.

$In case of Pool Accounts, the information is as provided by the originator.

$पूल खातों के मामले में, जानकारी प्रवर्तक द्वारा उपलब्ध किए गए अनुसार है.

15.4 दबावग्रस्त आस्तियों के निपटान के लिए विवेकपूर्ण फ्रेमवर्क पर भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक आरबीआई/2018-19/203 डीबीआर.सं.बीपी. बीसी.45/21.04.048/2018-19 दिनांक 7 जून, 2019 के अनुसार निपटान योजना के क्रियान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक के इस परिपत्र के पैरा 17 के अनुसार अतिरिक्त प्रावधानों की आवश्यकता शामिल है. बैंक के पास 31.03.2022 को 26 खातों में ₹ 1947.65 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान है जिसके विवरण निम्नानुसार हैं:

15.4 As per RBI circular no. RBI/2018-19/203 DBR.No.BP.BC.45/21.04.048/2018-19 dated June 7, 2019 on Prudential Framework for Resolution of Stressed Assets, guidelines for implementation of Resolution Plan has been issued, also containing requirements of additional provisions as per para 17 of this RBI circular. The Bank is holding additional provision of ₹ 1,947.65 Crores as on 31.03.2022 in 26 nos. of accounts as detailed below.

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र द्वारा प्रभावित ऋण की राशि (ए)	एनपीए के रूप में वर्गीकृत ऋण की राशि (बी)	31.03.2022 को (बी) में से एनपीए के रूप में वर्गीकृत ऋण की राशि (सी)	31.12.2021 को धारित प्रावधान (डी)	31.03.2022 को समाप्त तिमाही के दौरान किया गया अतिरिक्त प्रावधान/ (रिवर्सल) (ई)	31.03.2022 को धारित प्रावधान (एफ)
Amount of Loans impacted by RBI Circular (A)	**Amount of Loans to be classified as NPA (B)**	**Amount of Loans as on 31.03.2022 out of (B) classified as NPA (C)**	**Provision held as on 31.12.2021 (D)**	**Additional provision/ (reversal) made during quarter ended 31.03.2022 (E)**	**Provision held as on 31.03.2022 (F)**
10,221.09	9,712.67	9,712.67	4,015.92	(2,068.27)	1,947.65

15.5 भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र सं. डीबीआर.नं.बीपी.15199 / 21.04.048 / 2016-17 तथा डीबीआर.नं. बीपी.1906 / 21.04.048 / 2017-18 दिनांक 23 जून, 2017 और दिनांक 28 अगस्त, 2017 के अनुसार दिवालिया एवं दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत शामिल खातों के लिए समूह ने 31 मार्च, 2022 को कुल बकाया के 100% के रूप में कुल ₹ 7,656.31 करोड़ का प्रावधान किया है (पिछले वर्ष: कुल बकाया के 100% के रूप में ₹ 8,297.61 करोड़).

15.5 As per RBI Circular no. DBR.No.BP.15199/21.04.048/2016-17 and DBR.No.BP.1906/21.04.048/2017-18 dated June 23, 2017 and August 28, 2017 respectively, for the accounts covered under the provisions of Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), the group is holding total provision of ₹ 7,656.31 Crores being 100% of total outstanding as on March 31, 2022 (Previous Year ₹8,297.61 Crores being 100% of total outstanding).

15.6 उपलब्ध वित्तीय विवरणों और उधारकर्ताओं की घोषणाओं के आधार पर, बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र डीबीओडी.सं.बीपी. बीसी.85/21.06.200/2013-14 दिनांक 15 जनवरी 2014 के अनुसार अनहेज्ड विदेशी मुद्रा के लिए देयता का अनुमान लगाया है और 31 मार्च, 2022 तक ₹ 196.58 करोड़ का प्रावधान किया है. (पिछले वर्ष ₹ 184.10 करोड़)

15.6 Based on the available financial statements and the declarations from borrowers, the Bank has estimated the liability for Unhedged Foreign Currency in terms of RBI circular DBOD.No.BP.BC.85/21.06.200/2013-14 dated January 15, 2014 and is holding a provision of ₹196.58 Crores as on March 31, 2022 (Previous Year ₹184.10 Crores).

15.7 वर्ष के दौरान, 'बड़ौदा एसेट मैनेजमेंट इंडिया लिमिटेड' (अंतरणकर्ता कंपनी) का 'बीएनपी पारिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' (अंतरणकर्ता कंपनी) में विलय कर दिया गया है जिसका नाम बदलकर 'बड़ौदा बीएनपी पारिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' कर दिया गया है. अंतरणकर्ता कंपनी का एकल शेयरधारक होने के नाते बैंक ऑफ बड़ौदा को एनसीएलटी के आदेश के अनुसार अंतरिती कंपनी के 10,81,50,783 शेयर आवंटित किए गए हैं. एनसीएलटी के आदेश में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के बाद, 14 मार्च 2022 को विलय प्रभावी हुआ. तदनुसार, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास विलय के पूरा होने के बाद अंतरिती कंपनी में 50.10% की हिस्सेदारी है.

15.7 During the year, 'Baroda Asset Management India Limited' (Transferor Company) was merged with 'BNP Paribas Asset Management India Pvt. Ltd' (Transferee Company) which was renamed as 'Baroda BNP Paribas Asset Management India Private Limited'. Bank of Baroda being the sole shareholder of the transferor company, has been allotted 10,81,50,783 shares of the transferee company pursuant to the NCLT order. After fulfilling the conditions mentioned in NCLT order, the merger was effected on 14th March 2022. Accordingly, Bank of Baroda holds 50.10% stake in the transferee company after completion of merger.

15.8 वर्ष के दौरान 'बीएनपी परिबास ट्रस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' (अंतरणकर्ता कंपनी) का 'बड़ौदा ट्रस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' (अंतरिती कंपनी) के साथ विलय कर दिया गया है जिसका नाम अब बदलकर बड़ौदा बीएनपी पारिबास

15.8 During the year 'BNP Paribas Trustee India Private Limited' (Transferor Company) was merged with 'Baroda Trustee India Private Limited' (Transferee Company) which was renamed as Baroda BNP Paribas Trustee India Private Limited. Pursuant to the

ट्रस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कर दिया गया है. एनसीएलटी के आदेश के अनुसार, बीएनपी पारिबास एसेट मैनेजमेंट एशिया लिमिटेड (अंतरित कंपनी की धारिता) को अंतरिती कंपनी में 49,800 शेयर जारी किए गए थे. एनसीएलटी के आदेश में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के बाद, 14 मार्च 2022 को विलय प्रभावी हुआ. तदनुसार, विलय के पूरा होने के बाद अंतरिती कंपनी में बैंक ऑफ बड़ौदा की हिस्सेदारी 50.10% तक कम हो गई.

15.9 भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बेसल III फ्रेमवर्क के अंतर्गत लीवरेज अनुपात, लिक्विडिटी कवरेज अनुपात और निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर) सहित पिलर 3 प्रकटीकरण हमारी वेबसाइट ''https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/disclosures-under-basel-iii'' पर उपलब्ध है. यह प्रकटीकरण बैंक के सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा के अधीन नहीं हैं.

15.10 न्यायालय के आदेश के कारण मानक के रूप में रखे गए खातों के संबंध में प्रकटीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र संख्या 10655/21.04.048/2018-19 दिनांक 21.06.2019 निर्देशों के अनुसार, तीन खातों को न्यायालय के आदेशों के अनुसार बैंक द्वारा मानक के रूप में वर्गीकृत किया गया है जिसमें सकल बकाया ₹ 282.29 करोड़ है जिसके सापेक्ष अप्राप्त ब्याज के प्रावधान सहित आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार बैंक ने 31 अक्तूबर, 2022 तक ₹ 70.79 करोड़ का प्रावधान किया है.

उपरोक्त के अलावा, बैंक ने विवेकपूर्ण आधार पर कुछ दबावग्रस्त मानक अग्रिमों में आईआरएसीपी मानदंडों के अलावा 31.03.2022 तक ₹ 598.88 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया है.

15.11 बैंक ने 11 नवंबर, 2020 के आईबीए संयुक्त नोट के अनुसार कर्मचारियों के लिए पारिवारिक पेंशन में संशोधन के कारण ₹ 1454.41 करोड़ की राशि की अतिरिक्त देयता का अनुमान लगाया है. हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र आरबीआई/ 2021-22/ 105 डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर 2021 के द्वारा बैंकों को प्रत्येक वर्ष व्यय की जाने वाली कुल राशि के न्यूनतम 1/5 भाग के अधीन वित्तीय वर्ष 2021-22 की शुरुआत के साथ 5 (पांच) वर्ष की अवधि तक की अतिरिक्त देयता को परिशोधित करने की अनुमति दी है. बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के उक्त प्रावधान का विकल्प चुना और 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए लाभ और हानि खाते में क्रमशः ₹ 72.72 करोड़ और 290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और शेष ₹ 1163.53 करोड़ के गैर परिशोधित व्यय को आगे कैरी फॉर्वर्ड किया है. यदि बैंक ने लाभ और हानि खाते के लिए संपूर्ण अतिरिक्त देयता को प्रभारित किया होता, तो 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए शुद्ध लाभ (कर के बाद) में ₹ 870.67 करोड़ की कमी आती.

15.12 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को भुगतान

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को देय मूल राशि या ब्याज के भुगतान में देरी का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया गया है, अत: एमएसएमई को विलंबित भुगतान पर ब्याज के भुगतान के लिए प्रकटीकरण लागू नहीं है. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधित विवरण प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे और जिसे हमने आधार बनाया है.

NCLT order, BNP Paribas Asset Management Asia Limited (holding of Transferor Company) was issued 49,800 shares in the transferee company. After fulfilling the conditions mentioned in NCLT order, the merger was effected on 14th March 2022. Accordingly, Bank of Baroda's shareholding in the transferee company diluted to 50.10% after completion of merger.

15.9 In terms of RBI guidelines, Pillar 3 disclosures including leverage ratio, liquidity coverage ratio and Net stable funding ratio (NSFR) under the Basel- III framework are being made available on our website "https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/disclosures-under-basel-iii". These disclosures have not been subjected to audit by Statutory Central Auditors of the Bank.

15.10 As per directions of RBI vide letter no 10655/21.04.048/2018-19 dated 21.06.2019 disclosure with respect to accounts kept as standard due to the Court order, three accounts are classified as Standard by the Bank as per Court orders, with aggregate outstanding of ₹ 282.29 Crores against which the Bank is holding provision of ₹ 70.79 Crores as on March 31, 2022 as per IRACP norms, including provision for unrealized interest.

Apart from above, the Bank is holding additional provision of ₹ 598.88 Crores as of 31.03.2022 over and above the IRACP norms in certain stressed standard advances on prudent basis.

15.11 Bank has estimated the additional liability on account of revision in family pension for employees as per IBA Joint Note dated November 11, 2020, amounting to ₹ 1,454.41 Crores. However, RBI vide their Circular RBI/2021-22/105 DOR.ACC.REC.57/21.04.018/2021-22 dated 4th October 2021, has permitted Banks to amortize the said additional liability over a period of not exceeding 5 (five) years, beginning with financial year 2021-22, subject to a minimum of 1/5th of the total amount being expensed every year. Bank has opted the said provision of RBI, charged an amount of ₹ 72.72 Crores & ₹ 290.88 Crores to the Profit & Loss account for the quarter and FY ended 31st March 2022 respectively and the balance unamortized expense of ₹1163.53 Crores has been carried forward. Had the Bank charged the entire additional liability to the Profit and Loss Account, the net profit (after tax) for the quarter and FY ended March 31, 2022 would have been lower by ₹ 870.67 Crores.

15.12 Payment to Micro, Small & Medium Enterprises under the Micro, Small & Medium Enterprises Development Act, 2006

There have been no reported cases of delayed payments of the principal amount or interest due thereon to Micro, Small & Medium Enterprises and hence disclosure for payment of interest on delayed payments to MSME is not applicable. The details regarding Micro, Small and Medium Enterprises has been provided by the Management and relied upon by us.

15.13 भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र आरबीआई/2015-16/376 डीबीआर सं. बीपी.बीसी.92/21.04.048/2015-16 दिनांक 18 अप्रैल, 2016 के अनुसार बैंक ने चार तिमाहियों की अवधि में धोखाधड़ी के लिए देयता प्रदान करने का विकल्प चुना है. तदनुसार, 31 मार्च, 2022 तक कैरी फॉरवर्ड प्रावधान, ₹ 87.02 करोड़ (पिछले वर्ष: ₹162.91 करोड़ था) है, जिसे बैंक द्वारा आगामी तिमाहियों में परिशोधित किया जाएगा.

15.14 'अग्रिमों की पुनर्संरचना-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र' (एक बारगी पुनर्संरचना) संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक डीबीआर.सं.बीपी.बीसी 18/21.04.048/2018-19 दिनांक 01.01.2019, परिपत्रांक डीओआर.संख्या.बीपी.बीसी.34/21.04.048/2019-20 दिनांक 11.02.2020 एवं परिपत्रांक डीओआर.संख्या.बीपी.बीसी/ 4/21.04.048/2020-21 दिनांक 06.08.2020 के अनुसार, 31.03.2022 को एमएसएमई पुनर्संरचित उधारकर्ताओं के विवरण निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

खातों की संख्या	31.03.2022 को राशि
99,857	7,306.38

15.15 निपटान फ्रेमवर्क 2.0-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक डीओआर.एसटीआर. आरईसी.12/21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 एवं परिपत्रांक डीओआर.एसटीआर.आरईसी.21/21.04.048/2021-22 दिनांक 04.06.2021 के अनुसार पुनर्संरचित खातों के विवरण निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

खातों की संख्या	31.03.2022 को राशि	किया गया प्रावधान
20,802	1,765.61	209.08

15.16 "निपटान फ्रेमवर्क - 2.0: व्यक्तियों और लघु व्यवसाय के कोविड-19 संबंधी दबाव का निपटान" संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर.एसटीआर. आरईसी.11/21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 के अनुसार, ऐसे उधारकर्ता खातों की संख्या जहां संशोधन अनुमोदित और क्रियान्वित किया गया और ऐसे उधारकर्ताओं के लिए कुल एक्सपोजर निम्नानुसार हैं: -

(राशि ₹ करोड़ में)

खातों की संख्या	31.03.2022 को सकल एक्सपोजर
6,541	641.86

15.17 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र (पीएसएलसी)

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र.सं.	श्रेणी	खरीद	बिक्री
1.	पीएसएलसी सूक्ष्म उद्यम	-	1,000.00
2.	पीएसएलसी कृषि	-	-
3.	पीएसएलसी सामान्य	-	-
4	पीएसएलसी लघु एवं सीमांत किसान	3,500.00	-
5.	एमएसएमई	-	-
	कुल	**3,500.00**	**1,000.00**

15.13 As per the RBI circular no. RBI/2015-16/376 DBR No. BP.BC.92/21.04.048/2015-16 dated April 18, 2016 the Bank has opted to provide the liability for frauds over a period of four quarters. Accordingly, the carry forward provision as on March 31, 2022 is ₹ 87.02 Crores (Previous Year ₹ 162.91 Crores) which is to be amortised in the subsequent quarters by the Bank.

15.14 In accordance with RBI Circular No. DBR.No.BP. BC.18/21.04.048/2018-19 dated 01.01.2019, RBI circular No DOR. No. BP. BC. 34/21.04.048/2019-20 dated 11.02.2020 & RBI circular No DOR. No. BP. BC/4/21.04.048/2020-21 dated 06.08.2020 on 'Restructuring of Advances - Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) Sector' (One Time Restructuring), the details of MSME restructured borrowers as on 31.03.2022 is as under:

(Amount in ₹ Cr)

No of Accounts	Amount as on 31.03.2022
99,857	7,306.38

15.15 In accordance with RBI circular No DOR.STR. REC.12/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 & RBI circular No DOR.STR.REC.21/21.04.048/2021-22 dated 04.06.2021 on Resolution Framework 2.0 - Resolution of Covid-19 related stress of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs), the details of accounts restructured is as under.

(Amount in ₹ Cr)

No of Accounts	Amount as on 31.03.2022	Provision Held
20,802	1,765.61	209.08

15.16 In accordance with the RBI Cir. No. DOR.STR. REC.11/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 on "Resolution Framework - 2.0: Resolution of COVID - 19 related stress of Individuals and Small Business", the number of borrower accounts where modification were sanctioned and implemented and the aggregate exposure to such borrowers are as under:-

(Amount in ₹ Cr)

No of Accounts	Aggregate exposure as on 31.03.2022
6,541	641.86

15.17 Priority Sector Lending Certificate (PSLCs)

(Amount in ₹ Cr)

Sr. No.	Category	Purchase	Sale
1.	PSLC Micro Enterprises	-	1,000.00
2.	PSLC Agriculture	-	-
3.	PSLC General	-	-
4	PSLC Small and Marginal Farmers	3,500.00	-
5.	MSME	-	-
	Total	**3,500.00**	**1,000.00**

15.18 अनुषंगी नैनीताल बैंक लिमिटेड के मामले में, अनुषंगी और मूल प्रबंधन ने कोर बैंकिंग समाधान, ऋण हानियों का वर्गीकरण एवं पहचान और अन्य पर्यवेक्षी कार्यों के क्षेत्र में विभिन्न नियामक निर्देशों के अनुसार अपेक्षित नियंत्रण में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं. मूल बैंक का प्रबंधन समूह की वित्तीय स्थिति पर इससे उत्पन्न होने वाले किसी भी महत्वपूर्ण प्रभाव का अनुमान नहीं करता है.

15.19 बैंकों द्वारा अनुमोदित पुनर्मूल्यांकन नीति के अनुसार, अचल संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन बैंक के अनुमोदित मूल्यांकनकर्ताओं की पुनर्मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन राशि ₹ 2670.00 करोड़ से उत्पन्न अधिशेष को चालू वर्ष के दौरान "पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि" में जोड़ा गया है. साथ ही, एस-28 "आस्ति की हानि" के संदर्भ में ₹ 10.55 करोड़ लाभ और हानि खाते में डेबिट किए गए हैं, जिसमें वर्तमान मूल्य संपत्ति की लागत से कम है.

16 समेकित वित्तीय विवरण में संशोधन पर टिप्पणी

बैंक के निदेशक मंडल ने 13 मई, 2022 को आयोजित बैठक में समेकित वित्तीय विवरणों को अनुमोदित और जारी किया है. जिसमें दिनांक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता, 31 मार्च 2022 वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह एवं महत्त्वपूर्ण लेखानीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक विवरण सहित समेकित वित्तीय विवरण शामिल है. तत्पश्चात निदेशक मंडल ने दिनांक 31 मई 2022 को आयोजित अपनी बैठक में पूर्व में अनुशंसित $ 1.20 प्रति इक्विटी शेयर (60%) की तुलना में प्रति इक्विटी शेयर $ 2.85 (142.50%) के लाभांश की संस्तुति की है और समेकित वित्तीय विवरणों को तद्नुसार संशोधित किया गया है एवं निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है. वित्तीय परिणामों में संशोधन को बैंक के निदेशक मंडल के उक्त निर्णय को प्रभावी करने के लिए सीमित रखा गया है. अनुशंसित लाभांश शेयरधारकों से अपेक्षित अनुमोदन के अधीन हैं.

17 वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण के अनुरूप आवश्यक होने पर पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुन: समूहित किया गया है.

15.18 In the case of one of the subsidiary Nainital Bank Limited, the management of the subsidiary and the Parent has initiated various steps to improve the controls required as per various regulatory directions in the area of core Banking solution, classification and identification of loan losses and other supervisory functions. The management of Parent Bank does not foresee any material impact over the Group Financial position arising out of the same.

15.19 In terms of Banks approved revaluation policy, The immovable properties are revalued based on the revaluation reports of Bank's approved valuers and the surplus arising from revaluation amounts to ₹ 2670.00 Crores has been added to "Revaluation Reserve" during the current year. Also in terms of AS - 28 "Impairment of Assets" ₹ 10.55 Crores has been debited to Profit & Loss account wherein current value is less than cost of the property.

16 Note on amendments in Consolidated Financial Statements

The Board of Directors of the Bank in their meeting held on May 13, 2022, had approved and issued the Consolidated Financial Statements which comprise the Consolidated Balance Sheet as at March 31, 2022, the consolidated Profit and Loss Account, consolidated Cash Flow Statement for the year ended March 31, 2022, and Notes to the consolidated Financial Statements including Significant Accounting Policies and other explanatory information. Subsequently, the Board of Directors of the Bank in their meeting held on May 31, 2022, have recommended a dividend of $2.85 per equity share (142.50%) as against $1.20 per equity share (60%) recommended earlier and the consolidated Financial Statements have been amended accordingly and approved by the Board of Directors. The amendment in the consolidated Financial Statements has remained limited to give effect to the above said decision of the Board of Directors. The recommended dividend is subject to requisite approval from shareholders of the Bank.

17 Previous year's figures have been regrouped where necessary to conform to current year classification.

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण-पत्र
Statement of Consolidated Cash Flow for the year ended 31st March, 2022

(₹ लाखों में) (₹ in Lakhs)

				31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2022	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2021
ए.	परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह :	A.	**Cash flow from operating activities:**		
	कर पूर्व निवल लाभ		**Net Profit before taxes**	**10,15,776**	**6,46,694**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:		Adjustments for:		
	अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास		Depreciation on fixed assets	1,43,824	1,35,730
	निवेशों पर मूल्यह्रास (परिपक्व डिबेंचरों सहित)		Depreciation on investments (including on Matured debentures)	56,687	88,433
	बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋण/ अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान		Bad debts written-off/Provision in respect of non-performing assets	14,81,469	12,54,873
	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान		Provision for Standard Assets	(2,66,173)	2,18,080
	अन्य मदों के लिए प्रावधान (निवल)		Provision for Other items (Net)	1,39,780	1,26,195
	अचल आस्तियों की बिक्री से (लाभ) हानि (निवल)		(Profit)/loss on sale of fixed assets (Net)	(423)	(27,125)
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान		Payment/provision for interest on bonds	1,95,799	1,91,476
	अनुषंगियों/ अन्य से प्राप्त लाभांश		Dividend received from subsidiaries/others	(646)	-
	पूर्ण योग		**Sub total**	**27,66,093**	**26,34,356**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:		Adjustments for:		
	निवेशों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in investments	(66,04,857)	7,19,558
	अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in advances	(88,85,338)	(29,25,126)
	अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(increase)/Decrease in other assets	4,54,388	3,33,961
	उधार-राशियों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease)in borrowings	37,62,417	(25,30,846)
	जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease) in deposits	79,89,463	22,68,166
	अन्य देयताओं तथा प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease) in other liabilities and provisions	12,71,815	(55,922)
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (रिफंड का निवल)		Direct taxes paid (Net of Refund)	(1,00,788)	(5,32,852)
	परिचालन गतिविधियों से निवल नकदी (ए)		**Net cash from operating activities (A)**	**6,53,193**	**(88,705)**
बी.	निवेश संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह :	B.	**Cash flow from investing activities:**		
	अचल आस्तियों की खरीद/ अंतरण		Purchase/Transfer in of fixed assets	(3,16,288)	(2,78,605)
	अचल आस्तियों में से बिक्री/ अंतरण		Sale/ Transfer out of fixed assets	(24,225)	2,52,685
	व्यापार संबंधी निवेशों में परिवर्तन (अनुषंगी एवं अन्य)		Changes in Trade related investments (Subsidiaries & others)	(24,640)	(21,219)
	अनुषंगियों/ अन्य से प्राप्त लाभांश		Dividend received from subsidiaries/others	646	-
	निवेश संबंधी गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकदी (बी)		**Net cash used in investing activities (B)**	**(3,64,507)**	**(47,139)**

(₹ लाखों में) (₹ in Lakhs)

				31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2022	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2021
सी.	वित्तपोषण संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह :	C.	**Cash flow from financing activities:**		
	शेयर पूंजी / शेयर आवेदन पूंजी/ शेयर प्रीमियम		Share Capital /Share application money/ Share premium	-	11,016
	गैर-जमानती गौण बॉन्ड		Unsecured Subordinated Bonds	63,860	81,910
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान		Payment/provision for interest on bonds	(1,95,799)	(1,91,476)
	वित्तपोषण गतिविधियों से निवल नकदी (सी)		**Net cash from financing activities (C)**	**(1,31,939)**	**(98,550)**
	नकदी एवं नकदी समतुल्य (ए)+(बी)+(सी) में निवल वृद्धि		**Net increase in cash & cash equivalents (A)+(B)+(C)**	**1,56,747**	**(2,34,394)**
	वर्ष के आरंभ में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**Cash and cash equivalents as at the beginning of the year**	**1,28,66,113**	**1,31,00,507**
	वर्ष के अंत में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**Cash and cash equivalents as at the end of the year**	**1,30,22,860**	**1,28,66,113**

	टिप्पणी:	**Notes:**			
1	नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंक के पास नकदी, भा.रि.बैं. तथा अन्य बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि शामिल है.	1	Cash & Cash equivalents includes Cash on hand, Balance with RBI & Other banks and Money at call and Short Notice.		
2	नकदी तथा नकदी समतुल्य के घटक	2	Components of Cash & Cash Equivalents	**31 मार्च, 2022 को As on 31st March 2022**	31 मार्च, 2021 को As on 31st March 2021
	भा.रि.बैं. के पास नकदी एवं शेष राशि		Cash & Balance with RBI	56,77,494	40,15,372
	बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि		Balances with Banks and Money at Call and Short Notice	73,45,366	88,50,741
	कुल		**Total**	**1,30,22,860**	**1,28,66,113**

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सदस्यगण
समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

1. हमने **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** (''मूल संस्था''/''बैंक'') और इसकी अनुषंगियों (मूल संस्था और इसकी अनुषंगी कंपनियां "समूह" के रूप में संदर्भित), इसकी सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2022 का समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समाप्त वर्ष हेतु समेकित नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य विवरणात्मक जानकारी सहित समेकित वित्तीय विवरणियों (इसमें ''**समेकित वित्तीय विवरण**'' के रूप में संदर्भित) संबंधी नोट का समावेश है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं-

ए) बैंक के लेखा परीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण;

बी) 7 विदेशी अनुषंगियों, 2 घरेलू अनुषंगियों, 1 घरेलू संयुक्त उद्यमों, 1 विदेशी संयुक्त उद्यम, 3 घरेलू सहयोगी संस्थाओं और 1 विदेशी सहयोगी के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण.

सी) 7 घरेलू अनुषंगियों (विलय के कारण एक बंद अनुषंगी सहित) के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी.

हमारी राय एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार तथा प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करवाए गए अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के अलग-अलग वित्तीय विवरणों, अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और अनुषंगियों एवं सहयोगियों की अन्य वित्तीय सूचनाओं के आधार पर उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के प्रावधानों, समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों, दिशानिर्देशों एवं निदेशों (आरबीआई दिशानिर्देश) तथा लागू लेखांकन मानकों के अनुसार समूह, उनकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के लिए यथाअपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराते हैं जिससे कि वे भारत में समान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हों और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) 31 मार्च, 2022 तक समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों से संबंधित समेकित तुलन पत्र के मामले में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण;

बी) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ एवं हानि खाते के मामले में समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों का वास्तविक लाभ; और

सी) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण के मामले में समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण.

राय हेतु आधार

2. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा-परीक्षा मानकों (एसए) के अनुसार की है. उन लेखा-परीक्षा मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखा परीक्षकों के उत्तरदायित्व अनुभाग में विस्तृत रूप से वर्णित है. हम उन नैतिक आवश्यकताओं के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी ''नैतिक आचरण संहिता'' के अनुसार समूह, उनकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों से स्वतंत्र हैं जो भारत में समान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक होने के साथ लागू लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार हमारे लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन आवश्यकताओं के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है. हमारा विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं वे हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं.

विषयवस्तु का प्रभाव

3. हम आपका ध्यान निम्नलिखित की ओर आकर्षित करते हैं:

ए) अनुसूची 19 की नोट संख्या 8 जिसमें नोवल कोरोना वायरस (कोविड 19) के प्रकोप के कारण अनिश्चितताओं और बैंक के व्यवसाय परिचालन पर इसके प्रभावों के प्रबंधन के मूल्यांकन का वर्णन है.

बी) अनुसूची 19 की नोट नं. 14.7, जो ₹ 1454.41 करोड़ की पारिवारिक पेंशन की राशि में संशोधन के कारण अतिरिक्त देयता के परिशोधन के संबंध में है. बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाते में ₹ 290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹ 1163.53 करोड़ के अपरिशोधित व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक की परिपत्र सं. आरबीआई/2021-22/105डीओआर.एसीसी. आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर, 2021 के अनुसार शामिल किया है.

सी) अनुसूची 19 की नोट सं. 14.9 जो दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान पहचान किए गए कुछ धोखाधड़ी खातों से संबंधित ₹ 87.02 करोड़ के प्रावधानों के आस्थगन से संबंधित है और भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर नं. बीपी.बीसी. 92121.04.048/ 2015-16 दिनांक 18 अप्रैल, 2016 के संबंध में अगली तिमाहियों में लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किए जाने हैं.

डी) अनुसूची 19 की नोट सं. 15.20 बैंक के निदेशक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसरण में समेकित वित्तीय विवरणों में संशोधन से संबंधित हैं. हमने दिनांक 13 मई, 2022 को समेकित वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी की है जिनमें 31 मार्च, 2022 का तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाता, 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण और महत्त्वपूर्ण लेखा नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक विवरणों सहित समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी शामिल हैं जिन्हें बैंक के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 13 मई, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है. बैंक के निदेशक मंडल ने अब लाभांश भुगतान में वृद्धि की सिफारिश की है और तद्नुसार समेकित वित्तीय विवरणों को उस सीमा तक संशोधित किया गया है और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा 31 मई, 2022 को आयोजित अपनी बैठक में

अनुमोदित किया गया है. बाद की इन गतिविधियों के संबंध में हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं केवल निदेशक मंडल के निर्णय के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों में संशोधन तक ही सीमित हैं.

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में संशोधन नहीं है.

लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे

4. हमारे पेशेवर निर्णय के अनुसार लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे वे मुद्दे हैं जो चालू अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे. इन मुद्दों को समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में और इसमें हमारी राय बनाने में पूर्ण उल्लेख किया गया था तथा हम इन मुद्दों में अलग से राय नहीं देते हैं. हमने नीचे वर्णित मामलों को संबंधित संघटक लेखा परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट किए गए लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के साथ-साथ प्रिंसिपल लेखा परीक्षकों द्वारा निर्धारित किए गए लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के रूप में निर्धारित किया है, जो हमारी राय में महत्वपूर्ण हैं.

I. अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की गणना, गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 9 का संदर्भ लें)

बैंक का निवल अग्रिम कुल आस्तियों का 60.81% है, जो वित्तीय विवरणों का एक महत्वपूर्ण भाग है. ये अन्य बातों के साथ-साथ आय की गणना, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान (आईआरएसी) मानदंडों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों और निदेशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों को छोड़कर, अग्रिमों के निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) में वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करते हैं. विदेशों में अग्रिमों का वर्गीकरण और उनके लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हों, के अनुसार किया जाता है. बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसी मानदंडों के आधार पर करता है.

निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धति स्थापित करना शामिल है. बैंक अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात् कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का रख- रखाव करता है जो इस बात की भी पहचान करता है कि अग्रिम निष्पादक है या गैर-निष्पादक.

भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान संबंधी विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अलावा, बैंक के पास अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान करने के लिए भी कुछ नीतियां हैं.

यदि व्यक्तिगत या समेकित रूप से आईआरएसी मानदंडों का उचित रूप से अनुपालन नहीं किया गया है तो इन अग्रिमों के वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) की अधिक गलत बयानी हो सकती है.

साथ ही, आहरण शक्ति की गणना, प्रतिभूति मूल्यांकन के लिए अन्य पक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और ब्याज आय के निर्धारण के कारण अनर्जक अग्रिमों के लिए ऋणकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर निर्भरता के कारण हमने उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है.

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया

हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान करने और उनके लिए प्रावधान हेतु बैंक की प्रणाली का मूल्यांकन किया. हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल परीक्षण निम्नानुसार शामिल थे:

ए) हमने अनर्जक आस्तियों के निर्धारण, प्रावधान के निर्धारण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और इससे संबंधित बैंक की नीतियों के अनुपालन में सम्मिलित प्रणाली में स्थापित नियंत्रणों, चेक और बैलेंस के बारे में बैंक से जानकारी हासिल की और तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई.

बी) हमें आवंटित शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आईआरएसी मानदंड के अनुसार आय की पहचान, निष्पादक और अनर्जक अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता की हमने जांच की. हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य घरेलू और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों पर भी भरोसा किया है.

सी) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता की जांच की गई.

डी) समय-समय पर जारी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधान की जांच की गई.

ई) एनपीए की पहचान और भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन के अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया.

एफ़) भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार वर्ष के दौरान बैंक द्वारा क्रियान्वित आस्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है.

जी) हमने एनपीए की पहचान और उसके संबंध में प्रावधान हेतु सीबीएस में अंतर्निहित बिज़नेस लॉजिक/ मानदंडों के संबंध में आईटी सिस्टम लेखापरीक्षा विशेषज्ञों की रिपोर्ट पर भी विश्वास किया है.

एच) हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों का विधिवत सुधार करना सुनिश्चित किया गया.

II. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण

बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणाली कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और सीबीएस से जुडी या स्वतंत्र रूप से संचालित अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कार्य करने पर पर अत्यधिक निर्भर हैं.

हमारा ध्यान सिस्टम में फीड करने, माइग्रेट किए गए डेटा की सत्यता, डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता, एक्सेस प्रबंधन और ड्यूटी के विभाजन के तर्क पर केन्द्रित रहा है. ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि एप्लिकेशन और डेटा में परिवर्तन उचित, अधिकृत, स्पष्ट और निगरानी में हैं, ताकि सिस्टम सटीक और

विश्वसनीय रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी तैयार कर सके जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए उपयोग में लायी जाती हैं.

वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का प्रयोगा किया जाता है. बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं दैनिक आधार पर व्यापक वॉल्यूम में जनरेट करती हैं और विविध एवं जटिल लेनदेन की प्रक्रिया संपादित करती हैं जो आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर हैं. एक ऐसा जोखिम हो सकता है कि स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाओं और संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को सटीक रूप से डिजाइन और प्रभावी ढंग से परिचालित नहीं किया गया हो. अतः इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना जाता है.

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया

हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में प्रमुख आईटी एप्लिकेशनों का मूल्यांकन और पहचान शामिल है और टेस्ट परीक्षण के आधार पर सिस्टम से जनरेट की गई रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी के आधार पर आईटी सिस्टम की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता की पुष्टि, परीक्षण और समीक्षा करना शामिल है. हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक के आईटी नियंत्रित वातावरण, आईटी नीतियों के दृष्टिकोण को समझा.

बी) यूज़र एवं एप्लिकेशन नियंत्रण, चेंज मैनेजमेंट नियंत्रण और डेटा बैकअप से संबंधित आईटी सामान्य नियंत्रणों का परीक्षण करना.

सी) जहां हमने अतिरिक्त प्रक्रियाओं को करने का निर्णय लिया, वहां हम मैन्युअल कंपंसेटिंग नियंत्रणों पर निर्भर रहे जैसे कि प्रणालियों और सूचना के अन्य स्त्रोतों के बीच सामंजस्य या अतिरिक्त जांच करना; पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने नमूने के आकार को विस्तार दिया है.

डी) सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखापरीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियां (एमओसी) पर भरोसा किया गया.

ई) बाह्य वेंडरों की निरीक्षण रिपोर्ट पर भरोसा जहां कहीं भी उपलब्ध कराया गया है.

III **निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनसूची 18 के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची 8)**

इस निवेश में विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंक द्वारा किए गए निवेश शामिल हैं.

निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 24.71% है. ये भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा नियंत्रित होते हैं. भारतीय रिज़र्व बैंक के इन निर्देश में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की तदनुरूपी अमान्यता और इसके प्रति प्रावधान शामिल हैं.

गैर-उद्धत निवेशों और कमजोर कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन बाजार में उतार-चढ़ाव, बेहतर कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है.

तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधानों पर केंद्रित रही.

उपरोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है, जिसमें विभिन्न स्त्रोतों जैसे एफ़आईबीआईएल दरें, बीएसई/ एनएसई द्वारा उद्धत दरें, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से डेटा / सूचना का संग्रहण शामिल है.

मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, धारित निवेश और विनियामक फोकस की गंभीरता में शामिल निर्णय सीमा और जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मुद्दे के रूप में निर्धारित किया गया है.

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारतीय रिज़र्व बैंक) के परिपत्रों/ निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा संबंधी दृष्टिकोण में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और मूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है.

ट्रेजरी की लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित पर केंद्रित है -

ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है ;

बी) धारित निवेश के चयनित नमूने के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनः कार्यनिष्पादन कर मूल्यांकन संबंधी दिशानिर्देश के साथ इनकी सटीकता और अनुपालन की जांच की है. नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया कि निवेश की सभी श्रेणियां (प्रतिभूति के स्वरूप के आधार पर) नमूनों में शामिल हैं;

सी) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर गैर-उद्धृत निवेशों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन परीक्षण किया गया है.

डी) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया और आय के सापेक्ष रिवर्सल एवं प्रावधानों के सृजन का आकलन और मूल्यांकन किया है;

ई) हमने स्वतंत्र रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों के अनुसार प्रदान किए जाने वाले प्रावधान को बनाए रखने और मूल्यह्रास की फिर से गणना करने के लिए महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया है. तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई संबंधित परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधानों की पुन: गणना की है;

IV. **कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को कर्ज के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 15 के साथ पठित अनुसूची 12):**

बैंक ने उक्त के पेटे दायर दावों पर प्रश्न उठाए हैं जिनमें कर और गैर कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले शामिल हैं जो विभिन्न न्यायालयों में/ मंचों पर लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं. प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित आउट फ्लो का मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है.

प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है. बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक और स्वतंत्र कर सलाहकारों के परामर्श, जहाँ भी आवश्यक हो, से समर्थित है. तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं.

हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के अनुपालन की आवश्यकता होती है. तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों का विश्लेषण करने और संबद्ध निर्णय/ विधिक व्याख्या पर केंद्रित थी.

लेखा परीक्षक की प्रतिक्रियाएं

मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया

ए) हमने डिजाइन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है और कर संबंधी मुकदमे के मामलों के संदर्भ में प्रबंधन के नियंत्रणों की प्रभावशीलता की जांच की है.

बी) हमने विवादों के संभावित आउटफ्लो और संभावित निष्कर्षों के अनुमान के लिए प्रबंधन की अंतर्निहित धारणा की समीक्षा की है. इन अनिश्चित कर/ कर से इतर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय विधिक अधिमानों और अन्य नियमों पर विचार किया गया है.

सी) इसके अलावा, संभावित आउटफ्लो के लिए प्रबंधन के निर्णयों, औद्योगिक स्तर की विवेचना और अनुमानों तथा ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में कंपनी के आंतरिक विशेषज्ञों के मतों को हमने आधार बनाया है.

डी) कर से इतर महत्वपूर्ण विवादित मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा किए गए चयनित मुख्य संप्रेषणों, आंतरिक/बाह्य विधिक मतों/ परामर्शों को पढ़ा और विश्लेषित किया है.

ई) बैंक/ अन्य कॉर्पोरेट के ऐसे समान मामलों में जहां कहीं भी विधिक निर्णय उपलब्ध थे उन्हें समीक्षित और सत्यापित किया गया है.

एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा की और प्रावधानों के अनुमान में प्रबंधन के अंतर्निहित मुख्य धारणाओं का मूल्यांकन किया है.

जी) कर से इतर विवादित मामलों में संभावित निष्कर्ष के प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया है और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णय को आधार बनाया है.

5. अन्य मामले

ए) हमने 9 अनुषंगियों और 2 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2022 तक ₹ 38,736.39 करोड़ की कुल आस्ति, ₹ 3201.58 करोड़ के कुल राजस्व और 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 1286.33 करोड़ का निवल नकदी आउटफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है. समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समूह का ₹ 232.75 करोड़ के निवल लाभ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि 4 सहयोगियों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, जिनके वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं की गई है. इन वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक यह इन अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित है, पूरी तरह से ऐसे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है.

विदेशी अनुषंगियों के मामले में, वित्तीय सूचना उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार की गई है और उनके संबंधित देशों में लागू सामान्यत: स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के तहत अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित की गई है. कंपनी के प्रबंधन ने ऐसी अनुषंगियों की वित्तीय सूचना को उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों से भारत में सामन्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों में रूपांतरित किया है और इन रूपांतरण समायोजनों की अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है. जहां तक भारत के बाहर स्थित ऐसी अनुषंगियों के बकाया शेष का संबंध है, हमारी राय अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी के प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित रूपांतरण समायोजन पर आधारित है.

बी) हमने 7 अनुषंगियों (समामेलन के कारण बंद एक अनुषंगी सहित) के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2022 तक ₹ 28,357.48 करोड़ की कुल आस्ति, ₹ 3724.61 करोड़ के कुल राजस्व और दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 47.11 करोड़ के निवल नकदी आउटफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है. ये वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और हमें प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए हैं और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक इन अनुषंगियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण का संबंध है, पूरी तरह से ऐसे अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं पर आधारित है. हमारी राय में तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, ये वित्तीय विवरण/ वित्तीय सूचना समूह के लिए प्रासंगिक नहीं है.

सी) वित्तीय विवरणों में संशोधन के संबंध में अनुसूची 19 की नोट सं.

15.20 के अनुसरण में, यह रिपोर्ट 13 मई, 2022 को जारी हमारी पिछली रिपोर्ट के बदले में जारी की गई है.

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय और नीचे दी गई अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपरोक्त मामलों के संबंध में किए गए कार्यों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर हमारी निर्भरता के संबंध में संशोधित नहीं है.

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है.

समेकित वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य जानकारियां

6. बैंक का निदेशक मण्डल अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है. अन्य जानकारी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें समेकित वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है) शामिल है, जो हमें लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयरधारकों की जानकारी जारी होने के समय प्राप्त होती है तथा जिसे इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है.

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी और बासेल III के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण को कवर नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं देंगे.

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त निर्धारित अन्य जानकारी का अध्ययन करना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी वस्तुत: असंगत है या हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के समय या अन्यथा प्राप्त जानकारी वस्तुतः गलत प्रतीत होती है.

यदि अन्य जानकारी जो कि लेखा परीक्षा की तारीख से पहले प्राप्त हो चुकी थी और हमारे द्वारा उस पर निष्पादित कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अन्य जानकारियों में वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां शामिल हैं, तो हमें तथ्यों को रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता होगी. इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं करना है.

